| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71,731.42 |
| निफ्टी | 21,771.70 |
| सोना | 57,950 |
| चांदी | 75,200 |
| डॉलर | 83.07 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
मंगलवार 06 फरवरी 2024
माघ कृष्ण 12 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 136
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने जारी की सख्त गाइडलाइन

# न रैलियों में, न पोस्टर में... चुनाव प्रचार में नहीं दिखेंगे बच्चे

## एडवाइजरी में कहा- रैली से दूर रखें, न गोद में उठाएं और न गाड़ी में बैठाएं

नई दिल्ली। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार में बच्चों और नाबालिग को शामिल न करने की हिदायत दी है। आयोग ने सख्य निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि आम चुनाव में प्रचार के पर्चे बांटते हुए, पोस्टर चिपकाते हुए, नारे लगाते हुए या पार्टी के झंडे बैनर लेकर चलते हुए बच्चे या नाबालिग नहीं दिखने चाहिए।। आयोग ने कहा कि राजनीतिक नेता और उम्मीदवार प्रचार के दौरान बच्चों को गोद में लेने और गाडियों में में न बैठाएं, न उनको रैली में शामिल करें।

चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव संबंधी कार्यों या चुनाव अभियान गतिविधियों में बच्चों को शामिल करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस गाइडलाइन में किसी भी तरीके से बच्चों का राजनीतिक अभियान में शामिल करना, जिसमें कविता पाठ करना, गीत, नारे या बच्चों के द्वारा बोले गए शब्द या फिर उनके द्वारा किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्हों का प्रदर्शन करना शामिल है। चुनाव अभियान संबंधी गतिविधियों में बच्चों को शामिल करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।




### कविता पढ़वाने और भाषण पर भी रोक

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि यह प्रतिबंध कविता, गाने, बोले गए शब्दों, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह के इस्तेमाल के अलावा किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों के उपयोग पर भी लागू होगा। हालांकि, किसी बच्चे के माता-पिता या अभिभावक राजनेता के करीबी हैं और वे अपने साथ बच्चे को ले जाते हैं तो इसे दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा, बशर्ते वे उनकी पार्टी के चुनाव प्रचार में शामिल न हों। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों से संसदीय चुनावों में लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में की भी अपील की है।

### गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

आयोग ने कहा कि अगर कोई भी दल अपने चुनाव प्रयास में बच्चों को शामिल करते हुए पाया गया तो बाल श्रम से संबंधित सभी अधिनियम, कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी को कार्रवाई करने के जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, किसी राजनीतिक नेता के आसपास अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की मौजूदगी को चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं किया गया है और न ही इस गाइडलाइन का उल्लंघन माना जाएगा। आयोग ने बच्चों से प्रचार कराने पर पकड़े जाने पर कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) द्वारा संशोधित बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक है।

### राजनीतिक दल न दें अनुमति

आयोग ने अपनी गाइडलाइन में बॉम्बे हाईकोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संशोधित अधिनियम, 2016 का सभी राजनीतिक दलों को बच्चों को चुनाव प्रचार शामिल न करना सुनिश्चित करें और दल अपने उम्मीदवारों को इसकी अनुमति न दें।

### माता पिता के साथ बच्चे की उपस्थित पर दिक्कत नहीं

आयोग ने बच्चों को लेकर जिन अन्य एक्टिविटीज पर रोक लगाई है उसमें कविता, गीत, बोलचाल के माध्यम से किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान चलाना, राजनीतिक दल, उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन, विचारधारा का प्रदर्शन शब्दों के माध्यम से कराना या आलोचना कराना भी शामिल है। हालांकि आयोग ने कहा है कि अपने माता-पिता के साथ एक बच्चे की उपस्थिति मात्र या किसी राजनीतिक नेता के निकट अभिभावक और जो किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं है उसके द्वारा चुनाव प्रचार गतिविधियों को दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

### कानूनी कार्यवाही की भी चेतावनी

आयोग ने यह भी कहा है कि इस दिशा निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर कानूनी कार्यवाही उम्मीदवार या राजनीतिक दल के विरुद्ध की जा सकेगी। सभी राजनीतिक दलों को स्पष्ट किया जाता है कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) का कड़ाई से पालन करें। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 द्वारा भी इसको लेकर स्थिति साफ की गई है। साथ ही निर्देशों में मुंबई उच्च न्यायालय ने के 4 अगस्त 2014 में जनहित याचिका सं 2012 का 127 (चेतन रामलाल भुटाड़ा बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य) का जिक्र भी किया गया है जिसमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया था कि राजनीतिक दल चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि में नाबालिग बच्चों की भागीदारी अनुमति न दें।

### अफसर भी एक्शन के दायरे में

आयोग ने सभी चुनाव अधिकारियों और मशीनरी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि चुनाव संबंधी कार्य के दौरान किसी भी गतिविधि में बच्चों को शामिल करने से बचें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी व्यक्तिगत इस तरह के मामलों में प्रासंगिक कार्रवाई और बाल श्रम कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी खुद वहन करेंगे। उनके अधीनस्थ क्षेत्राधिकार में चुनाव मशीनरी द्वारा इन प्रावधानों का कोई भी उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्षी इंडिया गठबंधन पर बोला हमला, कहा

# जो लूटा है वो लौटाना होगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद में राष्टपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जहां संविधान का राज है, जहां लोकतंत्र है, वहां ऐसी बातें लंबी नहीं चल सकती हैं। जांच करना एजेंसियों का काम है, एजेंसियां स्वतंत्र रहती हैं। जज करने का काम न्यायाधीशों का है। वे अपना काम कर रहे हैं। जिसको जितना जुल्म करना है, कर ले, मेरी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। देश को लुटने नहीं दिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि पीएमएलए एक्ट में हमने दो गुने से अधिक केस दर्ज किए। कांग्रेस के समय ईडी ने पांच हजार करोड़ की संपत्ति जब्त की, हमारे समय में एक लाख करोड़ की संपत्ति जब्त की जिनका माल पकड़ा जाता हो, नोटों के बंडल पकड़े जाते हों, देश ये सब देखकर चौक जाता है।

उन्होंने विपक्षी इंडिया गठबंधन को भी निशाने पर लिया जो कथित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव से पहले ही बिखर चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं है। पीएम मोदी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि विपक्ष ने भानुमति का कुनबा जोड़ा लेकिन फिर एकला चलो रे करने लगे। पीएम मोदी ने कहा कि ये विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया है। ईश्वररूपी जनता के आशीर्वाद से ये अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे। मोदी ने कहा कि अबकी बार 400 पार, ये बात देश ही नहीं खडगेजी भी बोल रहे हैं। जनता भाजपा को 370 सीटें जरूर देगी।

### हमारे लिए नेशन फर्स्ट है

पीएम ने कहा कि हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। मैं सभी राजनीतिक दलों से सभी सदस्यों से अपील करता हूं- देश से बढक्र कुछ नहीं। कंधे से कंधा मिलाकर हम देश के



निर्माण के लिए आगे बढ़ें। मैं आपका साथ मांग रहा हूं। मैं विश्व के अंदर जो अवसर आया है, उसे भुनाने के लिए आपका साथ चाहता हूं। लेकिन आप अगर साथ नहीं दे सकते, आपका हाथ ईट फेंकने के लिए ही है, तो आपको बता दूं कि आपके फेंकी हर ईट पत्थर को विकसित भारत की नींव में लगा दूंगा। ये नामदार है, हम कामदार हैं। कामदारों के नामदारों से सुनना ही पड़ता है। हम सुनते भी रहेंगे और देश को आगे बढ़ाते रहेंगे।

### देश में अलग देश की वकालत होती है

प्रधानमंत्री ने कहा कि खुलेआम देश में अलग देश की वकालत करने वाले, जोडने् की बातें छोड़ो तोडने् की बात करते हैं। इतने टुकड़े करने के बाद भी आप कितने टुकड़े करना चाहते हैं। इसी सदन में कश्मीर की बात होती थी, चिंता का स्वर निकलता था, आज जम्मू कश्मीर में अभूतपूर्व विकास की चर्चा हो रही है। पर्यटन बढ़ रहा है। जी20 समिट होती है वहां, विश्व सराहना कर रहा है। 370 हटने से कश्मीर खुश है, यह दरार किसने डाली। नेहरू जी का नाम लेने पर उन्हें बुरा लगेगा, लेकिन कश्मीर की समस्या के मूल में वे ही थे। कश्मीर के लोगों को नेहरू जी की गलतियां की सजा चुकानी पड़ी।

## खास खबर

### पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलेंगे सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आप नेता मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी है। इस दौरान डॉक्टर भी उसने मिल सकेंगे। यह व्यवस्था कोर्ट के अगले आदेश तक जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया की नियमित जमानत पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 की जाएगी। दिल्ली के शराब नीति घोटाले में मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 1 मार्च 2023 को दिल्ली के डिप्टी ष्टरू पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें तिहाड़ जेल में कैद हुए 341 दिन हो चुके हैं। 30 अक्टूबर 2023 को उनकी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी।

### हेट स्पीच देने वाला धर्मगुरु गिरफ्तार

मुंबई। भडक़ाऊ भाषण केस में आरोपी मुफ्ती सलमान अजहरी को रविवार को गुजरात एटीएस दो दिन के ट्रांजिट रिमांड पर जूनागढ़ ले गई। मौलाना पर 31 जनवरी को जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान भडक़ाऊ भाषण देने के आरोप में हिन्दू संगठनों ने केस दर्ज करवाया था। गुजरात एटीएस ने मुंबई की एक अदालत में मुफ्ती सलमान अजहरी की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने रविवार शाम को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उसे घाटकोपर पुलिस थाने लाया गया था।

### 15 फरवरी से शुरू होगी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

नई दिल्ली । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 5 फरवरी को सीबीएसई कक्षा 10, 12 के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। हॉल टिकट निजी उम्मीदवारों के लिए जारी किया गया है और छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीबीएसई कक्षा 10, 12 की परीक्षा 15 फरवरी से 2 अप्रैल, 2024 तक आयोजित होने वाली है। सीबीएसई कक्षा 10, 12 एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए, निजी छात्रों को आधिकारिक पर जाना होगा और आवश्यक क्रेडेंशियल के रूप में पंजीकरण संख्या या रोल नंबर और जन्म तिथि जैसे लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करना होगा। उसके बाद सीबीएसई कक्षा 10, 12 हॉल टिकट 2024 डाउनलोड के लिए स्क्रीन पर दिखाई देगा। एक बार हो जाने के बाद, एडमिट कार्ड पीडीएफ को सेव करें और परीक्षा के दिन ले जाने के लिए इसकी एक हार्ड कॉपी लें। वहीं, इस वर्ष बोर्ड ने अकाउंटेंसी विषय में प्रदान की जाने वाली उत्तर पुस्तिकाओं को खत्म करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई ने छात्रों को कोई समग्र डिवीजन, डिस्टिंक्शन या एग्रीगेट पुरस्कार नहीं देने का भी निर्णय लिया है। बोर्ड ने पिछली बार भी टॉपर लिस्ट नहीं जारी की थी।

### जाकिर हुसैन व शंकर महादेवन के 'दिस मूमेंट को मिला ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024

नई दिल्ली। संगीत के क्षेत्र में दिया जानेवाला सबसे बड़ा अवार्ड इस बार भारतीय कलाकारों ने हासिल किया है। जानकारी के अनुसार मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति ने 'दिस मूमेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने डीडीए से अखुंदजी मस्जिद को तोड़ने पर मांगा स्पष्टीकरण

### भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के 1922 के प्रकाशन में सूचीबद्ध

महरौली। महरौली में अखुंदजी मस्जिद का निर्माण कब हुआ, इस बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं है। लेकिन मस्जिद को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के एक अधिकारी द्वारा 1922 के प्रकाशन में सूचीबद्ध किया गया था, जिसने दर्ज किया था कि हालांकि इसके निर्माण की तारीख अज्ञात थी। मस्जिद की मरम्मत 1270 एएच (1853-4 ईस्वी) में की गई थी। और यह एक पुरानी ईदगाह के पश्चिम में स्थित है जो 1398 ईस्वी में तैमूर के भारत पर आक्रमण के समय अस्तित्व में थी। 30 जनवरी को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने आरक्षित वन क्षेत्र संजय वन में अखूंदजी मस्जिद और एक मदरसे को अवैध संरचना बताकर तोड़ दिया। डीडीए ने कहा कि धार्मिक प्रकृति की अवैध संरचनाओं को हटाने की मंजूरी धार्मिक समिति द्वारा दी गई थी, जिसकी जानकारी 27 जनवरी की बैठक के मिनट्स के जरिए दी गई थी।

31 जनवरी को दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीडीए से स्पष्टीकरण मांगा कि उसने किस आधार पर मस्जिद को ध्वस्त किया, और क्या विध्वंस कार्रवाई करने से पहले कोई पूर्व सूचना दी गई थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने डीडीए को एक हफ्ते के अंदर जवाब देने को कहकर अगली सुनवाई 12 फरवरी को तय की है। इतिहासकारों और कार्यकर्ताओं का कहना है कि संजय वन को 1994 में ही आरक्षित वन क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया था, तब पुरानी मस्जिद अतिक्रमण कैसे हो सकती है।

संजय वन पर डीडीए के अपने दस्तावेज में कहा गया है कि संजय वन दिल्ली के महरौली/दक्षिण मध्य रिज का एक हिस्सा है। इस विरासत को संरक्षित करने और हरित पट्टी में विकसित करने के लिए 70 के दशक में डीडीए ने 784 एकड़ के क्षेत्र को बनाया था जिसे अब संजय वन कहा जाता है। 1922 में प्रकाशित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहायक अधीक्षक मौलवी जफर हसन द्वारा लिखित मुहम्मडन और हिंदू स्मारकों की सूची, खंड तीसरे के अनुसार, अखूंदजी की मस्जिद ईदगाह के पश्चिम में लगभग 100 गज की दूरी पर थी। यह तब अस्तित्व में आया जब 1398 ई. में तैमूर ने भारत पर आक्रमण किया।

## हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, ईडी 9 फरवरी तक देगी जवाब

रांची। जमीन घोटाले में गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिली है। अब ईडी को 9 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का समय दिया गया है। इससे सोरेन की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। बता दें कि हेमंत सोरेन को इस केस में रांची हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। सोरेन की ओर से उनकी गिरफ्तारी एवं पुलिस रिमांड को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रीट याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। इस मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखते हुए मामले की सुनवाई जल्द करने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने इस मामले में ईडी को 9 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी निर्धारित कर दी है। हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन द्वारा उनकी गिरफ्तारी एवं रिमांड का हस्तक्षेप करने वाली याचिका को स्वीकार करते हुए उसे सुनने की अनुमति दे दी। इससे पहले ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास की ओर से कहा गया कि नए तथ्य के आने के बाद उन्हें सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए दिया जाए। इस पर इस पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अगली सुनवाई 12 फरवरी निर्धारित की। गौरतलब है कि अभी हेमंत सोरेन कोर्ट के आदेश के बाद पांच दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर हैं। हेमंत सोरेन सोमवार को विधानसभा में हो रहे फ्लोर टेस्ट में भी शामिल होने विधानसभा में पहुंचे हैं।

## पेपर लीक पर सरकार ने किया विधेयक पेश, हर कोई बोला-जरूरी था

नई दिल्ली। यूपीएससी, नीट, जेईई से लेकर देश में हर बड़ी प्रतियोगी परीक्षा में पेपर लीक होने पर मेहनती छात्रों के लिए मुसीबत हो जाती है। उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है, ऐसे में पेपर लीक समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथान) विधेयक 2024 पेश किया है। इस पर हर कोई ने इसे जरूरी करार दिया है। बीते पांच साल से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे राजस्थान के रहने वाले अभ्यर्थी धीरज विश्नोई कहते हैं कि पेपर लीक एक ऐसी खाई है जिसमें हमारे सपने, उम्मीदें और उम्र सब डूब जाते हैं। वो कहते हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टकी होती है। हम परीक्षार्थी के तौर पर जिस पर भरोसा करके अपने कई साल की मेहनत, त्याग, माता-पिता की कमाई और कठिन परिश्रम लगाते हैं।

उन्होंने कहा कि लाखों छात्र परीक्षाओं की तैयारी के लिए छोटी-सी उम्र में अपना घर छोड़ देते हैं। ऐसे में सरकार की ओर से सख्त कानून बहुत जरूरी हो जाता है। इधर कोटा में लंबे समय तक कोचिंग शक्षिक रहे शशा प्रकाश सिंह कहते हैं कि पेपर लीक जैसी घटनाएं परीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं। इससे न सिर्फ छात्र बल्कि टीचर्स की मेहनत बर्बाद होती है और उम्मीदें टूटती हैं। कुछ लालची चंद पैसों की खातिर युवाओं में अवश्विास पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में लोक परीक्षा बिल 2024 की वाकई बहुत जरूरत है। इससे परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों को सौ बार सोचना पड़ेगा क्योंकि पकड़े जाने पर उन्हें 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना झेलना पड़ सकता है। वहीं दिल्ली के जाने माने स्कूल में गणति शक्षिक राजीव झा कहते हैं कि इस तरह के बिल आने से बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा। ये कानून पेपर लीक माफियाओं पर अंकुश लगाएगा। वहीं दिल्ली पेरेंट्स ऐसोसिएशन की अपराजिता गौतम कहती हैं कि कई पेरेंट्स अपने जीवन की सारी जमापूंजी बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगा देते हैं। सरकार भी इसकी शुचिता बनाए रखने के लिए नियामक एजेंसियों के जरिये मोटी रकम निवेश करती है, फिर भी इस पर रोक नहीं लग सकी। कई राज्यों में पेपर लीक की वजह से परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं और दोबारा करानी पड़ती हैं। खासकर राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और गुजरात में पिछले कई सालों में पेपर लीक कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। न सिर्फ राज्य सरकार पर अतिरिक्त खर्च का बोझ बढ़ता है बल्कि उसकी छवि खराब होती है, परीक्षार्थियों को कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती हैं और स्थानीय प्रशासन को छात्र-अभिभावकों के विरोध का सामना भी करना पड़ता है।

## झारखंड में चंपई फ्लोर टेस्ट में पास

### पक्ष में 47, विरोध में 29 विधायक; भाजपा-झामुमो और निर्दलीय से एक-एक विधायक गैरहाजिर

**रांची। झारखंड में चंपई सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। 5 फरवरी को करीब 2 बजे हुई वोटिंग में पक्ष में 47 तो विपक्ष में 29 वोट पड़े। भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का एक-एक विधायक और एक निर्दलीय गैरहाजिर रहे। वहीं निर्दलीय सरयू राय सदन में थे, लेकिन वोटिंग नहीं की।**

**मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया था। स्पीकर ने इस पर चर्चा के लिए एक घंटे 10 मिनट का समय निर्धारित किया था।**

### 23 मिनट तक बोले हेमंत, राज्यपाल को घेरा

23 मिनट के भाषण में हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा को तीखे लहजे में जवाब दिया। कहा कि देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। लगता है इसमें राजभवन शामिल है। वे एक भी पेपर दिखा दें कि मैंने साढ़े 8 एकड़ जमीन हड़पी है तो राजनीति से संन्यास क्या, मैं झारखंड छोडक्र चला जाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि इन लोगों को ये अच्छा नहीं लग रहा कि एक आदिवासी सीएम बीएमडब्ल्यू में कैसे चल रहा है। इनका बस चले तो ये हमें फिर से जंगल में भेज देंगे। हमारे पास बैठने से इनके कपड़े गंदे होते हैं।

### हेमंत सोरेन के साथ भेदभाव हुआ- चंपई

सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि बहुत कुछ करना है। हेमंत सोरेन की सरकार के काम को आगे बढ़ाना है। अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करना है। केंद्रीय एजेंसी की भी एक पारदर्शिता होनी चाहिए। भेदभाव नहीं होना चाहिए, जो हेमंत सोरेन के साथ हुआ। एजेंसी अगर एक दल के लिए काम करेगी तो ये चिंता का विषय है।

## पूर्ण रूप से विकसित भ्रूण को गिराने की इजाजत नहीं दूंगा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 28 सप्ताह की अविवाहित गर्भवती युवती (20) को गर्भपात की अनुमति देने से सोमवार को मना कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा, याचिका खारिज की जाती है। अदालत ने पिछले सप्ताह याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने कहा था, मैं 28 सप्ताह के पूर्ण रूप से विकसित भ्रूण को गिराने की इजाजत नहीं दूंगा। रिपोर्ट में मुझे भ्रूण में कोई असामान्यता नहीं दिखाती है। गर्भपात की इजाजत नहीं दी जा सकती। याचिका में युवती ने दावा किया कि वह सहमति से बनाए संबंधों की वजह से गर्भवती हुई, लेकिन गर्भवती होने की जानकारी हाल ही में हुई।


द्वितीय पुण्यतिथि

स्व. कमलादेवी अग्रवाल

देहावसान - 06.02.2022



स्व. कमलादेवी अग्रवाल
देहावसान - 06.02.2022

चले गये वे अपने घर से किन्तु दिल से दुर नही
रूखसत हुए वे दुनिया से लेकिन वे हम से दुर नही

आपके स्नेह और आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेगा।
आज दिनांक 06.02.2024 को आपकी द्वितीय पुण्यतिथि पर
आपके चरणों मे शत् शत् नमन...

:: शोकाकुल परिवार ::
लवकुश - सुमिता, तपेश-संगीता, राकेश-प्रीति
एवं समस्त मंगल परिवार

# सेवन ए साईड हॉकी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## 06 टीमों के खिलाड़ियों ने दिखाया कलाई का हुनर, प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए तीन मैच

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। नेहरू स्पोर्टिंग क्लब और मप्र हॉकी संघ के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार 5 फरवरी से सेवन ए साईड प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।नगर के रेंजर कॉलेज मैदान में 20-20 की तर्ज पर 5 से 8 फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता का सोमवार को उद्घाटन कर हॉकी मैच की शुरुवात की गई। जहा प्रतियोगिता के पहले दिन मैदान पर तीन हॉकी मैच कराए गए। जहां प्रतियोगिता में दिन की पहली भिड़ंत मायल नागपुर और उमरिया के बीच देखने को मिली, तो वही दिन का दूसरा मैच भंडारा बनाम बालाघाट के मध्य खेला गया।इसी तरह प्रतियोगिता में दिन का तीसरा व अंतिम मैच नागपुर मायल बनाम गोंदिया के मध्य खेला गया। जहां प्रतियोगिता के पहले दिन खेला पहला मैच 2-0 से उमरिया, 4-0से भंडारा और 2-0से नागपुर मायल बी टीम ने अपने नाम कर लिया।बताया जा रहा है कि इस वर्ष स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन टर्फ मैदान की लेट लतीफी के चलते नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर हॉकी खिलाड़ी व खेल प्रेमी काफी मायूस थे। जिसको लेकर नेहरू स्पोर्टिंग क्लब और मध्य प्रदेश हॉकी संघ के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष रेंजर कॉलेज में**



**चार दिवसीय सेवन ए साईड हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।जिसका समापन 8 फरवरी को फाइनल मैच के साथ किया जाएगा।**

### बालाघाट और गोंदिया की टीम नही दिखा पाई कलाई का जादू

नगर के रेंजर कालेज मैदान में आयोजित इस सेवन ए साईड हॉकी प्रतियोगिता में दिन के तीनों मुकाबले काफी रोमांचक रहे।जहा ,मायल नागपुर और उमरिया के मध्य खेले गए दिन के पहले मैच में नागपुर मायल की ए टीम अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन नही कर सकी।जिसके चलते उन्हें सिर्फ एक गोल से संतुष्ट होना पड़ा तो वही नागपुर के खिलाफ मैदान पर उतरी उमरिया की टीम के खिलाड़ी फूल फार्म में नजर आए जिन्होंने अपनी कलाई का जादू दिखाते हुए मायल नागपुर के खिलाफ 2 गोल दागकर यह मैच अपने नाम कर लिया।इसी तरह दिन का दूसरा मैच भंडारा बनाम बालाघाट के मध्य खेला गया।जहां बालाघाट की टीम अपनी कलाई का जादू दिखाने में नाकाम रही जो भंडारा के खिलाफ एक भी गोल नही कर सकी।जबकि भंडारा टीम ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालाघाट के खिलाफ एकतरफा चार गोल-दागकर यह मैच अपने नाम कर लिया।इसी तरह प्रतियोगिता में दिन का अंतिम और तीसरा मैच नागपुर मायल (बी) और गोंदिया के मध्य खेला गया जिसमें गोंदिया की टीम के खिलाड़ी भी अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन नहीं कर सके। जहां वे नागपुर के खिलाफ एक गोल भी नही कर सके।उधर नागपुर मायल ने एक तरफा 02 गोल कर यह मैच अपने नाम कर लिया। इस तरह दिन के पहले दिन का मैच उमरिया,भंडारा और नागपुर के नाम रहा।

### हॉकी के प्रति जिले में काफी रुचि है- भारती ठाकुर

आयोजित प्रतियोगिता के दौरान अपने सम्बोधन नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने बताया कि किरण भाई त्रिवेदी के कार्यकाल में 50 वे टूर्नामेंट करने का अवसर मिलेगा। प्रतिभा को उभरने का अवसर मिलेगा।टूर्नामेंट की सफलता की कामना करती हूं अच्छा मंच और प्लेटफॉर्म है। नेहरू स्पोर्टिंग क्लब जो प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास हमेशा करते रहता है।हॉकी के प्रति जिले में काफी रुचि देखी जाती है।टूर्नामेंट में नगर पालिका की ओर से जो भी सहयोग होगा वह करने का प्रयास किया जाएगा।

### गोल्डन जुबली टर्फ मैदान में खेला जाएगा- रंगलानी

आयोजित प्रतियोगिता के दौरान अपने सम्बोधन में पूर्व नपा अध्यक्ष रमेश रंगलानी ने बताया कि एस्ट्रो टर्फ का कार्य प्रारंभ हुआ लेकिन उसे बनने में विलंब हो रहा है दो-तीन माह में टर्फ बनकर तैयार हो जाएगा और आगामी मैच गोल्डन जुबली टर्फ मैदान में खेला जाएगा और ऐतिहासिक मैच होगा इसकी तैयारी दो-तीन महापूर्व से तैयार शुरू कर दी जाएगी हॉकी के प्रेमी कहीं भी मैच हो देखने पहुंचते हैं ।

### प्रतियोगिता में 16 टीमें शामिल

नगर में 5 से 8 फरवरी तक रेंजर कॉलेज मैदान में सेवन ए साइड हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।जिसमें बालाघाट की 4 टीम, नागपुर की 4 टीम, सिवनी की 2 टीम, सहित भंडारा, गोंदिया, ब्रम्हपुरी, उमरिया की टीम शामिल हुई है। जहां 8 फरवरी को फाइनल मैच के साथ प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। जहां फाइनल जीतने वाली हॉकी टीम को 21,000, तो वही उपविजेता टीम को 11,000 का नगद पुरस्कार स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। तो वहीं अन्य खिलाड़ियों को भी विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। रेंजर कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में मैदान की संपूर्ण जिम्मेदारी हॉकी प्रशिक्षक सलीम सिद्दीकी और सुनीता सिद्दीकी को सौंप गई है।आज प्रतियोगिता शुभारंभ पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर,पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी पूरन सिंह भाटिया ,ऋषभ वैद्य ,जिला खेल विभाग अधिकारी श्री चौरसिया, नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी ,विजय वर्मा ,संदीप नेमा, हॉकी संघ के सचिव सुशील वर्मा, तुषार मानकर, सुब्रत राय, विनोद साव, राजेश सेवईवार ,गगन वर्मा, सलीम सिद्दीकी श्रीमती सिद्दीकी,चीनू गंगवानी, डेनियल साहब, दीपक शर्मा शंकर कनौजिया और राधे भैया सहित खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवम कार्यकारणी का शपथ ग्रहण 28 को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 21 जनवरी 2024 को एक निजी लान में लोकतांत्रिक प्रजातांत्रिक पद्धति से वयस्क मतदाताओं द्वारा अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा का चुनाव सम्पन्न किया गया था।जिसमे उन्हें अध्यक्ष चुना गया है। इसके उपरांत उन्होंने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवम कार्यकारणी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह एवम गड़वाल स्थापना दिवस मुख्य अतिथि के. सी. ब्रह्म ,पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा, सूरज ब्रम्हे पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा,कमलेश अजीत जी पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा के मुख्य आतिथ्य में दिनाँक 28 फरवरी 2024 को एक निजी लॉन लालबर्रा में सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता, भगवान प्रभु श्रीराम जी एवम सरस्वती जी का पूजन अर्चना, गड़वाल स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित, ब्रम्हलीन श्री मुरारी लाल ब्रह्म एवम ब्रम्हलीन श्री छोटेलाल ब्रह्म के छायाचित्र पर माल्यार्पण, मुख्य अतिथियों द्वारा अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवम कार्यकारणी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, मुख्य अतिथियों का उद्धबोधन एवम नवनिर्वाचित अध्यक्ष का उद्धबोधन, वर्ष 2023 में 10 वीं एवम 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुए गड़वाल समाज के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मान एवम प्रशस्ति पत्र वितरण, सामाजिक सेवा तथा शासकीय सेवा एवम अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सामाजिक बहनों भाइयों युवाओं का सम्मान एवम प्रशस्ति पत्र वितरण एवम महाकाल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील अखिल भारतीय गड़वाल समाज महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर द्वारा किया गया है।

# जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बालाघाट का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी दिनांक 2 और 3 फरवरी 2024 को डाईट जबलपुर में आयोजित हुई। जिला प्रभारी विवेक गुप्ता एपीसी अकादमिक जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट ने बताया कि जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी जबलपुर में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा सर्वप्रथम माध्यमिक स्तर में जिस लघु नाटिका का जिला में प्रथम आया था जोन स्तर में भी लघु नाटिका %% रानी लक्ष्मी बाई%% नारी शसक्तिकरण को प्रथम स्थान प्रदान किया। नाटिका की लक्ष्मी बाई दिव्या बनोटे एवं साथी कलाकार प्रिंसी भागत, प्रियांश श्रीपात्रे ,दीपक पंचेष्वर प्रमुख भूमिका में थे। मार्गदर्शक शिक्षक कृष्णकुमार कुशवाहा शा मा शा दीनी




विकासखण्ड वारासिवनी ने बैकराउण्ड में अपनी आवाज में गीत व डॉयलाग दिया नाटिका में सहयोगी शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी मर्सकोले एवं श्रीमति अर्चना माहुरकर ऐरपुड़े रही। मॉडल में माध्यमिक स्तर में पर्यावरण की जीवन शैली में प्रथम स्थान संगम कटरे शा मा शा सम्पतपुरी विकासखण्ड कंटगी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित हुआ। इसी प्रकार संगोष्ठी का मुख्य विषय स्वास्थ्य व दीर्घ जीवन के लिए बाजरा रखा गया जिसमें जिले से धन्नालाल बिसेन शा मा शा दीनी विकासखण्ड वारासिवनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मार्गदर्शक शिक्षिका श्रीमति शिवप्यारी उइके एवं जिला प्रभारी के रुप में श्रीमती नूरजहां कुरैशी प्रा. शि. शा मा शा सरेखा ने 20 सदस्य की टीम को कुशल मार्गदर्शन में बालाघाट से जबलपुर ले गईं और समस्त टीम को शकुशल बालाघाट लेकर आने में और बालाघाट जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये समस्त बच्चों शिक्षकों पालकों और बीआरसी को कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ महेश शर्मा डी पी सी जिला प्रभारी श्री विवेक गुप्ता एपीसी अकादमिक जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट ने बधाई दी और राज्य स्तर में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकानाएं प्रेषित की।

# उच्च पद पर प्रभार के सम्बन्ध में दावे आपत्तियों का होगा निराकरण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनजाति कार्य विभाग द्वारा सहायक शिक्षकों व उच्च श्रेणी शिक्षकों को नियमानुसार पात्रतानुसार उच्च पद पर प्रभार देने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री पीएन चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च पद पर प्रभार दिए जाने के लिए स्नातक व प्रशिक्षित सहायक शिक्षक को उच्च श्रेणी शिक्षक तथा उच्च श्रेणी शिक्षक को प्रधान पाठक के पद पर प्रभार देने के लिए विभागीय समिति में प्रकरण रखें गए है। समिति ने पात्र पाए गए शिक्षकों को उच्च पद पर प्रभार दिए जाने के पूर्व शिक्षकों की सूची में किसी शिक्षक को कोई आपत्ति हो तो उनके लिखित दावे आपत्ति में संकुल प्राचार्यो के माध्यम से विभागीय समिति में समक्ष रखें जाएंगे। इसके लिए 10 फरवरी 11 बजे तक तक विभागीय समिति ने दावे आपत्ति मांगने तथा समक्ष में उपस्थित होने का समय निर्धारित किया गया है।

# नशे के खिलाफ नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी महिलाओं ने खोला मोर्चा

## पुलिस कार्यवाही पर जताई आसंतुष्टि, एसपी, कलेक्टर कार्यालय में सौपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रदेश शासन के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब निर्माण और उसकी बिक्री रोकने के लिए जिम्मेदारो द्वारा बड़ी संख्या में कार्यवाही की जा रही है। बावजूद इसके भी पुलिस, अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णत: रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है ।और संपूर्ण जिले में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। अवैध शराब की बिक्री का ताजा मामला जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर थाना क्षेत्र चांगोटोला का है।जहां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीब 50 गांवो में अवैध शराब का कारोबार इन दिनों धड़ल्ले से फल फूल रहा है जिसके खिलाफ अब नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी स्थानीय महिलाओ ने मोर्चा खोल दिया है।जिन्होंने पिछले दिनों नशामुक्ति को लेकर ना सिर्फ थाना बल्की अन्य ग्रावो में भी एक रैली निकालकर नशा मुक्ति का संदेश दिया था। तो वही उन्होंने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 50 गावो को नशामुक्त करने की मांग को लेकर सम्बधित थाने में ज्ञापन भी सौपा था।जिसमे उन्होंने अवैध शराब गांजा सहित अन्य नशे की सामग्री की बिक्री करने वालों और नशा करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। 27 जनवरी को की गई इस मांग का असर चांगोटोला क्षेत्र में नजर नहीं आ रहा है। जहां लगभग सभी गांव में धड़ल्ले से अवैध शराब और गांजा खुलेआम बेचा जा रहा है ।वही अब तक मादक प्रदार्थो की बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही ऊंट के मुंह में जीरा की तरह साबित हो रही है। जिस




पर अपनी नाराजगी जताते हुए नशा मुक्ति अभियान गुडरु से जुड़ी एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने सोमवार को बालाघाट पहुंचकर एसपी और कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी गांवों को नशा मुक्त करने में मदद करने और अवैध शराब ,गांजा व नशे की अन्य सामग्रियों का क्रय विक्रय करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### गांव गांव में बिक रहा नशे का सामान -केतन धामड़े

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान नशा मुक्ति अभियान गुडरु अध्यक्ष श्रीमती केतन बाई धामड़े ने बताया कि चांगोटोला क्षेत्र के लगभग सभी गांव में अवैध शराब, गांजा व नशे का अन्य सामान धड़ल्ले से बेचा जा रहा है जिसके चलते क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।जिससे गांव में छोटे-छोटे बच्चे नशे का शिकार हो रहे हैं कई बार शिकायत करने पर भी अवैध शराब बेचने वालो पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। यदि कार्यवाही होती भी है तो छोटी-मोटी कार्यवाही कर उन्हें छोड़ दिया जाता है । जिसके चलते क्षेत्र की समस्त महिलाएं परेशान है वही अवैध शराब बिक्री के चलते महिलाएं हिंसा की शिकार हो रही है।हमारी मांग है कि चांगोटोला के समस्त गांव में पूर्णता- अवैध शराब गांजे की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाए वहीं इसकी खरीदी बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए ।जिन्होंने शराबबंदी की मांग को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की बात कहते हुए मांग पूरी न होने पर इसके खिलाफ ठोस कदम उठाने की चेतावनी दी है।

# कुएं में गिरने से मृत युवती का हुआ पोस्टमार्टम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर एक सिद्धार्थनगर में कुएं में गिरने से मृत 24 वर्षीय युवती लक्ष्मी ठाकुर पिता तेज सिंह ठाकुर की लाश जिला अस्पताल पुलिस ने में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सोप दिए हैं आगे मर्ग जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है। जाटों की सिद्धार्थनगर निवासी शिमला ठाकुर पति तेज सिंह ठाकुर 42 वर्ष परिवार के एक बेटी लक्ष्मी ठाकुर 24 वर्ष और छोटा बेटा सुनील ठाकुर 21 वर्ष के हैं। शिमला ठाकुर के घर के पीछे दरवाजे से 5 फिट की दूरी पर ही कुआं है। कुएं में 4 फीट की जगत बाउंड्री वॉल है और जहा से पानी निकलते हैं वहा पर 2 फीट की ऊंचाई ।बताया गया है की लक्ष्मी ठाकुर 10 वर्ष से फिट की बीमारी थी। जिसका इलाज किया जा रहा था। 4 फरवरी शिमला ठाकुर अपनी बेटी लक्ष्मी ठाकुर के साथ घर में थी। 3ः30 बजे करीब लक्ष्मी ठाकुर आंगन में सुख रहे कपड़े को निकालने के लिए जा रही थी तभी वह अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गई थी। शिमला ठाकुर ने अपनी बेटी को कुएं में गिरते पड़ोस मोहल्ले वाले को आवाज दी मोके पर मोहल्ले वालो का जमावड़ा लग गया था।खबर मिलते ही पहुंची 100 डायल और एसडीआरएफ की टीम ने लक्ष्मी ठाकुर को। कुँए से बाहर निकले और जिला अस्पताल लाये किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। लक्ष्मी ठाकुर की जिला अस्पताल लाने के पहले ही मौत हो चुकी थी। 5 फरवरी को जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी शिवदयाल पटले आरक्षक मुकेश मानेश्वर ने मृतक लक्ष्मी ठाकुर की लाश पंचनामा करवाई पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए और मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है। आगे जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।

# मधुमक्खी के हमले से महिला घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम देवरी में मधुमक्खी के हमले में एक महिला घायल हो गई। 5 फरवरी को 10ः00 बजे यह घटना उसे समय हुई जब यह महिला अपने बेटे के साथ खेत में कृषि कार्य कर रही थी। मधुमक्खियां के हमले में घायल महिला श्रीमती मिरन बाई पति सुखराम राहंगडाले 60 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिरन बाई राहंगडाले अपने परिवार के साथ खेती किसानी करती है। 5 फरवरी को



सुबह 10ः00 बजे करीब मिरन बाई अपने बेटे महेश राहंगडाले के साथ खेत में कृषि कार्य करने गई थी और दोनों मां बेटे कृषि कार्य कर रहे थे। तभी वहा मधुमक्खियों का झुंड वहा पहुंच गया और मधुमक्खी के झुंड ने मिरन बाई पर हमला कर दिया।अचानक मधुमक्खीयो के हमला होने दोनों मां बेटे भागने छुपने लगे । तभी मधुमक्खी ने मिरन बाई को घेर लिया और उसे काटना शुरु कर दिया तभी महेश राहंगडाले ने खेत में रखे पैरा जलाया तब कही मधुमक्खी का झुंड वहा से भाग गया ।जिसके बाद महेश राहंगडाले ने अपनी मां मिरनबाई को उठाकर घर लाया और मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।जिसे वार्ड आई सी यू वार्ड में रखकर इलाज किया जा रहा है।

# गर्रा में होलिया समाज की बैठक आज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आदर्श होलिया समाज(संघ) के जिला उपाध्यक्ष सूरज लाल वादगुनेर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आदर्श होलिया समाज संघ की बैठक 6 फरवरी को ग्राम गर्रा में रखी गई है। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं में विचार विमर्श किया जायेगा होलिया समाज के उपाध्यक्ष श्री वादगुनेर ने सभी स्वजातीय बंधुओ से 6 फरवरी को ग्राम गर्रा में रखी गई बैठक में अधिक से अधिक तादाद में उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

# नामदेव समाज महिला मंडल ने किया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नामदेव महिला मंडल द्वारा नगर मुख्यालय में सोमवार को सामूहिक रूप से हल्दी कुमकुम व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें नगर मुख्यालय सहित आसपास की दर्जनों की संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुई।कार्यक्रम की शुरुवात भगवान नामदेव के पूजन अर्चन से की गई ।जिसके उपरांत गीत संगीत, स्वल्पाहार, हल्दी कुमकुम वाघ आदि



कार्यक्रम सम्पन्न कराए गए।आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान नामदेव समाज महिला मंडल की वरिष्ठ पदाधिकारी ज्योत्सना शांडिल्य सहित अन्य पदाधिकारियो ने सँयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया है कि महिला मंडल द्वारा सामुहिक रूप से सुहाग की सुख समृद्धि के लिए हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान भजन, गीत, पूजन व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

# कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर

## हट्टा पुलिस पर परिजनों ने लगाया कार्यवाही ना करने का आरोप

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के हट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोठियाटोला में 28 जनवरी की सुबह गाँव के व्यक्ति महेश मरकाम को किसी सफेद रंग के कार चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह घायल हो गया।उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।जिसका गोंदिया के अस्पताल में उपचार जारी है।इस मामले में कई गई रिपोर्ट में हट्टा पुलिस कोई कार्यवाही नही कर रही है ऐसा आरोप लगाते हुए सोमवार को घायल महेश मरकाम के परिजनों ने नगर मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले सौंपे गये इस ज्ञापन में उन्होंने उक्त मामले में निष्पक्षता से जांच कर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि ग्राम के ही अशोक खांडेकर कोटवार से उनकी पुरानी रंजिश है और जिस कार ने महेश को टक्कर मारी है उसे सफेद रंग की कार में कोटवार अशोक का रिश्तेदार भी बैठा था जिसे



आशंका जताई है कि कोटवार के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया है जिसके चलते परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है और उक्त मामले में निष्पक्षता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# जंगली सूअर के हमले से कृषक घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खरखड़ी में खेत में भैंस चरा रहे एक कृषक पर एक दर्जन से अधिक जंगली सूअर ने हमला कर दिया। जंगली सूअर के हमले में घायल कृषक सीताराम सीता दौलत लिल्हारे 60 वर्ष ग्राम खरखड़ी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार सीताराम लिल्हारे अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ खेती किसानी करते हैं। और खेती किसानी के काम के चलते वे अपने घर की भैंस भी चराते हैं। रोज की तरह 5 फरवरी को सुबह सीताराम लिल्हारे अपने घर की भैंस चराने के लिए खेत तरफ ले गए थे और भैंस चरा रहे थे 11ः30 बजे करीब जब सीताराम पेड़ के नीचे बैठेकर भैस चरा रहे थे तभी एक दर्जन से अधिक छोटे बड़े जंगली सूअर के झुंड ने सीताराम लिल्हारे पर हमला कर दिया ।जंगली सूअर के हमले में सीताराम लिल्हारे है वहीं नीचे गिर गए और घायल हो गए ।इस दौरान वहा से सभी जंगली सूअर भाग गई। घटना के दौरान कृषक योगराज चौधरी अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। जिन्होंने इस घटना



को देखे और सीताराम लिल्हारे के घर जाकर बताये खबर मिलते ही सीताराम लिल्हारे के परिवार के लोग खेत पहुंचे और घायल सीताराम लिल्हारे को खेत से घर लाये और से खैरलांजी के अस्पताल में भर्ती किए थे। खैरलाजी के अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद कृषक सीताराम लिल्हारे को बेहतर उपचार हेतु खैरलांजी के अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# बालाघाट-गोंदिया मार्ग को बंद करने से कुछ जगह बनी जाम की स्थिति

## यातायात विभाग द्वारा सरेखा रेलवे फाटक और परिवर्तित मार्गो पर बनायी गयी व्यवस्थाऐं

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण काम में आ रही दिक्कतों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 5 फरवरी से अस्थाई रूप से बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद कर दिया गया है, किंतु मार्ग के बंद होने से शहर में कुछ जगहों पर जाम जैसी स्थिति भी निर्मित हुई, इसके बाद यातायात विभाग द्वारा व्यवस्था बनाते हुए जाम को खुलवाया गया एवं सरेखा रेलवे क्रॉसिंग और डाइवर्ट हुए मार्ग में बल लगाया गया एवं व्यवस्था बनाने का काम किया गया है।**



आपको बता दे की सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहे ओवर ब्रिज के निर्माण काम को देखते हुए जिला प्रशासन ने बालाघाट गोंदिया मार्ग को 5 फरवरी से 6 फरवरी तक ट्रायल के रूप से बंद कर दिया है तो वहीं 7 फरवरी से 5 अप्रैल 2024 तक बालाघाट गोंदिया मार्ग को अस्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा ,किंतु 5 फरवरी को इस मार्ग के बंद होने से शहर में कुछ स्थानों पर जाम जैसी स्थिति भी निर्मित हुई जिसकी जानकारी लगते ही यातायात विभाग द्वारा जाम को खुलवाकर यातायात सुचारु करने की व्यवस्था 5 फरवरी की सुबह से ही की गई, जिसमें देखा कि जैसे ही बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद किया गया, उसके बाद से ही परिवर्तित हुए मार्ग में लोग ना जाकर बालाघाट गोंदिया मार्ग से होते हुए ही जाना आना कर रहे थे, इसके बाद यातायात पुलिस द्वारा आवागमन कर रहे वाहन चालकों को परिवर्तित हुए मार्ग से जाने की बात कही गई, एवं यातायात विभाग द्वारा भी हनुमान चौक से लेकर सरेखा रेलवे क्रासिंग तक पुलिस बल लगाया गया एवं परिवर्तित हुए मार्ग पर भी यातायात पुलिस द्वारा व्यवस्था बनायी जा रही है वाहन चालकों को परिवर्तित हुए मार्ग से जाने की अपील की गई वहीं जब हमारे द्वारा यातायात थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव से चर्चा की गई तो उनके द्वारा अनौपचारिक चर्चा में बताया गया कि जैसे ही मार्ग को कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर बंद किया गया उसके बाद से ही यातायात विभाग द्वारा शहर में व्यवस्था बनाने का काम किया जा रहा है, एवं हनुमान चौक से लेकर सरेखा रेलवे क्रॉसिंग होते हुए गोंदिया तक यातायात थाने का पुलिस बल लगाया गया है एवं उन्होंने अतिरिक्त पॉइंट बनाते हुए यातायात का पुलिस बल तैनात किया है, जिसमें उन्हें थाने में अब पुलिस बल की कमी भी महसूस हो रही है, जिसके लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक को पत्राचार कर यातायात थाने में पुलिस बल की मांग भी की है, इसके बाद उन्होंने शहर में जगह-जगह डायवर्सन किए हैं तथा बैनर फ्लेक्स के माध्यम से परिवर्तित हुए मार्ग की जानकारी भी चस्पा की जा रही है

### यहाँ से हुआ मार्ग परिवर्तित

बालाघाट गोंदिया मार्ग के बंद होने पर यातायात पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा कुछ मार्गों को परिवर्तित करते हुए शहर में आने-जाने एवं शहर से बाहर निकलने के लिए कुछ मार्गों को परिवर्तित किया है तिराहा-बायपास - संविधान चौक-बैहर रोड-अवंतीबाई चौक होते हुये आवागमन होगा गोंदिया-लांजी की ओर आने-जाने वाली बसे अम्बेडकर चौक,जागपुर घाट चौक-गोंगलई-नवेगांव मार्ग से आवागमन करेंगे। लालबर्रा वारासिवनी की ओर आने-जाने वाली बसे गर्रा रेलवे क्रासिंग पर काम प्रारंभ होने पर अम्बेडकर चौक जागपुरघाट चौक डेंजर रोड होते हुये मार्ग से आवागमन करेंगे। लामता-मण्डला मार्ग से गोंदिया रोड आने-जाने वाले भारी वाहन अवन्तीबाई चौक-अम्बेडकर चौक-जागपुर घाट चौक - गोंगलई- नवेगांव मार्ग से आवागमन करेंगे। बैहर रोड से गोंदिया-लालबर्रा वारासिवनी आने-जाने वाले भारी वाहन संविधान चौक-सरेखा तिराहा-नवेगांव-गोंगलई-डेंजर रोड मार्ग से आवागमन करेंगे। लामता-मण्डला मार्ग से बैहर रोड आने-जाने वाले भारी वाहन भटेरा पेट्रोल पम्प-बोदा अण्डर ब्रिज-बोदा-आवलाझरी पेट्रोल पम्प मार्ग से आवागमन करेंगे। वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग से गोंदिया की ओर आने-जाने वाले भारी वाहन डेंजर रोड-जागपुर घाट चौक- गोंगलई- नवेगांव मार्ग से आवागमन करेंगे। वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग से लामता-मण्डला की ओर आने-जाने वाले भारी वाहन डेंजर रोड-जागपुर घाट चौक-अम्बेडकर चौक-अवंतीबाई चौक मार्ग से आवागमन सकेंगे। इस मार्ग में आने-जाने वाले वाहन बेलगांव / बेहरई-धपेरा-मोहगांव-वैनगंगा पुल-कुम्हारी होते हुये अथवा लालबर्रा बम्हनी-मगरदर्श मार्ग का उपयोग कर सकते है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग कर रहे 30 दुकान संचालकों पर की गई 6950 रूपये की चालानी कार्यवाही

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका बालाघाट द्वारा सतत पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए शहर में पॉलिथीन को बंद करने को लेकर कार्रवाई की जा रही है ,इसी तारतम में 5 फरवरी को नगर पालिका के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर में घूम-घूम कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने वाले दुकान संचालकों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 30 दुकानों से 6950 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। आपको बता दे की नगर पालिका परिषद बालाघाट के द्वारा 05 फरवरी को नगर कि दुकानों में चालानी कार्यवाही कि गई है जो की सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग कर रहे थे , नगर पालिका परिषद बालाघाट की स्वच्छता नोडल अधिकारी प्रीति गरते द्वारा बताया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12 अगस्त 2021 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक जी सी आर 571 ई के परिपेक्ष्य में नगर पालिका परिषद बालाघाट के निकाय क्षेत्र में 1 फरवरी से सिंगल यूज वस्तुओं, पॉलीथिन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया जिसके तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बालाघाट के कर्मचारियों स्वच्छता उप र्प्यवेक्षक यामिनी डहरवाल , काजल डोंगरे, महेंद्र कवाड़े,अंकुश ,अंकित,विलाश एवम देवेन्द्र दुवारे द्वारा दुकानदारों एवम व्यापारियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं एवम पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर 30 दुकानों से 6950 रुपए के चालान काटे गए तथा इसका उपयोग ना करने कि समझाइश दी गई है।




# 3 संभागों के अंतर्गत आने वाले 28 विद्युत वितरण केंद्रों पर होंगे विद्युत जन शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता रवि कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 3 विद्युत संभागों से विद्युत आपूर्ति के लिए कुल 28 विद्युत वितरण केंद्र संचालित है। इन वितरण केंद्रों अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत जन समस्या निवारण के लिए एक साथ शिविरों का आयोजन किया जा रहें है। ऐसे शिविर प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होंगे। वितरण केंद्रों पर आयोजित होने वाले शिविरों में विद्युत बिल के अलावा वोल्टेज की समस्या, नवीन कनेक्शन बन्द या खराब मीटर बदलने जैसी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारी तैनात किए गए है।

# एक माह के वेतन से खुशी नहीं कार्यकर्ताएं व सहायिकाएं

## पुनः ज्ञापन सौंपकर तीन दिनों का दिया अल्टीमेटम, तीनो माह का वेतन एकमुश्त जारी नहीं करने पर काम बंद हड़ताल की दी चेतावनी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को पिछले तीन माह से वेतन जारी नहीं किया गया है। परेशान कार्यकर्ताओं ने पूर्व में जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर काम हड़ताल की चेतावनी दी थी। जिस पर प्रदेश सरकार ने इनका एक माह का वेतन शीघ्र जारी करने के निर्देश जारी किए हैं। लेकिन एक माह




के वेतन से कार्यकर्ताएं और सहायिकाएं संतुष्ट नहीं है। जिन्होंने सोमवार को पुनः प्रदेश सरकार के नाम स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन देकर तत्काल एकमुश्त तीनों माह का वेतन जारी किए जाने की मांग की है। वहीं तीन दिवस के भीतर पूरा वेतन जारी नहीं किए जाने पर काम बंद कर दिए जाने की चेतावनी दी है।

### चुनाव बहिष्कार का मन बना रही कार्यकर्ताएं

आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल शिक्षिका/ सहायिका एकता संघ के जिला संयोजक इकबाल एहमद कुरैशी और संघ की जिला अध्यक्ष ज्योति ठाकुर ने बताया कि कार्यकर्ता व सहायिकाएं शासन के निर्देशानुसार जनहित में लगातार अपनी सेवाएं दे रही है।बावजूद प्रदेश के कुछ जिलों में कार्यकर्ता व सहायिकाओं को विगत तीन माह का वेतन जारी नहीं किया गया है।ऐसे में कार्यकर्ता व सहायिकाओं को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है।सभी के आंदोलन करने पर वर्तमान में एक माह का वेतन जारी किया जा रहा है। लेकिन इससे महिलाएं खुश नहीं है। जिन्होंने पूरा वेतन जारी करने की मांग की है। इधर कुरैशी ने बताया कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019 के बाद से कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि भी नहीं की गई है। इस कारण केन्द्र सरकार भी कार्यकर्ताएं नाराज है। लोकसभा चुनाव के पूर्व मानदेय में वृद्धि न किए जाने पर कार्यकर्ताएं चुनाव बहिष्कार का मन बना रही है।

# पूर्व आईएएस ऑफिसर पहुंचे बालाघाट

## बालाघाट बार रूम ने किया स्वागत, राजनीति में जाने वाली चर्चाओं को नकारा, कहा पीड़ितों को इंसाफ दिलाने कर रहे वकालत





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पूर्व आईएएस ऑफिसर बी चंद्रशेखर पूर्व में बालाघाट कलेक्टर व कमिश्नर भी रह चुके हैं जिन्होंने शासकीय सेवाओं से अब इस्तीफा दे दिया है और वकालत शुरू किया है जो किसी केस के सिलसिले में सोमवार को बालाघाट पहुंचे इस दौरान बालाघाट बार रूम ने उनका स्वागत समारोह भी आयोजित किया।जहा आयोजित कार्यक्रम के दौरान बी चंद्रशेखर ने बार एसोसिएशन में समाज व देश के जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की वही उन्होंने चुनाव ना लड़ने की बात कहते हुए लोगो को इंसाफ दिलाने के लिए वकालत के पेशे में आने की बात कही है।अधिवक्ता संघ कार्यालय में अधिवक्ता समान समारोह में बी चन्द्रशेखर ने अपने प्रशासनिक अनुभवों और प्रशासनिक पद को त्यागकर इस रूप में पहुंचने के उद्देश्य से साथी अधिवक्ताओं को अवगत कराते हुए कहा कि आज वे व्यक्ति, समाज और देश के रूप में लोगों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में किसी को भी न्याय दिलाने के लिए टेबल के इस ओर और उस ओर बैठने वालों की भूमिका होती है।जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष आनंद टेंभरे, उपाध्यक्ष मीन कुर्वे, सचिव मधु बिसेन, कोषाध्यक्ष संजय अग्निहोत्री, ग्रंथपाल धनंजय देशमुख, गीतेश्वरी कुंजाम, संगीता नागेश्वर सहित अन्य अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का सफल मंच संचालन रजनीश राहंगडाले द्वारा किया गया।

### मुझे राजनीति में नहीं जाना है - बी. चंद्रशेखर

बालाघाट आगमन को लेकर की गई चर्चा के दौरान पूर्व आईएएस बी चंद्रशेखर ने बताया कि 21 साल की आईएएस सेवा में वह न्याय व्यवस्था से ही जुड़े रहे। एसडीएम, कलेक्टर और कमिश्नर के रूप में रेवेन्यु आर क्रिमिनल प्रकरणो में वह पीठासीन अधिकारी के रूप में किया गया। जिससे उनके लिए कानून कोई नया विषय नहीं है, लेकिन ऐसा लगा कि आईएएस सेवा से ज्यादा वह इससे बाहर बेहतर लोगों को न्याय दिला सकते है, इसलिए उन्होंने त्याग पत्र दे दिया। उन्होंने बताया कि पहले भी उनका हमेशा प्रयास लोगों की मांगो और जरूरतों को पूरा करने को लेकर रही है और आज भी वह ऐसे लोगों के लिए न्याय की वकालत करते है। उन्होने कहा कि इस काम को स्थायी स्वरूप देने के लिए उन्होंने त्यागपत्र दिया और आज वे सामाजिक क्षेत्र में संवैधानिक अधिकारों, लिंगानुपात और पर्यावरण को उद्देश्य बनाकर काम कर रहे है। उनका मात्र एक धेय है कि वह पीड़ित लोगों को न्याय दिला सके और उन्हें न्याय दिलाने के लिए उन्होंने वकालत शुरू की है और किसी केस के सिलसिले में ही वह बालाघाट पहुंचे थे और उनका कहना है कि उन्हे राजनीति नहीं करनी है।

## ग्राम चिखला में जमीन का विवाद

# 77 वर्षीय वृद्ध से उसी के परिवार के चार लोगों ने की मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम चिखला में एक व्रद्ध को उसी के ही भाई भतीजे सहित चार लोगों ने हमला करके उसे कीचड़ में घसीट घसीट कर हाथ बुक्को से मारपीट किया और जान से मार डालने की धमकी दे दी। 5 फरवरी को 9.30 बजे करीब यह घटना जमीन विवाद के चलते हुई। हट्टा पुलिस ने इस मामले में झनकलाल पिता पूनाराम पिछोड़े 77 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके भाई पदम पिछोड़े सहित चार लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। संभवत पुलिस थाना हट्टा का यह अंतिम अपराध है इसके बाद ग्राम चिखला ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने से इस ग्राम के पूरे मामले ग्रामीण थाना में दर्ज किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार झनकलाल पिछोड़े अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं जिनका उनके भाइयों के साथ जमीन को लेकर के विवाह चल रहा है। 5 जनवरी को सुबह 9.30 बजे करीब झनकलाल पिछोड़े अपने परिवार के साथ अपने खेत में सरसों की फसल काट रहा था। तभी उसका भाई पदम पिछोड़े भतीजे शुभम पिछोड़े आए और झनकलाल पिछोड़े के हिस्से में लगी उड़द सरसों को ट्रैक्टर में जोत रहे थे झनकलाल पिछोड़े ने इन लोगों को बोला कि मेरे खेत में ट्रैक्टर क्यों चला रहे हो और उन्हें ट्रैक्टर चलाने से मना किया। तब दोनों पदम पिछड़े और शुभम पिछोड़े झनकलाल पिछोड़े को गंदी-गंदी अश्लील गालियां देने लगे ,झनक लाल पिछोड़े ने उन्हें गाली देने से मना किया तो दोनों



ने उसे खेत बंधी के कीचड़ में लात मार के गिरा दिए और उसे कीचड़ में घसीट घसीट कर भाई पदम् पिछोड़े भतीजे शुभम पिछोड़े जितेंद्र पिछोड़े और अजय खजरे ने झनकलाल पिछोड़े को हाथ बुक्को मारपीट किए इस दौरान झनकलाल पिछोड़े के हाथ में रखी कुल्हाड़ी का बैसा उसके बाए हाथ की अंगुली में लगने से चोट आ गई। विवाद के दौरान झनक लाल पिछोड़े की बहू रेवतन बाई पिछोड़े और नातन पूनम पिछवाड़े थे जिन्होंने बीच बचाव किया । इसके बाद चारों पुनः ट्रैक्टर चलाने से मना करने पर जान से मार डालने की धमकी फरार हो गए। चारों लोगों द्वारा मारपीट में घायल झनकलाल पिछोड़े रिपोर्ट करने के लिए हट्टा थाना पहुंचा । हट्टा पुलिस ने झनक लाल पिछोड़े का जिला अस्पताल में इलाज और मुलाहिजा करवाया इसके बाद उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर पदम पदम पिछोड़े शुभम पिछोड़े जितेंद्र पिछोड़े और अजय खजरे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 15/024 में धारा 294 323 506 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। ग्राम चिखला का यह अपराध हट्टा पुलिस थाने में अंतिम अपराध है इसके बाद यह ग्राम चिखला ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने के कारण ग्राम चिखला के मामलों की रिपोर्ट ग्रामीण थाना में दर्ज की जाएगी।

# बालाघाट जिले के 17 पुलिस थाने में आने वाले गांव की सीमाओं में बदलाव

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्य प्रदेश शासन के गृह मंत्रालय के आदेशानुसार बालाघाट जिले के 17 पुलिस थाने में आने वाले गांव की सीमाओं में बदलाव किए गए हैं। जिनमे अनुविभाग बालाघाट मैं ग्राम बोदा थाना कोतवाली तहसील बालाघाट से थाना भरवेली तहसील बालाघाट, ग्राम पाथरवाड़ा थाना कोतवाली तहसील बालाघाट से थाना भरवेली तहसील बालाघाट, ग्राम उमरदोनी थाना ग्रामीण तहसील बालाघाट से थाना भरवेली तहसील बालाघाट, गायखोरी वार्ड नंबर 33 थाना ग्रामीण तहसील बालाघाट से थाना कोतवाली तहसील बालाघाट, ग्राम चिखला थाना हट्टा तहसील किरनापुर से थाना ग्रामीण तहसील बालाघाट। अनुविभाग वारासिवनी जिला बालाघाट के ग्राम गर्रा थाना वारासिवनी तहसील लालबर्रा से थाना कोतवाली तहसील बालाघाट, ग्राम लोहाग्री थाना वारासिवनी तहसील कटंगी से थाना कटंगी तहसील कटंगी, ग्राम थानेगांव थाना रामपायली तहसील वारासिवनी से थाना वारासिवनी तहसील वारासिवनी, ग्राम डोंगरगांव थाना रामपायली तहसील वारासिवनी से थाना वारासिवनी तहसील वारासिवनी, ग्राम जबर टोला थाना खैरलांजी तहसील वारासिवनी से थाना रामपायली तहसील वारासिवनी। अनुभाग कटंगी के ग्राम बोरीखेड़ा थाना कटंगी तहसील कटंगी से थाना तिरोड़ी तहसील कटंगी। अनुविभाग बैहर ग्राम छतरपुर थाना गढ़ी तहसील बैहर से थाना बिरसा तहसील बिरसा ,, ग्राम पटुआ थाना गड़ी तहसील बैहर से थाना बिरसा तहसील बिरसा, ग्राम उमरझोला थाना गड़ी तहसील बैहर से थाना बिरसा तहसील बिरसा ,ग्राम कटंगी(भु) थाना बिरसा तहसील बैहर से थाना मलाजखंड तहसील बैहर, ग्राम फतेहपुर थाना रूपझर चौकी तहसील परसवाड़ा डोरा से थाना परसवाड़ा तहसील परसवाड़ा, ग्राम कुकड़ा थाना रूपझर चौकी डोरा तहसील परसवाड़ा से थाना परसवाड़ा तहसील परसवाड़ा, ग्राम वरुणगोटा थाना रूपझर चौकी डोरा तहसील परसवाड़ा से थाना परसवाड़ा तहसील परसवाड़ा। अनुविभाग लांजी के ग्राम सहेकी थाना बहेला तहसील लांजी से थाना लांजी तहसील लांजी, ग्राम खांडाफरी थाना बहेला तहसील लांजी से थाना लांजी तहसील लांजी ,ग्राम बगड़ी थाना बहेला तहसील थाना लांजी तहसील लांजी, ग्राम भानेगांव थाना किरनापुर तहसील लांजी से थाना लांजी तहसील लांजी, ग्राम चिखलामाली थाना किरनापुर तहसील लांजी से थाना लांजी तहसील लांजी मैं शामिल किया गया है।

# अपनी लंबित मांग को लेकर जिला पुलिस पेंशनर संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पुलिस पेंशनर संघ द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन दिया गया है जिसमें उन्होंने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को समाप्त करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की है। आपको बता दे की जिला पुलिस पेंशनर संघ द्वारा 5 फरवरी को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को एक ज्ञापन दिया गया है जिसमें उन्होंने यह मांग की है कि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को समाप्त करने व केंद्र के बराबर 4 प्रतिशत महंगाई में राहत देने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की है, वहीं पेंशनर्स संघ के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को केंद्र के बराबर महंगाई राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति लेनी पड़ती है, और छत्तीसगढ़ सरकार को मध्यप्रदेश सरकार की सहमति की आवश्यकता होती है, इस कारण पेंशनर्स को समय पर महंगाई से राहत नहीं मिल पाती और एक-एक साल बाद महंगाई राहत के आदेश होते हैं जिससे पेंशनर को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है ,इसलिए वह चाहते हैं कि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को समाप्त किया जाए वहीं पेंशनर संघ के पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा पुलिस विभाग में 65 वर्ष के बाद जो सेवानिवृत्ति दी जाती है ,उसे वह 60 वर्ष या 62 वर्ष में ही दे दी जाए जिससे कि आज युवा पीढ़ी को नौकरी लगने में काफी परेशानी आ रही है यदि 60 से 62 वर्ष की आयु में पुलिसकर्मी रिटायर्ड हो जाते हैं तो युवा वर्ग को नौकरी लगने में भी काफी आसानी होगी, वहीं उन्होंने मध्य प्रदेश के पेंशनर्स को आयुष्मान कार्ड योजना में शामिल करने की भी मांग की है क्योंकि जिस प्रकार से केंद्र सरकार द्वारा गंभीर बीमारियों में आयुष्मान कार्ड के तहत लाभ मिलता है , वह लाभ पेंशनर साथियों को भी मिले इसलिए वह या मांग करते हैं कि आयुष्मान कार्ड योजना पेंशनर्स को भी प्रदान की जाए।



# कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, 12 वीं की आज से

## १३ परीक्षा केन्द्रों में २१५७ विद्यार्थियों ने हल किया प्रथम प्रश्नपत्र हिन्दी का, १६ विद्यार्थी रहे अनुपस्थित





**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार ५ फरवरी से ब्लाक अंतर्गत बनाये गये १३ परीक्षा केंद्रों में कक्षा दसवीं की बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई है। जिसमें प्रथम दिन २१५७ विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय का प्रथम प्रश्नपत्र का पर्चा हल किया। यह परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई एवं किसी भी केन्द्र में नकल प्रकरण नही बना है। लालबर्रा विकासखण्ड के १३ परीक्षा केन्द्रों में दर्ज संख्या २१७३ विद्यार्थियों में १६ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे एवं ६ फरवरी से कक्षा १२ वीं की हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र के साथ परीक्षा प्रारंभ होगी। आपकों बता दें कि इस हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के लिये माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा पहले ही प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये है जो विद्यार्थियों को स्कूलों से प्राप्त हो गये और जिन्होने स्कूल से प्रवेश पत्र नहीं लिया था। उन्होने ऑनलाइन सेंटर से प्रवेश पत्र निकालकर उसमें दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करते हुए तय समय सीमा में परीक्षा केंद्र में उपस्थित हुए और प्रातः ९ बजे से दोपहर १२ बजे तक पर्चा हल किया।**

### नगर के दो केन्द्रों में 512 विद्यार्थियों ने हल किया हिन्दी का पर्चा

नगर मुख्यालय में बनाये गये परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोली में कक्षा १० वीं के ५१२ विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय का पर्चा हल किया। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व विद्यार्थी प्रातः ८ बजे स्कूल पहुंचे एवं दोनों केन्द्रों में कक्ष में प्रवेश करने के पहले विद्यार्थियों को परीक्षा की गाईडलाईन के बारे में जानकारी देकर कक्ष में प्रवेश दिया गया और यह परीक्षा प्रातः ९ बजे से प्रारंभ होकर दोपहर १ बजे संपन्न हुई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दर्ज ३३९ में ३३५उपस्थित, ४ अनुपस्थित रहे एवं शासकीय कन्या उमावि. अमोली में दर्ज १७७ में १७७ उपस्थित रहे। इस तरह दोनों केन्द्रों में ५१२ विद्यार्थियों ने पर्चा हल किया एवं ४ अनुपस्थित रहे। साथ ही विकासखण्ड में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का उड़नदस्ता टीम के द्वारा निरीक्षण भी किया गया और केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा के दौरान नकल पर भी पैनी नजर बनाये रखा गया परन्तु प्रथम दिन एक भी नकल प्रकरण नही बना। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर बहुत अच्छा आया था और पाठ्यक्रम से ही प्रश्न पूछे गये थे।

### कक्षा 12 वीं के 1743 विद्यार्थी परीक्षा में होगें शामिल आज

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार ६ फरवरी से हायर सेकेण्डरी कक्षा १२ वीं की परीक्षा हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र के साथ शुरू हो जायेगी। लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत स्थित १३ शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों को बोर्ड परीक्षा का केन्द्र बनाया गया है। यह परीक्षा शासन के निर्देशानुसार प्रातः ९ बजे से दोपहर १२ बजे तक संपन्न करवाई जायेगी। ६ फरवरी को कक्षा १२ वीं की हिन्दी विषय का पेपर है जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये १३ परीक्षा केन्द्रों में कक्षा १२ वीं के १७४३ विद्यार्थी हिन्दी विषय का प्रथम प्रश्नपत्र का पर्चा हल करेगें। जिसमें शासकीय कन्या उमावि. कनकी परीक्षा केन्द्र में ९० विद्यार्थी शामिल होगें। इसी तरह शास. उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा परीक्षा केन्द्र में २३४ विद्यार्थी, शास. उमावि. बिरसोला परीक्षा केन्द्र में ११५ विद्यार्थी, शास. उमावि. जाम परीक्षा केन्द्र में १८६ विद्यार्थी, शास. कन्या उमावि. अमोली परीक्षा केन्द्र में २१७ विद्यार्थी, नेवरगांव ला. परीक्षा केन्द्र में ११० विद्यार्थी, शास. उमावि. मोहगांव ध. परीक्षा केन्द्र में ११० विद्यार्थी, शास. उमावि. नेवरगांव वा. परीक्षा केन्द्र में १४५ विद्यार्थी, शास. उमावि. लेण्डेझरी परीक्षा केन्द्र में ९४ विद्यार्थी, शास. उमावि. घोटी परीक्षा केन्द्र में १६४ विद्यार्थी, शास. उमावि. गर्रा परीक्षा केन्द्र में १०६ विद्यार्थी, शास. उमावि. बल्हारपुर परीक्षा केन्द्र में १०२ विद्यार्थी, शास. उमावि. घोटी परीक्षा केन्द्र में १६६ विद्यार्थी, शास. उमावि. गर्रा परीक्षा केन्द्र में ११९ विद्यार्थी, शास. उमावि. बल्हारपुर परीक्षा केन्द्र में ४० विद्यार्थी, शास. उमावि. बड़गांव परीक्षा केन्द्र में १०९ विद्यार्थी शामिल होगें। इस तरह ६ फरवरी को विकासखण्ड के १३ परीक्षा केन्द्रों में कक्षा १२ वीं के १७४३ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होकर हिन्दी विषय का प्रथम प्रश्नपत्र हल करेगें।

### पेपर बहुत अच्छा आया था - पूर्वी



छात्रा पूर्वी जैन ने बताया कि ५ फरवरी को हिन्दी विषय का पेपर था और पेपर बहुत अच्छा आया था, सभी प्रश्न पाठ्यपुस्तक से पढ़ाये गये प्रश्न ही पूछा गया था, बहुत अच्छा पेपर गया है, उम्मीद है कि इसी तरह से पेपर आना चाहिए जिससे हम लोग अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो जायेगें।

### 335 विद्यार्थियों ने हल किया हिन्दी का पेपर - अरूण

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा केन्द्राध्यक्ष अरूणकुमार बिठले ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार ५ फरवरी से कक्षा १० वीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है जिसमें लालबर्रा उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा १० वीं के ३३९ विद्यार्थी में से ३३५ विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय का प्रथम प्रश्नपत्र का पेपर प्रातः ९ बजे से दोपहर १२ बजे तक हल किये है, किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना, ४ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। श्री बिठले ने बताया कि ६ फरवरी से कक्षा १२ वीं की परीक्षा शुरू होने वाली है जिसमें २३४ विद्यार्थी प्रथम दिन हिन्दी विषय का प्रश्नपत्र




# सड़क के किनारे खरपतवार होने से हो रहे हादसे, जिम्मेदार मौन

## खरपतवार ( झाड़ियों ) की साफ-सफाई करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत खमरिया से निलजी पहुंच मार्ग के दोनों ओर खरपतवार (झाड़िया) उग जाने के कारण मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व ग्रामीणजनों को मोड़ाई में दूर से आने-जाने वाली मोटरसाइकिल, साइकिल, अन्य वाहन व लोग दिखाई नही देने आवागमन करने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीण एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश



व्याप्त है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत खमरिया से निलजी पहुंच मार्ग का विगत वर्ष पूर्व प्रधानमंती ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा डामरीकरण सड़क का निर्माण करवाया गया है परन्तु मार्ग के दोनों ओर झाड़ियों (खरपतवार) की लंबे समय से साफ-सफाई व कटाई नही करवाई गई है और मार्ग में ५-६ मोड़ाई है। साथ ही घनी झाड़िया होने के कारण उक्त स्थानों से जब लोग आना-जाना करते है तो उन्हे खासा परेशानी होती है एवं जंगल क्षेत्र होने के कारण जंगली वन्यप्राणियों के छुपे रहने का भी डर बना हुआ रहता है और पूर्व में दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। जबकि इस मार्ग से रोजाना स्कूल के विद्यार्थी व ग्रामीणजन आना-जाना करते है और मार्ग के दोनों ओर झाड़िया उग जाने के कारण आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणजनों एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीण एवं राहगीरों ने खमरिया से निलजी पहुंच मार्ग के किनारे की झाड़ियों की साफ-सफाई व कटाई करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है ताकि आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

# जनपद में हुई सामान्य सभा की बैठक

## अफसरों को विधायक का अल्टीमेटम, काम करो वरना दूसरे आने तैयार

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत कटंगी के सभा हाल में सोमवार 05 फरवरी को विधायक गौरव सिंह पारधी, जनपद अध्यक्ष कविता देशमुख की प्रमुख उपस्थिती में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है. बैठक में सभी जनपद पंचायत सदस्य और सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे. दरअसल, यह बैठक विभागीय समीक्षा के हिसाब से रखी गई थी लेकिन कार्य के प्रति लापरवाही देखकर विधायक नाराज होते हुए अधिकारियों से कहा कि काम करें वरना यहां से जाने के लिए तैयार रहे. यहां दूसरे लोग आने को तैयार है जो काम करने के इच्छुक है. विधायक ने खासतौर पर यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहीं. इस दौरान जनपद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की पेयजल योजनाओं की स्थिति से अवगत कराते हुए इनमें होने वाली लेटलतीफी पर अफसरों पर सवाल दागे. जिनका अधिकारी बहुत अधिक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए. विधायक ने इस विभाग के अधिकारी से कहा कि वह सभी 81 ग्राम पंचायतों का जमीनी सर्वे करें और वास्तविकता का पता लगा. पठार अंचल के गांवों को बावनथड़ी नदी से ही पानी मुहैया हो इसके लिए एक सामुहिक नल-जल योजना बनाए. सामान्य सभा की बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी ने भी विभागीय योजनाओं और लाभार्थियों की जानकारी दी किन्तु इस जानकारी पर जनपद सदस्यों और विधायक ने असंतोष जाहिर किया. कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उन्होंने इस वर्ष सरकार की जिन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया है. उन सभी हितग्राहियों की योजनावार जानकारी जनपद कार्यालय और विधायक कार्यालय को मुहैया करवाएं. बैठक में मत्स्य, उद्यानिकी, वन, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी. विधायक ने अधिकारियों ने कहा कि अगर विभाग में किसी भी प्रकार की कमी है तो वह अपने लेटर हेड पर एक पत्र विधायक के नाम लिखकर उन्हें दे ताकि सरकार से इन समस्याओं को दूर कराने के लिए पत्राचार किया जा सके. मत्स्य, उद्यानिकी और कृषि विभाग ने कर्मचारियों की कमी होने से कार्य प्रभावित होने की जानकारी दी. बैठक में मनरेगा के निर्माण कार्यों में माह जून 2023 से दिसंबर 2023 तक जारी किए गए एफटीओ के बिल, वाउचर की समीक्षा, मनरेगा योजना अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की उपयंत्रीवार समीक्षा, मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा, जनपद पंचायत कटंगी कार्यालय के सामने स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नीलामी के संबंध में चर्चा, सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आय-व्यय की समीक्षा, 15वां वित्त आयोग जनपद स्तर के प्रगतिरत निर्माण कार्यों की उपयंत्रीवार समीक्षा, पोस्ट ऑफिस के बाजू में स्थित जनपद के विश्रामगृह को किराए पर दिए जाने संबंधी विचार और निर्णय, जनपद पंचायत कटंगी की भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण के संबंध में विचार और निर्णय सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की गई. बैठक में सभी जनपद सदस्य, और लगभग सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे. विधायक ने बारी-बारी से सभी विभागों के अधिकारियों से विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और कुछ विभागों को आगामी समय के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और दायित्व भी सौंपें गए. वहीं समय सीमा में इनकी रिपोर्ट विधायक कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा है।



# उपज बेचने के बाद भी खाते में राशि आने का इंतजार कर रहे अन्नदाता

## धान का परिवहन होने के बाद भी किसानों के खातों में नही आया भुगतान, किसान परेशान






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देशानुसार सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई है और खरीदी गई धान के परिवहन का कार्य जारी है। तो वहीं कुछ समितियों से धान का परिवहन हो चुका है उसके बावजूद में कुछ किसानों के खातों में अब तक राशि नही आई है यानि उपज का दाम नही मिल पाया है। जिससे किसान परेशान होकर रोजाना जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं सेवा सहकारी समितियों का चक्कर लगा रहे है। लेकिन वह से भी संतुष्टजनक जवाब नही मिलने से किसान परेशान है। वहीं किसानों ने उपज बेचने के बाद भुगतान खाते में नही आने की शिकायत सीएम हेल्पलाईन में भी की है परन्तु शिकायत के बाद भी किसानों की समस्या का समाधान नही हो पाया है जिससे उन्हे खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि उपज बेचने के साथ परिवहन भी हो चुका है परन्तु अब तक हर समितियों से १० से १२ किसानों के खातों में राशि का भुगतान नही हो पाया है। इसी तरह नगर मुख्यालय से ८ किमी. दूर सेवा सहकारी समिति बल्हारपुर एवं पलाकामथी धान खरीदी केन्द्र से भी धान का परिवहन हो चुका है परन्तु अब तक १० से १२ किसानों का भुगतान उनके खातों में नही आया है जिससे वे खासा परेशान नजर आ रहे है। किसानों ने जल्द खातें में उपज का भुगतान किये जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। आपकों बता दें कि लालबर्रा विकासखण्ड की ८० प्रतिशत आबादी पूरी तरह से कृषि पर ही निर्भर है और उनके द्वारा कृषि करके ही अपने परिवार का भरण पोषण किया जाता है। लेकिन वर्तमान समय में आधुनिक कृषि होने के कारण किसानों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है जिससे खेती महंगी हो गई है। इसके बावजूद किसान कर्ज लेकर अपनी खेती कर रहा है एवं फसल पकने के बाद उसे शासन को समर्थन मूल्य में विक्रय कर रहे है जिससे उन्हे बाजार से अधिक दाम मिल सके और वह अपने कर्ज को समाप्त कर सके। लेकिन वर्तमान में लालबर्रा एवं खमरिया जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की उपज समर्थन मूल्य में खरीदी की गई है परन्तु कुछ समितियों से धान का परिवहन नही हुआ है और कुछ समितियों से धान का परिवहन हो चुका है। जिन किसानों के धान का परिवहन हो चुका है उसमें से कुछ किसानों के खातों में अब तक भुगतान नही आया है जिससे किसान खासा परेशान है। साथ ही उपज बेचने के बाद भुगतान नही आने से किसानों को आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन में लगाई गई धान की फसल को समर्थन मूल्य में विक्रय किया गया है परन्तु धान खरीदी का कार्य पूर्ण होने के बाद परिवहन भी हो चुका है परन्तु कुछ किसानों के खातों में अब तक भुगतान नही आया है। जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि किसान खेती दुसरे से कर्ज लेकर करता है और फसल बेचने के बाद जिससे रूपये उधार लेते है उसे वापस करने के साथ ही अपनी जरूरतों की सामग्री की खरीदी करते है परन्तु जिन किसानों के खातों में भुगतान नही आया है वे परेशान है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि अधिकांश किसानों के खातों में भुगतान हो चुका है कुछ ही किसान है जिनके खातों में तकनीकी त्रुटि के कारण भुगतान विलंब से आ रहा है।

### तकनीकी समस्या के चलते 10 से 12 किसानों के खातों में नही आया है भुगतान - विनोद

सेवा सहकारी समिति बल्हारपुर प्रभारी प्रबंधक विनोदकुमार ठाकरे ने बताया कि बल्हारपुर समिति के अंतर्गत दो धान खरीदी बनाये गये थे और दोनों खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन हो चुका है जिसका स्टेटमेंट भी तैयार हो चुका है। लेकिन तकनीकी समस्या के कारण कुछ किसानों के खातों में भुगतान नही आया है जिसके बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है जिनके द्वारा आश्वास्त किया गया है कि जल्द भुगतान हो जायेगा। श्री ठाकरे ने बताया कि कुछ किसानों के खाते में भुगतान आने लगा है, १० से १२ किसानों के खातों में भुगतान नही आया है जबकि परिवहन के साथ ही एक्सटेंशन भी बन चुके है और दोनों खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन हो चुका है, जल्द ही शेष किसानों के खातों में भुगतान आ जायेगा।

# अ.भा.ग. समाज महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, कार्यकारिणी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण २८ को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट रोड़ स्थित लॉन में आगामी २८ फरवरी को अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यकारिणी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह एवं गढ़वाल समाज का स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर ने बताया कि गत २१ जनवरी को लालबर्रा में लोकतांत्रिक प्रजातांत्रिक पध्दति से वयस्क मतदाताओं द्वारा अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा का चुनाव संपन्न हुआ था जिसमें सचेन्द्र सिलेकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं और नवनिर्वाचित महासभा अध्यक्ष, कार्यकारिणी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह एवं गढ़वाल समाज का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के.सी. ब्रम्हे पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा, सूरज ब्रम्हे पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा, कमलेश अजीत पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के मुख्य आतिथ्य में २८ फरवरी को संपन्न होगा। श्री सिलेकर ने बताया कि इस शपथ ग्रहण समारोह एवं गढ़वाल समाज के स्थापना दिवस के अवसर पर वर्ष २०२३ में कक्षा १० वीं, १२ वीं में बोर्ड परीक्षा में ८० प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण होने वाले गढ़वाल समाज के विद्यार्थियों, सामाजिक सेवा, शासकीय सेवा एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के व्यक्तियों का राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मान किया जायेगा। साथ ही महाकाल ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। इस अवसर पर स्वजातीय बंधुओं एवं पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर ने की है।

# जाम में अंतर्राज्यीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत जाम में गोल्डन कप टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में ग्रामीण स्तरीय एवं अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट गत २९ जनवरी से जारी है जिसका समापन ६ फरवरी को फाइनल मैच के साथ समारोहपूर्वक किया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए जनपद सदस्य जाहिद खान ने बताया कि अंतर्राज्यीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर, डुलेन्द्र ठाकरे, जनपद उपध्यक्ष किशोर पालीवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ढांडे, युवा नेता शांतनु मुंजारे, समाजसेवी शैलेश सोनी, रणधीर सिंह सेंगर, विकास तिवारी, बरघाट कॉमेडी किंग बनवारी सेठ व बांगा भैया के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ होगा। श्री खान ने बताया कि आयोजित भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तुमाड़ी एवं किन्ही (लांजी), बालाघाट और भोपाल के मध्य होगा सेमीफाइनल मैच जिसके बाद विजेता टीमों के मध्य फ़ाईनल मैच खेला जायेगा। इस अवसर पर जिले सहित क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील जनपद सदस्य, टूर्नामेंट संयोजक जाहिद खान, कार्यक्रम अध्यक्ष सत्येंद्र दमाहे, उपाध्यक्ष दुलीचंद नगपुरे, रामदेव शाकुरे, सचिव सत्यनारायण श्रीवास, सहसचिव बब्बू भाई, कोषाध्यक्ष व ग्राम सरपंच सुरेंद्र बलोने, कार्यक्रम प्रभारी देवराज ठकरेले सहित अन्य पदाधिकारी एवं समस्त ग्रामीणजनों ने की है।



# ट्रक की चपेट में आने से बलराम दलवानी की मौत

## मामला पुलिस थाना वारासिवनी के सामने का





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के बस स्टैंड स्थित पुलिस थाना वारासिवनी के पास में ४ फरवरी की रात करीब ११ बजे ट्रक की चपेट में आने से बलराम पिता स्वर्गीय हरगुनदास दलवानी उम्र ५५ वर्ष की मौत हो गई ।तो वहीं उनके साथी सुधीर पिता सूरज सोहाने घायल हो गया। जिसमें पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है ।वहीं धान से भरे ट्रक को जप्त कर पुलिस थाना वारासिवनी में सुरक्षित खड़ा करवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बलराम पिता स्व. हरगुनदास दलवानी उम्र ५५ वर्ष निवासी वार्ड नं. ७ वारासिवनी जो ईलेक्ट्रिक की दुकान नेहरु चौक वारासिवनी में चलाते थे। वह ४ फरवरी को करीबन रात्रि ११ बजे सुधीर पिता सूरज सोहाने के साथ खाना खाकर मोटर सायकल क्रमांक एमपी ५० एमडी ६६९२ से बस स्टैण्ड तरफ घुमने गये थे। जहाँ से वह घर वापस आ रहे थे बस स्टैण्ड के सामने आकाश फल दुकान के सामने मैन रोड़ पर पहुंचे थे जो जयस्तंभ चौक की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से बालाघाट की तरफ से आ रहे धान से भरे ट्रक क्रमांक सीजी ०८ एजी ४४३५ के चालक द्वारा वाहन को खतरनाक ढंग से चलाकर मोटर सायकल एमपी ५० एम डी ६६९२ को ठोस मार दिया। जिससे बलराम दलवानी एंव सुधीर सोहाने मोटर सायकल सहित रोड़ पर गिर गये व बलराम दलवानी ट्रक के पिछले चक्का के नीचे आ जाने से दाहिने पैर व बाये पैर में गंभीर चोट लगी थी। जिन्हे तत्काल सिविल अस्पताल वारासिवनी उपचार के लिए लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार कर बलराम दलवानी को डाक्टर के द्वारा बेहतर इलाज के लिए बालाघाट रिफर कर दिया गया था। जिन्हें बालाघाट लेकर जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जहाँ से उन्हें सिविल अस्पताल वारासिवनी लेकर आ गये वहीं घटना में सुधीर सोहाने को हाथ में चोट आयी है जो बालाघाट अस्पताल में भर्ती है। मामले में सिविल अस्पताल के द्वारा मृत शव की अस्पताल तहरीर पुलिस थाना वारासिवनी को दी गई । जिसमें सहायक उपनिरीक्षक महलसिंह धुर्वे के द्वारा ५ फरवरी को अस्पताल में शव का निरीक्षण कर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही की गई। इसके बाद शव का पोस्ट मार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं मामले में रात में ही ट्रक को वारासिवनी थाने में खड़ा करवा दिया गया था जिसमें मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### ट्रक के पिछले चक्के में आने से बलराम दलवानी की मौत हो गई है -बलराम आहुजा

नगरवासी बलराम आहुजा ने पद्मेंश से चर्चा में बताया कि बलराम दलवानी सुधीर सोहाने के साथ खाना खाने के बाद घूमने के लिए निकले हुए थे ।जो बस स्टैंड से वापस अपने घर आ रहे थे तभी पीछे से आ रहे धान से भरे ट्रक के द्वारा उन्हें टक्कर मार दी गई। ट्रक के पिछले चक्के में बलराम दलवानी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई है ।मौके पर वह जिंदा थे जिन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया वहां उपचार के बाद जिला चिकित्सालय ले जा रहे थे ।उस दौरान रास्ते में मौत हुई वहीं उनके साथी सुधीर सोहाने घायल हो गये हैं।

### इस मामले में जांच की जा रही है -महलसिंह धुर्वे

जांचकर्ता सहायक उपनिरीक्षक महलसिंह धुर्वे ने बताया कि मृतक बलराम दलवानी और उसका मित्र पुलिस थाना वारासिवनी के पास में ट्रक की चपेट में आ गये। जिसमें बलराम की मौत हो गई और उसका साथी घायल है जिसमें मर्ग कायम कर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही की गई ।वहीं पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में जांच की जा रही है इसमें ट्रक और मोटर साइकिल दोनों बस स्टैंड से जय स्तंभ चौक की ओर जा रहे थे।

# यंग ब्राइट क्लब सिवनी मालवा पहुंची सेमीफाइनल में

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी २०२४ के क्वार्टर फाइनल मैंच डब्ल्यूसीआर जबलपुर और यंग स्टार क्लब सिवनी मालवा के बीच खेला गया । जिसमें सिवनी मालवा ने पिछले वर्ष के विजेता को डब्ल्यूसीआर को ४ विकेट से हराकर सेमीफायनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी । इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति संतोष शिव, संदीप मिश्रा, मदन धार्मिक, श्रीमती रूकमणी बिसेन, श्रीमती रितु खरे, श्रीमती ललीता ठाकरे, श्रीमती मधु जायसवाल, मोनू लिमजे, धर्मेन्द्र जोशी, प्रवीण डोंगरे, विवेक ऐडे, प्रवीण रूसिया उपस्थित रहे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर डब्ल्यूसीआर के बल्लेबाज , सिवनी मालवा के गेंदबाज शुभम झावा के सामने लडखडाते हुए अपनी टीम निर्धारित २० ओवर भी नही खेल पाये और १७.४ ओवर में मात्र १४६ रनों का स्कोर ही बना पायें ।जबलपुर की ओर से पारी की शुरूआत करने उतरे अंकुश सिंग और भूपेंद्र यादव ज्यादा कुछ नही कर पाये और २० रनों के स्कोर पर पहला विकेट भूपेद्र यादव के रूप में गिरा ।जिसमें अंकुश सिंह ने सम्हलकर खेलते हुए ११ गेंदों पर ३ चौके और १ छक्के की मदद से २१ रन बनाए। जबकि भूपेंद्र यादव शुन्य रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए जिसके बाद डब्ल्यूसीआर की बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर एक के बाद एक आउट होते गये ।एक समय था जब जबलपुर का ६ ओवर में ५२ रनों के स्कोर पर ५ विकेट हो चुके थे जिसमें सिवनी मालवा के स्पीनर शुभम झावा के ३ विकेट शामिल रहे ।तब सलमान बेग ने एक छोर को सम्हाले रखा वहीं दूसरी छोर पर विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा । सलमान बेग की अर्धषतकीय पारी की बदौलत जबलपुर की टीम १४६ रनों का स्कोर तक जैसे तैसे पहुंची ।जिसमें सलमान बेग ने शानदार खेलते हुए ४० गेंद पर ९चौके की मदद से ५० रन बनाकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया ।शुभम झावा ४ ओवर ३६ रन देकर ४ विकेट, संदीप कैथवास ने २.४ ओवर २१ रन देकर ३ विकेट, अविनाश तिवारी ४ ओवर २७ रन देकर २ विकेट प्राप्त किया ।जीत के लिए १४७ रनों के लक्ष्य का पिछा करने उतरी सिवनी मालवा ने १८.३ ओवर में ही ६ विकेट खोकर यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया ।जिसमें ओपनर बल्लेबाज नवनीत सिंग चौहान और संदीप केथवास ने पहले विकेट के लिए ३७ रनों का योगदान दिया ।नवनीत सिंग चौहान ने ३२ बालों पर ४ चौके और ३ छक्कों की मदद से ४५ रन का योगदान दिया। मीत त्रिपाठी ने ३२ बालों पर ५ चौके और १ छक्के की मदद से ४१ रन का योगदान दिया । सिवनी मालवा के स्पीनर शुभम झावा को ४ विकेट एवं २३ रनों के लिए मैन आफ द मैच चुना गया ।जिसे देवधर क्लब के संरक्षक पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के हस्ते पुरूस्कार प्रदान किया गया।



# हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रारंभ

## २०४१ परीक्षार्थियों ने हिंदी का प्रथम पेपर किया हल



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देश अनुसार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा ५ फरवरी से प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी में वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत १० परीक्षा केंद्रों में उक्त परीक्षा का आयोजन शासन के निर्देश अनुसार किया गया। यह परीक्षा सुबह ९ बजे से १२ तक संचालित की गई। जिसमें २०४१ परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर हिंदी विषय का प्रथम पेपर का प्रश्न पत्र हल किया। इस दौरान जिला कलेक्टर के द्वारा गठित उड़नदस्ता एवं प्रतिनिधियों के द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुबह से परीक्षा प्रारंभ करवाई गई। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा दसवीं का पहला पेपर देने के लिए छात्र छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया जो समय से आधा घंटे पहले केंद्र में उपस्थित हो गए थे। वहीं छात्र छात्राओं के माता पिता पूरे परीक्षा के दौरान विद्यालय के सामने इंतजार करते नजर आयें। इस दौरान किसी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं बना सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न की गई।

### २०७८ परीक्षार्थियों में ३७ परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत कक्षा दसवीं की हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा १० परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। जिसमें सीएम राइज शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में ३५७ परीक्षार्थियों में से ३४५ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में ३०६ परीक्षार्थी में से ३०१ परीक्षार्थी उपस्थित रहे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा रामपायली में ३३६ परीक्षार्थियों में से २२८ परीक्षार्थी उपस्थित रहे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झालीवाड़ा में १७८ परीक्षार्थियों में से १७५ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलेझरी में २०७ में से २०७ परीक्षार्थी उपस्थित रहे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंढकी में१५६ में १५६ परीक्षार्थी उपस्थित रहे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदबुदा में २४८ परीक्षार्थियों में २४३ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपायली में २०१ परीक्षार्थियों में से १९७ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। शासकीय हाईस्कूल डोगंरमाली में १०८ में से १०८ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं कैरियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में ८१ में से ८१ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल दर्ज २०७८ परीक्षार्थियों में से २०४१ परीक्षार्थी उपस्थित रहे ३७ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### कक्षा १२वीं की परीक्षा में १५८५ परीक्षार्थी होंगे शामिल

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल की कक्षा १२ वीं की परीक्षा ६ फरवरी से प्रारंभ होना है । जिसमें वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत १० परीक्षा केंद्रो में १५८५ परीक्षार्थी उपस्थित होकर प्रथम पेपर हिंदी का हल करेंगे। जिसमें सीएम राइज शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में ३६१, कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में १९९, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा रामपायली में ९०, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झालीवाड़ा में ११९, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलेझरी में १३१, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंढकी में १५३, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदबुदा में १४६, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपायली में २४९, शासकीय हाईस्कूल डोगंरमाली में ५७, कैरियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में ८० इस प्रकार कुल दर्ज संख्या १५८५ परीक्षार्थियों के द्वारा पेपर दिया जायेगा।

### गठित टीम में एसडीएम और तहसीलदार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया-आर एस मर्सकोले

विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर एस मर्सकोले ने पदमेश से चर्चा में बताया कि कक्षा दसवीं की हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिसमें पहले दिन हिंदी के पेपर को परीक्षार्थियों के द्वारा हल किया गया। इस दौरान वारासिवनी विकासखंड में १० परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । जिसमें कुल २०७८ परीक्षार्थियों में से २०४१ परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर पेपर हल किया जिसमें ३७ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न की गई । वहीं जिला कलेक्टर के द्वारा गठित उड़न दस्ते में एसडीएम और तहसीलदार के द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसी प्रकार का नकल प्रकरण सामने नहीं आया है।

# नगर में दो प्रतिष्ठानों के टूटे ताले

## अज्ञात चोरों की धमक बरकरार, नगर वासियों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदात का क्रम बना हुआ है और अज्ञात चोरों के द्वारा प्रतिष्ठानों को अपना निशाना बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में ३ से ४ फरवरी की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा नगर के रामपायली रोड़ स्थित शिवम टाइल्स एवं चौधरी हार्डवेयर के ताले तोड़कर चोरी की वारदात की गई। जिसमें चोरों के द्वारा दुकान की तलाशी लेकर नकद राशि की चोरी की गई। जिसमें पुलिस के द्वारा मौका निरीक्षण कर प्रतिष्ठान संचालक की शिकायत पर मामले में जांच करने की बात कही जा रही है। इसमें हार्डवेयर में घटित हुई चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है।

### यह है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के रामपायली रोड़ स्थित शिवम टाइल्स और चौधरी हार्डवेयर दुकान के संचालक ३ फरवरी की रात में प्रतिदिन की तरह अपने प्रतिष्ठान को बंद कर रात्रि में अपने घर चले गए थे। जिसके बाद ४ फरवरी की सुबह शिवम टाइल्स के संचालक दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने शटर को उठा हुआ पाया। जिन्होंने अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था और ड्राज में रखे करीब ३५००० रुपए गायब थे। जिसकी जानकारी उनके द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी को दी गई ।जिसमें उनकी शिकायत पर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। वहीं रामपायली रोड़ स्थित चौधरी हार्डवेयर के संचालक के ४ फरवरी को पिताजी का दसक्रिया का कार्यक्रम होने से वह दुकान नहीं आए थे । जो ५ फरवरी को अपने प्रतिष्ठान पहुंचे तो उनका भी शटर उठा हुआ था जिन्होंने अंदर जाकर देखा तो ड्राज का सामान बिखरा पड़ा हुआ था । वहीं हीरो होंडा कंपनी के मोटर साइकिल की चाबी रखी हुई थी जिसके द्वारा लॉक खोला गया है। वहीं अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तिरछा कर दिया गया था जहां से चोरों के द्वारा करीब ३००० रुपए काउंटर से चोरी किए गए हैं । जिसमें उनके द्वारा भी पुलिस में घटना की सूचना दी गई है। वहीं दोनों प्रतिष्ठान संचालकों के द्वारा अज्ञात चोरों पर कठोर कार्यवाही कर जल्द गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है।

### पुलिस को बसर नहीं आ रहे चोर

पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के घरों और प्रतिष्ठानों में लगातार चोरी होने की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है । जिससे ऐसा लग रहा है कि चोरों के इतने हौसले बुलंद हो गए हैं कि वह अब पुलिस को बसर नहीं आ रहे हैं। वह बिंदास होकर नगर सहित क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देते जा रहे हैं । जबकि पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार इस ओर कठोर कदम उठाने की बात कही जा रही है । उसके बाद भी इस प्रकार की चोरी की वारदात पुलिस प्रशासन के दावों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही है। इस प्रकार की घटना से ग्रामीण सहित नगर वासियों में भय का माहौल व्याप्त है, हर कोई अपना घर छोड़ने से कतरा रहा है तो वहीं दुकान संचालक भी भयभित में है कि कब उनकी दुकान का ताला टूट जायें। जो पुलिस प्रशासन से सुरक्षित महसूस करने की अपील कर रहे हैं।

### घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है-आशीष चौधरी



चौधरी हार्डवेयर के संचालक आशीष चौधरी ने बताया कि हमारे घर में चार फरवरी को पिताजी की दसक्रिया का कार्यक्रम था ।तो हम दुकान नहीं खोले थे ३ से ४ फरवरी की दरमियानी रात दो चोर मोटर साइकिल से आए थे जिन्होंने रोड़ पर बाइक खड़ी कर चोरी की वारदात की । और जो हमारे सीसीटीवी कैमरे है उसकी दिशा बदल दी। इनके द्वारा शटर को उठाकर चोरी की गई है जो अपने साथ एक चाबी लेकर आए थे । जिससे लॉक खोलकर ज्यादा नहीं करीब ३००० रुपये की चोरी किए हैं। सामान का अभी स्पष्ट नहीं है क्योंकि हमने अभी चेक किया नहीं है ,इस प्रकार से जो अपराध बढ़ता जा रहा है वह चिंता का विषय है पुलिस को सख्ती से कार्यवाही करना चाहिए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है परंतु चेहरा ढका होने से स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे है।

### चोरों के द्वारा ३५००० रुपए चोरी किए गए हैं-संजय टेंभरे



टाइल्स दुकान संचालक संजय टेंभरे ने बताया कि ३ फरवरी की रात में वह रोज की तरह दुकान बंद कर चले गए थे । दुकान के शटर में दो ताले लगते हैं जिसमें एक ताला नहीं लगाया था। जिसे रॉड डालकर उठाया और ड्राज से कैश निकालकर चले गये यह रात में २ से ३ बजे की घटना है जिसकी शिकायत हमने पुलिस को की है। चोरों के द्वारा ३५००० रुपए चोरी किए गए हैं बाकी कोई सामान नहीं ले गए हैं । ऐसा नहीं होना चाहिए नगर सहित क्षेत्र में बहुत चोरी बढ़ गई है पुलिस को इधर ध्यान देना चाहिये। हमारे यहां पुलिस आई थी कैमरा पूछी तो हमने नहीं लगाया है परंतु पुलिस को चोरों पर अंकुश लगाना चाहिए।

### चोरी की वारदात बढ़ना पुलिस की असफलता का कारण है-सुनील राणा



सुनील राणा ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि शहर में दो बड़े प्रतिष्ठान शिवम टाइल्स और चौधरी हार्डवेयर में चोरों ने एक ही रात में चोरी की वारदात की गई है। जिसमें एक दुकान में चोरी की घटना का कल पता चला था और एक चोरी की घटना आज पता चला है। वारासिवनी हो या रामपायली कोई भी क्षेत्र हो चोरी की वारदात लगातार बढ़ती ही जा रही है । मेहदोली और बघोली में भी पानी की मोटर चोरी हुई है इसकी सूचना हमें सुबह मिली थी। इस प्रकार चोरी की वारदात बढ़ना पुलिस की असफलता का करण है और यह उनकी गस्त और रवैया ठीक नहीं होने से है ।जिसमें सुधार कर तत्काल चोरों पर अंकुश लगाना चाहियें। कहीं ना कहीं ग्राम एवं शहर में चोरी की वारदात लगातार होने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि नगर में मुस्तैदी के साथ पुलिस प्रशासन के द्वारा गस्त की जा रही है। जिसमें बल बढ़ा दिया गया है रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और प्रत्येक व्यक्ति से पूछताछ भी की जा रही है।

**शंकर सिंह चौहान**
**थाना प्रभारी पुलिस थाना**
**वारासिवनी**

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# एक खुशनुमा पहल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के अंतरिम बजट भाषण में छतों पर सौर पैनलों का इस्तेमाल करके देश के एक करोड़ घरों में बिजली की आपूर्ति करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना दोहराई गई। वित्त मंत्री ने दावा किया कि इससे संबंधित घरों को सालाना 15,000 रुपये बचाने में मदद मिलेगी। अब तक की जानकारी के मुताबिक 300 यूनिट प्रति माह से कम मासिक बिजली की खपत वाले घर एक मध्यम आकार की सौर प्रणाली (1-2 किलोवाट) स्थापित करने के योग्य होंगे और इसका खर्च सरकार वहन करेगी। इसका मतलब न्यूनतम परिव्यय एक लाख करोड़ रुपये हो सकता है। फिलहाल, छतों पर लगाए जाने वाली सौर प्रणाली पर 40 फीसदी तक की सब्सिडी दी जाती है और शेष उपभोक्ताओं को वहन करना पड़ता है। प्रस्तावित नीति के तहत, सब्सिडी 60 फीसदी तक बढ़ जाएगी और बाकी का वित्तपोषण एक निजी डेवलपर द्वारा किया जाएगा जो विद्युत मंत्रालय से जुड़े एक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम से संबद्ध है। यह स्पष्ट रूप से स्थापना में गुणवत्ता और विश्वसनीय सेवा सुनिश्चित करेगा। 'नेट-मीटरिंग' की एक व्यवस्था होगी, जिसमें घरों द्वारा उत्पादित अधिशेष बिजली को ऋण चुकाने के लिए ग्रिड को वापस बेचा जा सकता है, हालांकि इसे लागू करने का वास्तविक तरीका काफी जटिल हो सकता है। जिन घरों में एयर कंडीशनर और हीटर होते हैं, वहां 300 यूनिट की मासिक खपत मामूली है, लेकिन राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, यह खपत का एक महत्वपूर्ण पैमाना है। भारत में 25 करोड़ से 30 करोड़ घरों में से लगभग 80 फीसदी से 85 फीसदी घर एक महीने में औसतन 100 यूनिट से 120 यूनिट बिजली का इस्तेमाल करते हैं। लिहाजा, इस योजना के लिए पात्र एक करोड़ घर ढूंढना कोई मुश्किल काम नहीं होगा।

पहले की सौर संवर्धन नीतियों की तुलना में बड़ा अंतर यह है कि राज्य की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के उलट केंद्र ही सौर ऊर्जाकरण पर जोर देगा। भारत की डिस्कॉम कंपनियों, जिनमें से अधिकांश भारी घाटे में चल रही हैं, को उच्च खपत वाले ग्राहकों को छत पर सौर पैनल लगाने जैसे विकेंद्रीकृत उपायों की ओर ले जाने के काम में अब तक बहुत कम प्रोत्साहन मिला है। ऐसी डिस्कॉम कंपनियों के पास घरेलू स्तर पर बिजली आपूर्ति के बारे में सबसे अच्छी जानकारियां उपलब्ध होने के मद्देनजर, उन्हें नजरअंदाज करना एक सफल रणनीति नहीं होगी। अब तक सुस्त पड़े रहे इस कार्यक्रम को रफ्तार देने का केंद्र का यह प्रयास स्वागतयोग्य है। आखिरकार, इस पहल में अगर घरों को शामिल नहीं किया गया तो विकार्बनिकृत (डीकार्बोनाइज्ड)बिजली की दिशा में उठाया गया कदम आधा-अधूरा ही होगा। अब तक, छत पर लगाए जाने वाले अनुमानित 40 गीगावाट (जीडब्ल्यू) के सौर पैनलों में से सिर्फ 12 गीगावाट लगाए जा सके हैं। यहां भी, घरेलू छतों की हिस्सेदारी केवल 2.7 गीगावाट की है और बाकी वाणिज्यिक या भवन इकाइयों पर लगी हैं। इस प्रकार केंद्र का यह कदम सौर पैनलों के सहायक घरेलू उद्योग को प्रेरित कर सकता है - आयातित पैनलों के लिए सब्सिडी उपलब्ध नहीं होगी - तथा इसे राज्यों के लिए और ज्यादा उदार बनाने के लिए इसके तौर-तरीकों में बदलाव किया जाना चाहिए। अन्यथा, एक वास्तविक जोखिम यह होगा कि पिछली पहलों में बाधा डालने वाली अधिकांश चुनौतियां फिर से पेश आयेंगी।

# पेटीएम पर हाथ कैसे डालेगी ईडी बेचारी ?

भारत में 14 साल पहले दबे पांव आयी ई-कामर्स कम्पनी पेटीएम के पांव जमाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को ही अपना ब्रांड एम्बेस्डर बना लिया था।,आज यही कम्पनी अरबों रूपये के सन्दिग्ध लेनदेन के आरोपों से घिरी है और भारतीय रिजर्ब बैंक ने इस पेटीएम पेमेंट बैंक के ऊपर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए है। 29 फरवरी के बाद इस कमपनी की अनेक सेवाएं बंद कार दी जाएँगी। मनी लांड्रिंग कि आरोपों से घिरे पेटीएम पर ईडी हाथ डालने को राजी नहीं है।

पेटीएम भारत में आ तो गयी थी कांग्रेस के जमाने में ही लेकिन उसके ब्रांड एम्ब्सडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने 2016 मे। मोदी जी की तस्वीरों के साथ जब इस कम्पनी के एक-एक पृष्ठ के विज्ञापन देश के हर बड़े अख़बार और टीवी चैनलों पर दिखाए गए तो देश की जनता ने इस कम्पनी पर भरोसा कर इसे हाथों-हाथ लिया। लेकिन अंततोगत्वा भारतीय रिजर्ब बैंक ने इस कमपनी द्वारा किये जा रहे अरबों-खरबों रूपये के संदिग्ध लेनदेन को पकड़ा तो इस कम्पनी पर प्रतिबंध लगा दिया गया । कमपनी के अघोषित संरक्षक या ब्रांड एम्बेस्डर मोदी जी भी इस कार्रवाई को रोक नहीं सके। हालाँकि बाद में सरकार ने साफ़ किया की प्रधानमंत्री के फोटो का पेटीएम ने गलत इस्तेमाल किया और इसके लिए उसने बाद में माफी भी मांग ली थी ,क्योंकि सरकार ने उसके ऊपर जुर्माना लगा दिया था। मोदी जी के साथ पेटीएम के सीईओ विजय शर्मा की नजदीकियां जगजाहिर हैं।

भारतीय रिजर्ब बैंक ने कहा है कि पेटीएम ने नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए ये फ़ैसला लिया गया है। बैंक के इस एलान के बाद से पेटीएम के शेयरों में भारी गिरावट आई। पेटीएम के शेयर 20 फ़ीसदी तक गिर गए। पेटीएम के शेयर का दाम 609 रुपये तक पहुंच गया है, जो बीते छह सप्ताह में सबसे कम कीमत है। आपको बता दें कि पेटीएम के पास डिजिटल पेमेंट बाज़ार का 16-17 फ़ीसदी हिस्सा है और जानकारों के मुताबिक करोड़ों लोग इससे प्रभावित होने जा रहे हैं।

देश में भाजपा की सरकार बनते ही पेटीएम की किस्मत अचानक जागी क्योंकि कंपनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका ब्रांड एम्बेस्डर बना लिया था।। उनकी तस्वीरों वाले विज्ञापन जब अख़बारों और दुसरे माध्यमों में आये तो देश की जनता ने इस कम्पनी को हाथोंहाथ लेना शुरू किय। 2014 में, कंपनी ने 40 लाख से अधिक भारत की सबसे बड़ी मोबाइल भुगतान सेवा मंच पेटी ?म वॉलेट का शुभारंभ किया। यह सेवा उबेर , बुक माय शो



और मेक माय ट्रिप जैसे इन्टरनेट कंपनियों के पार भुगतान का पसंदीदा तरीका बन गया। तीन साल बाद ही 2017 में पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (ककक) नाम का नया बैंक शुरू किया । इसके अतर्गत अब सभी पेटीएम वॉलेट को पेटीएम बैंक में तब्दील कर दिया गया लेकिन इस शर्त कि साथ की सभी खता धारकों का केवायसी द्वारा सत्यापन कराया जाएगा।

आज की तारीख में भारत में पेटी ?म प्रीपेड मोबाइल, डीटीएच, डाटाकार्ड रिचार्ज, पोस्टपेड मोबाइल, लैंडलाइन, और डाटाकार्ड बिल भुगतान के लिए सभी राज्यों में सभी मोबाइल ऑपरेटरों के साथ काम करता है। इसने कई राष्ट्रीय बैंक के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, और नेटबैंकिंग भुगतान के साथ भागीदारी की है। पेटी ?म उपयोगिता बिल भुगतान के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ काम करता है।

यदि आपकी याददास्त दुरुस्त हो तो आपको याद होगा कि भारत में नोटबंदी के बाद पेटीएम करो एक बेहद आकर्षक मुहावरा बन गया था और इसका श्रेय पेटीएम कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा को जाता ह। एक सुरीली आवाज में ये स्लोगन जब बजता था उसके फौरन बाद प्रधानमंत्री की तस्वीर भी स्क्रीन पर उभरती थी। कहते हैं कि विजय ऐसा नारा देना चाहते थे जो उनकी कंपनी को गूगल और ज़ेरोक्स की तरह ब्रैंड बना सके क्योंकि सर्च इंजन या फ़ोटोकॉपी के लिए इन कंपनियों के नाम इस्तेमाल होते हैं।

विजय शर्मा पेटीएम को ई-वॉलेट लेन-देन का पर्याय बनाना चाहते थे. लेकिन हाल में डाटा असुरक्षित होने के आरोपों के बाद कंपनी पर कई सवाल खड़े हुए हैं.हाल ई में एक मीडिया कंपनी ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया है जिसमें पेटीएम के उपाध्यक्ष और विजय शेखर शर्मा के भाई अजय शेखर शर्मा कथित तौर पर आरएसएस से नजदीकी की बात कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा देश में प्लास्टिक करेंसी को प्रोत्साहित करने कि लिए शुरू किये गए अभियान का पूरा लाभ पेटीएम को मिला । पेटीएम एप्प भी बनाया गया है जो आज के सभी स्मार्टफ़ोन ऑपरेटिंग सिस्टम एंड्राइड, एप्पल, और विंडोज पर काम करता है । इसमें हम बहुत सारे कैशलेस लेनदेन कर सकते हैं। इस एप्प के माध्यम से शौपिंग, ट्रेन और हवाई जहाज के टिकट बुकिंग, मोबाइल और डिश रिचार्ज, फिल्मो का टिकट भी खरीदने की आदत लोगों को पड़ गयी है ,लेकिन अब सब गफलत में पड़ता दिखाई दे रहा है।

पिछले छह सालों में पेटीएम के 12.5 करोड़ उपयोगकर्ता थे। हालांकि, इसको छोटी दुकानों और व्यापारियों के साथ जोड़ भी दिया गया लेकिन फिर भी लेनदेन की संख्या काफ़ी कम रही। रिजर्ब बैंक ने अपने बयान कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 के तहत की है रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने मार्च 2022 में पेटीएम पेमेंट्स बैंक से नए कस्टमर्स जोड़ना बंद करने को कहा था।

संतोष की बात ये है कि फिलहाल, आपके पेटीएम वॉलेट और पेटीएम पेमेंट्स बैंक खाते में मौजूद पैसा सुरक्षित है. आप 29 फरवरी, 2024 तक इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। 29 फरवरी के बाद आप अपना पैसा बिना किसी शुल्क के अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकते है।

आप अपना पैसा पेटीएम मर्चेंट स्टोर्स पर खर्च कर सकते हैं जो पेटीएम क्यूआर कोड स्वीकार करते हैं। बतया गया है कि पेटीएम पूरी तरह बंद नहीं हो रहा है। यह भुगतान गेटवे के रूप में काम करना जारी रखेगा, अर्थात आप क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान कर सकते है। तथापि , आप पेटीएम वॉलेट में नया पैसा नहीं जोड़ पाएंगे और फंड ट्रांसफर जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी । सूत्रों के अनुसार पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के पास लाखों गैर-केवाईसी अनुपालन वाले खाते थे और हजारों मामलों में कई खाते खोलने के लिए एक ही पैन का उपयोग किया गया था. सूत्रों ने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं, जहां लेनदेन का कुल मूल्य करोड़ों रुपये में है, जिससे धन शोधन की चिंताएं बढ़ रही हैं।

आरबीआई और लेखा परीक्षकों दोनों द्वारा आयोजित सत्यापन प्रक्रियाओं के दौरान ये बात सामने आई है। सूत्रों ने कहा कि आरबीआई को चिंता है कि कुछ खातों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा सकता है। प्रवर्तन निदेशालय को सूचित करने के साथ-साथ, आरबीआई ने अपने निष्कर्ष गृह मंत्रालय और प्रधान मंत्री कार्यालय को भी भेजा है । लेकिन अभी तक ईडी का इस्तेमाल इस मामले में नहीं किया गया है क्योंकि पेटीएम कि भारतीय स्वामी विजय शर्मा आरएएस कि भरोसेमंद आदमी माने जाते है। वे न लालू प्रसाद हैं ,न हेमंत सोरेन और न अरविंद केजरीवाल। चुनावी साल में विपक्ष भी पेटीएम कि इस मामले को मुद्दा नहीं बना पाया है।

पेटीएम का शेयर टाइटैनिक जैसा बन गया है और इसमें सवार मध्यप्रदेश के निवेशकों के अब तक 34 करोड़ 68 लाख रुपए डूब चुके हैं। पेटीएम के शेयरों में ये गिरावट कब थमेगी, ये दूर दूर तक नजर नहीं आ रहा है। पेटीएम का क्या होगा, ये तो भविष्य ही बताएगा, लेकिन इसने एमपी के निवेशकों की खून-पसीने की गाढ़ी कमाई के नुकसान के साथ उनके विश्वास को हिलाकर रख दिया है।

सूत्रों के मुताबिक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में होने वाले कुल रिटेल कारोबार का 5 फीसदी मध्यप्रदेश से होता है। इस हिसाब से माना जाए तो पेटीएम की ट्रेडिंग में गुरुवार और शुक्रवार के वॉल्यूम में करीब 5 फीसदी एमपी से हुआ होगा। गुरुवार और शुक्रवार को पेटीएम में करीब 1 करोड़ शेयर्स का कारोबार हुआ। इस हिसाब से करीब 5 लाख शेयर्स मध्यप्रदेश से बेचे गए।

# आम जनता को अन्तरिम बजट से आशा नही निराशा मिली

मोदी सरकार के द्वितीय काल अपनेअन्तिम चरण में है। केन्द्र सरकार नें संसद में अन्तरिम बजट पेश कर दिया है।इस अन्तरिम बजट ने युवाओं, महिलाओं, अन्नदाताओं,गरीबों व पूरे देश के निराश किया आर्थिक मामले के विशेषज्ञों का मानना है कि मोदी सरकार द्वारा पेस किये गए इस अन्तरिम बजट से केवल कॉरपोरेट जगत के मुनाफे के लिए तैयार किया गया है वही इसके लिए कर्षि बजट,सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं में व शिक्षा का बजट घटाया गया है। राजनीतिज्ञ पंडितओं का मानना है कि इन दिनोंलोक सभा चुनाव के तैयारियाँ चल रही है।सता पक्ष-विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों नें सता के सिंधासन पर काबिज होने के रण नीति बनाने व्यस्त है।राजनीति के शतरंज के खेल में पासे सज गए है।विपक्षी दल गठबन्धन के नाम पर चुनावों मे सीटो के बॅटवारे को लेकर ताल ठोक दिया है,वही सता पक्ष विपक्ष के नेताओं को अपनी खेमें शामिल कर रही है।विगत दिनों बिहार में नीतीश कुमार को अपने पक्ष में लाकर सता की कुर्शी पर आसीन हो गई।झारखण्ड में हेमन्त सोरेन की गिफ्तारी व चंपई सोरेन को मुख्य मंत्री पद की सपथ दिलाने राज्यपाल की भुमिका पर सवाल उठाए गए है।राजनीति के बदलते घटना क्रम में संसद का विशेष सत्र 31जनवरी 9 फरवरी तक बुलाई है।राष्टपति के अभिभाषण के बाद मोदी सरकार द्वितीय काल का अन्तरिम बजट लोक सभा में पेस किया जा चुक्रा है। अन्तरिम बजट में युवाओं,महिलाओं,अन्नदाताओं, गरीबों व पूरे देश के निराश किया यह अन्तरिम बजट केवल अपने कॉरपोरेट मित्रों के मुनाफे के लिए कर्षि बजट,सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं में व शिक्षा का बजट घटाया गया है।विगत दिनों संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट ने देश के आम नागरिकों को एक बार फिर निराश किया।एन डी ए की नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा व गठबन्धन की सरकार ने बेरोजगारी,महंगाई,गरीबी की मार झेल रही आम जनता मोदी सरकार से कुछ राहत की उम्मीद लगाए बैठी थी,वहीं मोदी सरकार दुसरे कार्यकाल के इसआखिरी बजट ने देश केयुवाओं,महिलाओं, अन्नदाताओं,गरीबों व देश के साथ एक बार फिर धोखा किया।पिछले पांच वर्षों की तरह,इस साल भी कृषि बजट साल में कटौती की गई।देश के कुल बजट के अनुपात के रूप में कृषि बजट आवंटन पिछले वर्ष के 3.20त्र(बजट अनुमान)और 3.13त्र(संशोधित अनुमान)से घट कर इस साल 3.08(बजटअनुमान)रह गया।सर्व विदित रहे कि सन 2019 में यह आवंटन 5.44त्र था।वहीं,2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की बात पर मोदी सरकार द्वारा एक बार फिर चुप्पी साध गई।देश में कृषि के संकट पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया जबकि इस साल कृषि विकास दर सिर्फ़ 1.8त्र रह गई है।न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी)की गारंटीके बारे में जिक्र तक नहीं किया गया है।पिछले वर्ष कृषि त?वरक कोष (एक्सीलेरेटर फंड)के जरिए 2516 करोड़ के निवेश का वादा किया गया था,जिसमें अब तक सिर्फ़ 106 करोड़ खर्च किए गए।सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं में कटौती की गई।बजट अनुमान 55,050 करोड़ था,जो संशोधित अनुमान में 46,741 करोड़ रह गया।ग़रीबी रेखा की परिभाषा ही बदल कर गरीबी खत्म करने का झूठ परोसा गया।गरीबी दर मापने के लिए एनएसएस के घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण को पिछले दस वर्षों से नहीं करवाया गया।सरकार की कुल टैक्स आमदनी में अप्रत्यक्ष टैक्स यूपीए के जमाने में 25त्र होता था जो मोदी सरकार में अब बढ़कर 45त्र हो गया है।इसका बोझ गरीबों पर पड़ेगा।वित्तमंत्री के बजट भाषण में देश में बेरोज़गारी की भीषण समस्या के बारे मे कोई जिक्र नहीं किया गया।मोदी सरकार का करोड़ों रोज़गार देने का जुमाला पुनः एक बार फिर से दोहराया गया।वही हम शिक्षा बजट की बात करें तो जो शिक्षा का बजट जो 2019-20 में बजट का 3.33त्र होता था,वह पिछले साल 2.51त्र तक गिर गया,वहीं संशोधित अनुमान में खर्च केवल 2.42त्र ही रह गया।एक लाख करोड़ रुपए के फण्ड की घोषणा की गई लेकिन उसके लिए बजट में कोई मद तक निर्धारित नहीं की गई।卐मिशन शक्ति卐 एक जुमला बनकर रह गया है चूंकि पिछले साल 3144 करोड़ टी बी के बजट अनुमान की तुलना में वास्तविक खर्च 2326 करोड़ (संशोधित अनुमान) ही हुआ। नारी सुरक्षा पर बजट की कटौती की गई।पिछले साल खर्च (संशोधित अनुमान)1008 करोड़ हुआ जबकि इस साल (बजट अनुमान) मात्र 955 करोड़ का है। 'लखपति दीदी' का लक्ष्य बढ़ाकर 2 से 3 करोड़ घोषित कर दिया,लेकिन इस यथार्थ के घरातल पर लागु करने लिए इस बजट में जिक्र तक नहीं है। वित्तमंत्री निंमला सीतारमण ने देश के व्यक्ति की औसत वास्तविक आय में 50त्र बढ़ोतरी का झूठ बोला।उपरोक्त आंकड़े गहन अध्यन से स्पष्ट होता है कि पिछले 5 वर्षों में मजदूरी और स्वरोजगार की आय में गिरावट आई है।वित्तीय अनुशासन के तमाम दावों के बावजूद बजट का घाटा काबू में नहीं आ रहा।बजट घाटे का औसत यु पी ए के कार्यकाल में 4.63त्र था,जो भाजपा के कार्यकाल में 5.13त्र हो गया है।जो इस वर्ष 5.8त्र तक पहुंच गया।वही वित्त मंत्री द्वारा देश पर दिन प्रति दिन बढ़ते कर्ज़ को भी देश की नागरिकों से छुपाया गया है।आई एम ए .फ (ढ्स्त्र) के अनुसार जीडीपी के अनुपात में कर्ज 81त्र हो गया है,जो 2027 तक 100त्र होने की संभावना है। पिछले पांच वर्ष के मोदी सरकार के कार्यकाल में सरकार ने अगर किसी एक वर्ग के लिए काम किया है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कॉर्पोरेट मित्र है। उन्होने वर्ष 2019 के बजट में ही कॉरपोरेट टैक्स में भारी कटौती की गई थी।दावा यह किया जा रहा था कि इससे प्राइवेट निवेश बढ़ेगा,जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ।यूपीए सरकार के दौरान सरकार की कुल टैक्स कमाई का 40त्र कॉर्पोरेट टैक्स से आता था जो कि मोदी सरकार अब घटकर 27त्र रह गया है।यह अंतरिम बजट पिछले 5 साल से मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों का ही एक और आईना है।इसका जवाब देने के लिए देश जनता को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह बीजेपी और मोदी सरकार का अंतिम बजट होगा या पुनः मोदी सरकार को पुनः अपना भाग्य विधाता मानते हुए केन्द्र की सता के सिंधासन पर आसीन कर अपने को भाग्य विधाता पर छोड दे! इसके लिए अभी अभी से कुछ समय आपको इंतजार करना पडेगा व हमें आप से यह कहते हुए विदा लेना होगा -

ना ही काहुँ से दोस्ती,ना ही काहुँ से बैर।खबरीलाल तो माँगे , सबकी खैर ।
फिर मिलेगें तीरथी नजर से तीखी खबर के संग तब तक के लिए
अलविदा ।

-विनोद तकियावाला

# जिसका गुरु बलवान, उसका चेला पहलवान...

ज्योतिष शास्त्र में गुरु ग्रह का बड़ा महत्व बताया जाता है कि जिसका गुरु बलशाली होता है वो व्यक्ति जीवन में बहुत उन्नति करता है, गुरु के बारे में तो यह भी कहा जाता है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताए यानी गुरु को गोविंद से भी ज्यादा बड़ा माना गया है क्योंकि गुरु ही गोविंद के पास ले जाने का रास्ता बताता है । गुरु की तो बचपन से ही लेकर बड़े तक इंपॉर्टेंस रहती है गुरुजी हो या, मासाब,या टीचर जी या फिर सर ये तीनों बचपन में पहाड़ा याद न करने के कारण अच्छी खासी फुड़ाई करते थे यानी गुरु का महत्व आज से नहीं बरसों से चला रहा है। कहते हैं ना कि मैंने गुरु दीक्षा ले ली है या गुरु दक्षिणा दे दी है, आजकल राजनीति में भी गुरु का बड़ा जलवा चल रहा है, जिसका भी गुरु राजनीति में बलवान होता है उसका चेला अपने आप ही राजनीति का पहलवान बन जाता है आपको कोई भले ही ना जानता हो, आपकी राजनीति में कोई औकात ना हो, आपने जिंदगी में कभी चुनाव ना लड़ा हो लेकिन यदि आपका राजनीतिक गुरु राजनीति के शिखर पर है तो फिर आपको कुछ आता जाता हो ना हो लेकिन वो गुरु आपको कहां से कहां पहुंचा दे कोई नहीं कह सकता, अपन ने तो अपने ही शहर में ऐसे कई नेता देखे हैं जिनके गुरु का जलवा राजनीति में रहा है और देखते ही देखते उनके चेले भी राजनीति के आसमान पर छा गए, वैसे भी राजनीति में योग्यता का कोई मोल तो बचा नहीं है, आप कितनी उठा पटक कर सकते हो, कितने दद फंद के सूत्र आपके अंदर विराजमान है, आपका कहां-कहां जुगाड़ है ये सब मायने रखता है और फिर सबसे बड़ी बात जो हम पहले भी कह रहे हैं कि ऐसा गुरु पकड़ो जो ऊपर तक पहुंच रखता है जिस दिन ऐसा गुरु पकड़ लोगे उस दिन आप भी पहलवान बन जाओगे क्योंकि हर गुरु चाहता है कि उसके पचीसों चेले बने रहे जो उसकी जय जयकार करते रहें अब जब जय जयकार करवाना है तो चेलों को भी तो कुछ ना कुछ प्रसाद बांटना पड़ेगा सो गुरु भी अपने खास चेलों को कुछ ना कुछ ऐसा दे देता है कि वे चेले जिंदगी भर के लिए उसके हो जाते हैं फिर वो चेला कुछ समय बाद गुरु बनकर अपने चेले बना लेता है इस तरह से एक गुरु के सैकड़ो चेलों की एक श्रृंखला बन जाती है, लेकिन ये बात सत्य हैं कि अगर आपको राजनीति में आना है तो आपको किसी बड़े नेता को अपना गुरु बनाना ही पड़ेगा तब तो आप राजनीति में एडमिशन ले सकते हो वरना करते रहो जिंदगी भर समाज सेवा, प्रदर्शन आंदोलन कोई आपको पूछने वाला नहीं ये बात तो मान लो ।

इसमें भी नंबर नहीं लग पाया

महाकौशल की राजधानी का तमगा लिए हुए घूमने वाला जबलपुर हर चीज में फिसड्डी रह जाता है इंदौर हो, भोपाल हो, ग्वालियर इन सब की तुलना में जबलपुर की स्थिति आज भी कस्बे जैसी है लोग भले ही इसे संस्कारधानी कहकर अपने आप को बड़ा गर्वित महसूस करते हों लेकिन वास्तविकता क्या है ये जबलपुर का हर व्यक्ति अच्छी तरह से जानता है। अब देखो ना सरकार कुछ शहरों को भिखारी मुक्त करना चाहती है और जो लिस्ट जारी हुई है उसमें फिर से इंदौर शामिल हो गया है यानी जबलपुर भिखारियों का शहर बना ही रहेगा और क्यों न बना रहे, यहां के नेताओं में दम ही नहीं है उन्हें हर चीज के लिए सरकारों से भीख ही तो मांगना पड़ती है यही हाल जनता का है वो अपने नेताओं से भीख मांगती है कि भैया थोड़ा बहुत डेवलपमेंट कर दो, महापौर से कहती है अतिक्रमण हटवा दो, नगर निगम से भीख मांगती है कि सड़कें सुधनवा दो लेकिन कोई भी भीख देने तैयार नहीं तो जब यहां भिखारियों की फौज है तो इसे भिखारी मुक्त शहर कैसे किया जा सकता है शायद यही सोचकर सरकार ने जबलपुर को भिखारी मुक्त शहर बनाने की लिस्ट में शामिल नहीं किया अपना मानना तो ये है कि एक हिसाब से तो यह अच्छा ही हुआ कि हमें भिखारी मुक्त शहर की श्रेणी में नहीं रखा गया वरना अभी तक जो थोड़ा बहुत भीख में मिल जाता है वो भी कहो मिलना बंद हो जाता , इसलिए भैया इसे तो भिखारीयुक्त शहर की लिस्ट में ही रहने दो हमें नहीं बनना है भिखारी मुक्त शहर ।

और कर लो जांच कुछ सरकारी अफसरों को ईमानदारी का बड़ा शौक चढ़ जाता है, अरे भैया दुनिया जिस तरफ चल रही है उस तरफ आप भी चलते चलो, किसी बड़े आदमी की गड़बड़ी की तरफ झांको भी मत, अपनी दोनों आंखें बंद कर लो क्योंकि आपने अपनी आंखें खोली और उस पर तरेरी तो समझ लो आपका काम डल गया, इसी तर्ज पर सिहोरा की एसडीएम एक विधायक के प्लांट की जांच करने क्या पहुंच गई विधायक जी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मेरे प्लांट की जांच ,ये एसडीएम समझती क्या है अपने आप को, तत्काल एसडीएम साहिबा को फोन लगाया और निर्देश दिए कि वापस लौट जाओ लेकिन लगता है एसडीएम साहिबा नई-नई आई थी उन्हें राजनीति के कायदे कानून शायद मालूम नहीं थे सो अड़ गई कि नहीं बिना जांच किया तो वापस लौटने वाली नहीं, विधायक जी ने और एक बड़े नेता से फोन करवा दिया लेकिन एसडीएम साहिबा तब भी नहीं मानी और जांच करके ही लौटी इधर वे जांच करके लौटी उधर उनका तबादला आदेश उनकी टेबल पर रखा मिल गया, उधर कलेक्टर साहब ने भी एक मिनट नहीं लगाया और तत्काल एसडीएम साहिबा को रिलीव भी कर दिया । इस घटनाक्रम के बाद अब एसडीएम साहिबा भी समझ गई होंगी कि अगर नौकरी करना है तो विधायकों, सांसदों, नेताओं के काम काज पर निगाह भी मत डालना वे आजकल धरती के भगवान से कम नहीं है, आपने उनसे पंगा लिया और आपकी लाई लुटी अपना तो यह मानना है कि जैसे ही कोई सरकारी अफसर भरती होता है उसे पहले से ही ऐसीद्य लिस्ट पकड़ा देना चाहिए कि इनके कामों में आपको कोई खलल नहीं डालना है वे कुछ भी करें लेकिन आप अपनी आंखें उनकी तरफ से मोड़ कर रखना उससे ये झंझट भी नहीं खड़ी होगी, ना तो अफसर जांच करने जाएगा ना तबादले का आदेश जारी करना होगा सब कुछ आराम से चलता रहेगा।

**सुपरहिट ऑफ़ द वीक**

श्रीमान जी के दोस्त ने उन्हें बताया कि मैं सुबह जल्दी उठकर रोज घूमने जाता हूं क्या आप भी जाते हो नहीं मैं सुबह उठकर कभी घूमने नहीं जाताश्रीमान जी ने कहा पर क्यों दोस्त ने फिर सवाल किया अरे भैया जब धरती खुद घूम रही हो तो मुझे घूमने की क्या जरूरत पड़ी है श्रीमान जी का उत्तर था।

**- चैतन्य भट्ट**

# समान नागरिक कानून किसके लिए और क्यों

कहते हैं कि बगिया में रंग-बिरंगे फूल हों तो वह खूबसूरत ज्यादा लगती है और यदि एक ही किस्म के फूलों से बाग भर दिया जाए तो एक समय के बाद उसकी रंगत ही नहीं बल्कि महक भी लोगों को आकर्षित करने में सफल नहीं रहती है। ऐसे में कुछ समय के लिए एकरुपता अच्छी हो सकती है, लेकिन दीर्घकाल के लिए इसे सही नहीं ठहराया जा सकता है। यह बात रही रंग-रुप और बाग-बगीचे की, लेकिन यहां हम बात कर रहे देश के नागरिकों के लिए समान नागरिक कानून की, क्योंकि दो राज्यों में इस विषय को लेकर चाय के प्याले में तूफान लाने जैसा कुछ किया जा रहा है। दरअसल भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने कैबिनेट में समान नागरिक संहिता मसौदे को मंजूरी प्रदान कर दी है, दूसरी तरफ असम सरकार आगामी विधानसभा सत्र में बहुविवाह प्रतिबंध विधेयक को पेश करने की तैयारी कर चर्चा में ले आई है। इन दोनों ही राज्यों के इस फैसले पर न सिर्फ देश में चर्चा हो रही है बल्कि अब विरोध के स्वर भी सामने आने लग गए हैं। सवाल यह है कि आखिर इन दो राज्यों को इस तरह समान नागरिक कानून मसौदा लाने और जनता के बीच इसे चर्चित करने की आवश्यकता क्यों आन पड़ी है? आखिर क्या वजह है कि इस पर केंद्र खामोश है और राज्य जल्दबाजी करते दिख रहे हैं?

इस मामले में विरोधियों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व वाली राज्य सरकारें इस समय वही कर रही हैं जो केंद्र चाह रहा है। असल में इसके जरिये आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मथने और साधने के लिए बहुसंख्यक मतदाताओं को लुभाने का काम किया जा रहा है। केंद्र ने इन मुद्दों को अपने नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के पाले में डालकर बड़ा खेल-खेला है। सच तो यह है कि यदि यह फार्मूला सफल होता है तो इसे लेकर अन्य राज्यों का भी रुख किया जा सकेगा और यदि विरोध के कारण फेल हो जाता है तो फिर इसे यहीं यह कहते हुए बस्ते में बंद कर दिया जाएगा कि यह समय उचित नहीं है इसे लागू करने के लिए या इस पर कदम आगे बढ़ाने के लिए। ऐसे में लोगों को समझना होगा कि आखिर समान नागरिक कानून किनके लिए और क्यों लाया जा रहा है, क्योंकि हर बात का विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आना किसी समस्या का हल नहीं हो सकता है।

इस पूरे मामले को लेकर एआईयूडीएफ के विधायक रफीकुल इस्लाम ने केंद्र पर निशाना साधा और कहा है कि भाजपा के पास पूरे देश में समान नागरिक कानून लागू करने का साहस ही नहीं है। बकौल रफीकुल इस्लाम भाजपा जानती है कि पूरे देश में यूसीसी लागू करना लगभग असंभव है क्योंकि यहां कई धर्म, जातियां और समुदाय हैं। इसलिए यह चुनाव से पहले भाजपा की महज जुमलेबाजी है। यह बहुत हद तक सही बात है कि उत्तराखंड में जिस समान नागरिक कानून के नाम पर लागू किया जा सकता है उसे ही पूर्वोत्तर के राज्यों में लागू नहीं किया जा सकता है। वहीं जो कानून उत्तर प्रदेश में आसानी से लागू किए जा सकते हैं, उन्हें गोवा या अन्य दक्षिणी राज्यों में लागू नहीं किए जा सकते हैं।

**-डॉ हिदायत अहमद खान**

# लांजी अनुभाग के लांजी-किरनापुर थानों का हुआ परिसिमन

## सहेकी, खाण्डाफरी, बगड़ी, भानेगांव एवं चिखलमाली लांजी थाने में शामिल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी पुलिस अनुभाग के थाना क्षेत्रो के ग्रामों के परिसिमन को लेकर मध्यप्रदेश गृह विभाग के द्वारा निर्देश जारी हुये थे जिसको लेकर पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी लांजी, विधायक लांजी किरनापुर, अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्रामीणजनों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिती में ग्रामों के परिसिमन को लेकर चर्चा की गई थी। जिसको लेकर जानकारी में बताया गया था की मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार वर्तमान में विभिन्न थाना क्षेत्रों के समीपस्थ ग्रामों को लेकर सीमा क्षेत्र का परिसिमन करना है ताकि थाना एवं चौकी की पुलिस शीघ्रता से उन ग्रामों में पंहुचे सके। वर्तमान परिदृश्य में ऐसे अनेकों ग्राम है जो कि संबधित थाना क्षेत्र के समीप है लेकिन उनका अधिकार क्षेत्र दुसरे थाना अन्तर्गत आता है ऐसे ही ग्रामो को हमें चिन्हित करना और उनका परिसिमन कर नजदीकी थाना क्षेत्र में शामिल करना है ताकि पुलिस को ग्रामों में पंहुचने में सहुलियत हो, जनता




आसानी से पुलिस थाने तक पंहुच सके उन्हे अधिक दुरी का सामना ना करना पड़े और कोई अवैध गतिविधियॉ हो रही है तो पुलिस शीघ्रता से कार्यवाही कर सके, कोई लॉ एण्ड आर्डर स्थिती हो तो पुलिस तुरंत एक्शन ले सके इन सभी विषयो को ध्यान में रखते हुये लांजी थाने में 5 समीपस्थ ग्रामो को शामिल किया गया है जिनमें सहेकी, खाण्डाफरी, बगड़ी, भानेगांव एवं चिखलमाली को लांजी थाने में शामिल कर लिया गया है। जिसका प्रकाशन भी मध्यप्रदेश राजपत्र में किया जा चुका है। लांजी अनुभाग के पुलिस थाना लांजी में 5 ग्रामों को शामिल किया गया है जो कि पहले बहेला एवं किरनापुर थाने में सम्मिलित थे। सर्वप्रथम किरनापुर थाने के अन्तर्गत ग्राम भानेगांव एवं चिखलामाली इन ग्रामों को किरनापुर थाना परिक्षेत्र से हटाकर पुलिस थाना लांजी में शामिल कर लिया गया है। इसी प्रकार पूर्व में बहेला थाने में शामिल ग्राम सहेकी, खाण्डाफरी एवं बगड़ी बहेला परिक्षेत्र मे थे इन्हे पुलिस थाना लांजी क्षेत्र में शामिल कर लिया गया है। अब इन ग्रामो के ग्रामीणों की पुलिस से संबंधी जो भी शिकायत होगी वे पुलिस थाना लांजी आकर शिकायत दर्ज करवा सकते है। उक्त थाना क्षेत्र के परिसिमन को लेकर लांजी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया ने अपील करते हुये कहा कि लांजी पुलिस अनुभाग अन्तर्गत आने वाले ग्रामों में जिसमें बगड़ी, खाण्डाफरी, सहेकी पुर्ववृत बहेला थाना अन्तर्गत आते थे वे लांजी थाने मे आयेंगे इसी प्रकार हमारे अनुभाग के ग्राम भानेगांव एवं चिखलामाली जो कि पूर्ववृत किरनापुर थाने में आते थे अब ये वर्तमान में लांजी थाना अन्तर्गत आ चुके है। अतः जिस भी व्यक्ति को शिकायत करना है कोई संबधित सूचना देना चाहते है वे लांजी थाने में संपर्क कर दे सकते है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम घोषित

लांजी (पद्मेश न्यूज)। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 के परीक्षा परिणाम जो कि गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित किया जाता है घोषित कर दिया गया है। लांजी विकासखण्ड में वर्ष 2023-24 में कुल 1043 परीक्षार्थी कक्षा 5 वी से महाविद्यालय स्तर परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। विदित हो कि परीक्षा में सम्मिलित तथा अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को राज्य, जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर नगद राशि से पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 23-24 में सम्मिलित परीक्षार्थीयों को गायत्री शक्तिपीठ लांजी में कार्यक्रम आयोजित कर नगद राशि पुरस्कार के रूप में दी जायेगी। परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले इस प्रकार है। जिला स्तर पर कु. नीलिमा राजकुमार ताण्डेकर पाली एकेडमी बिसोनी प्रथम, कु. दीक्षा आनंदराव सातपुते शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी द्वितीय एवं सतवन्ती समेलाल मरावी पाली एकेडमी बिसोनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह विकासखण्ड स्तर पर कक्षा पांचवीं से वैभवी चन्द्रशेखर खानोरकर शासकीय प्राथमिक शाला रामूटोला प्रथम, हेमा पारसनाथ सोलंकी शास. माशा बम्हनवाड़ा द्वितीय एवं शिवानी नरेंद्र भौतिक शास. माशा बम्हनवाड़ा तृतीय। कक्षा छठवीं से आरती चेतनदास बैठवार शास. माशा घंसा प्रथम, मयूर जियालाल लिल्हारे सरस्वती उमावि लांजी द्वितीय एवं नेहा उत्तम दशरिया शास. माशा घंसा तृतीय। कक्षा सातवीं से लाकेश महेश राउत शास. माशा घंसा प्रथम, चांदनी मनदास बिल्हारे शास माशा बापड़ी




द्वितीय एवं भावना जितेन्द्र उके शास माशा भानेगांव तृतीय। कक्षा आठवीं से साक्षी संतोष गौरेया शास कन्या उमावि लांजी प्रथम, सतंश्नई विजय कुथे शास माशा भानेगांव द्वितीय एवं जीतू सोमेश्वर हरिनखेड़े शास उत्कृष्ट उमावि लांजी तृतीय। कक्षा नवमी आकांक्षा रविन्द्र मेश्राम शास कन्या उमावि लांजी प्रथम, साक्षी संजय मेश्राम शास उमावि टेमनी द्वितीय एवं गौरी कपूरचंद लिल्हारे शास हाई स्कूल रिसेवाड़ा तृतीय। कक्षा दसवीं से मोहित जियालाल लिल्हारे शास उमावि मनेरी प्रथम, पूर्वी घोरमारे शास उमावि टेमनी, अनीशा बसंतकुमार पाण्डे शास उमावि लांजी तृतीय। कक्षा ग्यारहवीं से दीक्षा आनंदराव सातपुते शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी प्रथम, अदिति तिलकचंद उके शास उमावि लांजी द्वितीय एवं श्रेया भूपेंद्र शास उत्कृष्ट उमावि लांजी तृतीय। कक्षा बारहवीं से मनीक्षा दिनेश बागड़े शास उमावि मनेरी प्रथम, हरिप्रसाद मातरे शास उत्कृष्ट उमावि लांजी द्वितीय एवं टोकेन्द्र सूरजलाल सातपुते शास उत्कृष्ट उमावि लांजी तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा लांजी विकासखण्ड प्रभारी जी डी बेदरे ने विज्ञप्ति जारी कर दी है।

# ग्राम देवी माँ शीतला माता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

## भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर ग्रहण की महाप्रसादी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। माँ शीतला मंदिर जनकल्याण समिति के द्वारा नगर की ग्राम देवी माँ शीतला माता मंदिर में भगवान शिवलिंग एवं शिव परिवार प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम 2 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित किया गया था। तय कार्यक्रम के अनुसार लांजी नगर की ग्राम देवी माँ शीतला माता मंदिर भगवान शिवलिंग के साथ ही भगवान श्री गणेश, श्री कार्तिकेय एवं माता पार्वती की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। 2 फरवरी को प्रातः 11 बजे से श्री गणेश जी पूजन उपरांत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर मरार मोहल्ला, पुराना राम मंदिर, माता लंजकाई मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुये बस स्टैण्ड पंहुचेगी एवं यहां भिलाई रोड़ होते हुये वापस शीतला मंदिर में यात्रा का समापन होगा। इसी दिन शिवलिंग का जलाधिवास किया गया। दुसरे दिन 3 फरवरी को वेदी पूजन, अन्नाधिवास, रथ यात्रा, औषधी महा स्नान एवं सैय्याधिवास किया गया।





### 4 फरवरी को हवन पूजन महाप्रसाद के साथ संपन्न हुआ संपूर्ण आयोजन

भगवान शिवलिंग एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य पंडित उपेन्द्र नारायण गौतम आमगांव, महंत लक्ष्मीनारायणदास लांजी, पंडित विश्वनाथ तिवारी लांजी, पंडित अरविन्द्र मिश्रा लांजी, पण्डा राजेश कामरी एवं समिति के अध्यक्ष, सदस्यो द्वारा 4 फरवरी को उत्तर पूजन, न्यास प्राण प्रतिष्ठा, षोड़शोपचार हवन पूजन यज्ञ पूर्णाहुति कर महा आरती की जाकर संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। तदोपंरात मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया साथ ही महाप्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया जिसमे नगर के लोगो के द्वारा शीतला माता मंदिर पंहुचकर महाप्रसाद ग्रहण किया गया। इस दौरान माँ शीतला मंदिर जनकल्याण समिति अध्यक्ष अनिल पशीने, उपाध्यक्ष सुखराम कामरी, सचिव नन्दकिशोर कामरी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र बडघैया, सदस्य गण राजेन्द्र कामरी, कौड़ूलाल कचवाहे, चैतराम बड़मे, मेहतर कुचलाहे, विजय मोहारे, शिवम कामरी सहित पार्षद किशोर रामटेक्कर, विजय कुशले, मोतीचंद कलपुरे, राजकुमार कुशले, नंदलाल शेन्डे, अमिर भाई बन्देली, अरूण पशीने इनका भी भरपुर सहयोग उक्त आयोजन में रहा।

# दसवीं के विद्यार्थियों ने हल हिन्दी का पर्चा, आज से बारहवीं की परीक्षा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाऐं 5 एवं 6 फरवरी से प्रारंभ की गई है। जिसके तहत 5 फरवरी को कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा हिन्दी प्रश्न पत्र के साथ प्रारंभ हुई। 5 फरवरी को लांजी विकास खण्ड के 15 परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षाऐं आयोजित की गई। जिसके तहत लांजी विकासखण्ड के कुल 2691 छात्र छात्राओं में से 2689 विद्यार्थियों ने हिन्दी का पर्चा हल किया इनमें 11 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह आज 6 फरवरी को 12वी कक्षा के विद्यार्थी हिन्दी का पर्चा हल करेंगे। इनके लिये लांजी विकासखण्ड में 12 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये है। जिसमे कुल 2069 विद्यार्थी भाग लेंगे।




### प्रशासनिक अधिकारी भी कर रहे परीक्षा केन्द्रों का दौरा

कक्षा 10वी एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाऐं सुचारू रूप से संचालित किये जाने को लेकर एडवायजरी जारी की गई जिसमें यदि कोई भी व्यक्ति प्रश्न पत्र लीक अथवा उसके भ्रामक प्रचार प्रसार करता है पेपर आउट होने संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाता है तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा जिला कलेक्टर बालाघाट के द्वारा स्थानीय स्तर पर सभी प्रशासनिक अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के समय सभी केन्द्रों का जिन जिन को नोडल अधिकारी बनाया गया है वे भी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

# शासकीय आईटीआई पालडोंगरी में महिलाओं के अधिकार एवँ संरक्षण हेतु आयोजित हुई जागरूकता कार्यशाला

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय आईटीआई पालडोंगरी लांजी में महिलाओं के अधिकार और जागरूकता प्रदान करने संबंधित कार्यशाला का आयोजन 5 फरवरी को आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में मानवाधिकार संयोजिका एवं यूनेस्को कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती फिरोजा खान एवं आईटीआई के पूर्व प्राचार्य मोहसिन खान उपस्थित हुए। श्रीमती फिरोजा खान ने अपने महिलाओ के अधिकारों के प्रति जागृति, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग एवं बढ़ते मानव तस्करी के मामलों पर प्रकाश डाला आपने बताया कि वर्तमान समय में ग्रामीण अंचल की युवतियों को आसपास के करीबी लोग या सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से बने दोस्तों के माध्यम से रोजगार दिलाने के बहाने मानव तस्करी का कार्य कर रहे है। उन्हें किसी तरह से सतर्क रहने की आवश्यकता तथा सभी को संविधान मे प्रदत्त अधिकारों को जानना बहुत जरूरी है. मोहसिन खान द्वारा अपने वक्तव्य में छात्राओं के कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित जानकारी दी गई। आईटीआई में अपने समय के कार्यकाल को याद कर संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों के कुशल प्रशिक्षण की तारीफ की उन्होंने छात्रों से कहा कि कैरियर काउंसलिंग हेतु संस्था मे एक से एक विद्वान व्यक्ति मौजूद है, समय समय पर सभी का मार्गदर्शन लेते रहे। संस्था के प्राचार्य एस.आर. कुसराम द्वारा छात्राओं को उन्नति की नयी दिशा दिखाने, सही रास्तो का चयन करने संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया तथा इस जागरूकता कार्यशाला मे उनकी उपस्थिति हेतु आभार व्यक्त किया। संस्था मे अध्यनरत छात्राओं ने भी आतुर होकर इस जागरूकता कार्यशाला का भरपूर लाभ उठाया। इस कार्यक्रम को मंचीय स्वरुप प्रदान करने प्रशिक्षण अधिकारी आदर्श पटले एवं जालेन्द्र राणे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम मे कु. अनीता मेरावी एवं कु. स्वाति गनवीर आदि प्रशिक्षण अधिकारी मौजूद रहे।




# अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर गिरोह पकड़ाया

## साप्ताहिक बाजारों में पहुंच करते हैं मोबाइल चोरी, पुलिस ने 26 मोबाइल एवं चार पहिया वाहन किया जप्त

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी के साप्ताहिक बाजारों में विगत कई वर्षो मोबाईल चोरी की घटनाऐं घटित हुई है जिसको लेकर मोबाईल मालिकों के द्वारा बारंबार पुलिस थाना लांजी पंहुचकर शिकायत दर्ज करवाई गई है। लेकिन यह चोर गिरोह इतना शातिर था कि इनके द्वारा चोरी किये गये मोबाइलों को सायबर सेल तक नही पकड़ पाया और चोरी की घटनाऐं लगातार घटित होती रही। इसी तरह 4 फरवरी दिन रविवार को भी लांजी साप्ताहिक बाजार में चोरी की घटना घटित हुई जिसमें शिकायत कर्ता लिलेश्वर पिता विठ्ठलराव खानोरकर जाति कलार उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड क्रमाक 3 लांजी के द्वारा पुलिस थाना लांजी में मोबाईल चोरी के संबध मे रिपोर्ट दर्ज करवाते हुये बताया गया कि 4 फरवरी को दोपहर 3 बजे अपने बेटे खुशालचंद खानोरकर के साथ साप्ताहिक बाजार गया था। सामान खरीदते समय मै अपना वीवो टी-02 प्रो कपंनी का मोबाईल सामने शर्ट के जेब मे रखा था तभी शाम करीब 4 मेरे जेब मे रखा मोबाईल कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसकी कीमत 25 हजार रूपये है। बाद मे अन्य सामान खरीदते समय पता चला की बाजार में आये अन्य लोगो के भी मोबाईल जेब में रखे थे कोई अज्ञात चोरो के द्वारा करीब 21 हजार 500 रूपये कीमत का मोबाईल चोरी कर एक क्रमांक एम एच 40 बी जी 0442 से भाग गये है सभी लोगो के द्वारा पृथक पृथक आवेदन शिकायत दी गई। जिस पर लांजी पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 34/2024 धारा 379 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र से मोबाईल चोरी करने आते थे चोर- एएसपी विनोद मीणा

उक्त मोबाईल चोरी की घटना को लांजी पुलिस के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया एवं पुलिस की स्पेशल टीम तैयार कर मोबाईल चोर गिरोह को हिरासत में लिया गया है जिस संबध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के द्वारा प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी गई की मुखबिर से प्राप्त सूचना पर लांजी बाजार मे आये मोबाईल चोर चार पहिया वाहन क्रमांक एमएच 40 बीजी 0442 से बालाघाट मार्ग से किरनापुर की ओर जाना ज्ञात हुआ जिसकी सूचना पर पुलिस थाना लांजी से तत्काल स्पेशल टीम तैयार कर रवाना किया गया जिसको थाना किरनापुर की सहायता से हिरासत में लिया जाकर हिकमत अमली से पुछताछ की गई तो जिन्होने लांजी बाजार सहित, बालाघाट, नागपुर, किरनापुर, रजेगांव तथा भीड़ भाड़ वाले ईलाको से मोबाईल चोरी की घटनाओ को अंजाम देना स्वीकारा। जिनके कब्जे से चोरी के 26 मोबाईल एवं स्वयं के 5 मोबाईल सहित कुल 31 मोबाईल एवं एक चौपहिया वाहन केयूवी 100 क्रमांक एमएच 40 बीजी 0442 सहित कुल जुमला करीबन 12 लाख 50 हजार 500 रूपये जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी 1. सन्नी कुमार पिता बिरजु महतो जाति कुर्मी उम्र 25 वर्ष निवासी महाराज पुर नया टोला थाना तिलझरी जिला साहेब गंज झारखड, सारिफपुत्र वासे पिता मनोहर वासे जाति महार उम्र 42 वर्ष निवासी कन्हान कान्द्री तहसील पारसिवनी थाना कन्हान जिला नागपुर महाराष्ट्र, रोहित सुर्यवंशी पिता नंदप्रसाद सुर्यवंशी जाति महार उम्र 24 वर्ष निवासी कन्हान कान्द्री थाना कन्हान तह. पारसिवनी जिला नागपुर महाराष्ट्र, विक्रम कुमार पिता चण्डीमहतो जाति कुर्मी उम्र 28 वर्ष निवासी महाराज पुर नया टोला थाना तिलझरी जिला साहेब गंज झारखड तथा दो अपचारी बालक ऐसे कुल 6 आरोपियों को लांजी पुलिस ने हिरासत मे लेकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया तथा पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया।



### इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त मोबाईल चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में तथा उनको हिरासत में लेने पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर विनोद कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डाबर के मार्ग दर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लांजी सत्येन्द्र घनघोरिया के नेतृत्व में थाना प्रभारी लांजी दिनेश सोलंकी, थाना प्रभारी किरनापुर विजय सनस, एएसआई देवराज सिंह धुर्वे, तोपसिंह उईके, प्रआ मुकेश ठाकरे, प्रआ पवन मर्सकोले, आरक्षक नरेन्द्र सोनवे, आर चेतन सोनी, मनोज गुर्जर, चंचलेश यादव, भोलाराम ओसारी, विजय सिसोदिया, भूपेन्द्र नागवंशी, सचिन बुन्देला, राजेश कुर्राम एवं थाना किरनापुर प्रभारी सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्लॉट बेचना है
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

आवश्यकता है
होटल मेनेजर और सर्विस के लिए लड़के/लड़की की आवश्यकता है
संपर्क करें
होटल सिटी प्राइड
महाराष्ट्र बैंक के बाजू में, बालाघाट
मो.6263547121

मकान बेचना है
सावजी भोजनालय एवं मकान बेचना है
दुर्गा चौक, गर्रा
संपर्क-8965063084

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# 8 फरवरी के बाद फिर होंगे ट्रांसफर

## मुख्य सचिव वीरा राणा को सेवावृद्धि दिलाने की तैयारी

भोपाल। मुख्य सचिव वीरा राणा 31 मार्च को सेवानिवृत्त होंगी। मार्च में ही लोकसभा चुनाव की घोषणा भी प्रस्तावित है। इसे देखते उन्हें सेवावृद्धि दिलाने की तैयारी है। दरअसल, सरकार नहीं चाहती है कि चुनाव के समय मुख्य सचिव की नियुक्ति की गेंद चुनाव आयोग के पाले में जाए, इसलिए पहले ही प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा ताकि चुनाव की घोषणा से सेवावृद्धि प्रभावित न हो। उधर, आठ फरवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के तबादलों पर



लगी रोक भी हट जाएगी। इसके बाद फिर आइएएस अधिकारियों के तबादले होंगे।

सूत्रों के अनुसार सरकार मुख्य सचिव को अभी काम करने का और मौका देना चाहती है। विधानसभा चुनाव के समय इकबाल सिंह बैंस की सेवावृद्धि की दूसरी अवधि भी पूरी हो रही थी। इसे देखते हुए सरकार ने तीसरी बार सेवावृद्धि देने के स्थान पर प्रदेश में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ अधिकारी वीरा राणाको चुनाव आयोग की सहमति से मुख्य सचिव पद का प्रभार दिया।

मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने उन्हें पूर्णकालिक मुख्य सचिव बनाया। इसी बीच केंद्र सरकार ने 1988 बैच के ही आइएएस अधिकारी संजय बंदोपाध्याय की सेवाएं मध्य प्रदेश को लौटा दीं। सरकार ने उन्हें कर्मचारी चयन मंडल का अध्यक्ष बनाकर एक प्रकार से यह संदेश देने का काम किया कि वे मुख्य सचिव की दौड़ से बाहर है। दावेदारों में एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी विनोद कुमार को भी शुक्रवार को प्रशासन अकादमी को महानिदेशक बनाकर मंत्रालय से बाहर कर दिया। इन सभी कदमों से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार वीरा राणा को सेवावृद्धि दिलाएगी। इसके लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा और फिर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया जाएगा। वैसे भी वारा को इस पद पर काम करने का कम ही समय मिला है, इस आधार पर उन्हें सेवावृद्धि दी जा सकती है।

### आइएएस और राप्रसे अधिकारियों के होंगे तबादले

**आठ फरवरी को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार की जा रही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके साथ ही कलेक्टर सहित मतदाता सूची के काम में संलग्न अधिकारियों के तबादले पर रोक भी हट जाएगी। इसके बाद आइएएस और राज्य प्रशासनिक सेवा राप्रसे के अधिकारियों के तबादले होंगे। इसमें कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल हैं। वहीं, गृह विभाग द्वारा आइपीएस के साथ-साथ राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले होंगे।**

**सरकारी खजाने से 160 करोड़ स्कैम का मामला**

## पीएचक्यू ने दिए जांच के आदेश, अब तक 170 अधिकारी-कर्मचारियों पर हो चुकी है एफआईआर

भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी खजाने से 160 करोड़ से ज्यादा का घोटाला करने के मामले में वित्त मंत्री के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने जांच के आदेश दिए है। इसमें लेखा अधिकारी से लेकर डीडीओ के डिजिटल सिग्नेचर और ट्रांजैक्शन हिस्ट्री खंगालेंगे के भी अधिकार दिए गए है। बता दें कि एडीजी अनिल कुमार ने कोष और लेखा आयुक्त के एसओपी के तहत जांच करने के लिए निर्देश दिए है। इसमें गलत बिल, वाउचर और फर्जी बिल लगाकर 160 करोड़ से ज्यादा की राशि निकाल ली गई। मामले में अब तक 170 अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ स्नढ्ढक्र भी हो चुकी है। जांच में सामने आया कि विभागों में बैठे बाबुओं ने सरकारी खजाने से परिवार के सदस्यों के खाते में धड़ल्ले से रकम पहुंचाई है। 5 सालों की डाटा एनालिसिस के बाद कोष लेखा आयुक्त ने मामले का खुलासा किया था। प्रदेश में गबन के जो मामले सामने आए हैं, उनमें आहरण एवं कोषालय अधिकारियों की गंभीर लापरवाही रही है। आहरण अधिकारियों ने लॉगिन और पासवर्ड बाबुओं को दे दिए। आहरण कार्यालयों में बिल मंजूर करने का काम भी बाबुओं के हवाले था। जिसका बाबुओं ने फायदा उठाया और गबन कर पैसा परिजनों एवं परिचितों के खातों में डाला। आहरण अधिकारियों ने कर्मचारियों के बैंक खाता बदलने के अधिकार का जमकर दुरुपयोग किया। खाते बदलकर भविष्य निधि खातों से पैसा निकाला गया। अब आयुत कोष एवं लेखा ने इस प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। अब कर्मचारियों के बैंक खाते में परिवर्तन एवं विभागीय भविष्य निधि के बैलेंस में परिवर्तन कोषालय अधिकारी के अनुमोदन उपरांत ही संभव है।

## रास चुनाव:संभावित प्रत्याशियों के नाम को लेकर हुई चर्चा

**दो अप्रैल 2024 को पांच राज्य सभा सीटें हो रही है रिक्त**

भोपाल। मध्य प्रदेश से दो अप्रैल 2024 को पांच राज्य सभा सीटें खाली हो रही हैं। इन रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रत्याशियों के नामों पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार देर रात तक चर्चा हुई। बैठक में संभावित प्रत्याशियों के नाम को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंथन किया। दो दिन बाद सात फरवरी को फिर बैठक होगी, जिसमें पैनल बनाकर केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। इसके पहले मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से उनके आवास पर करीब बीस मिनट बैठक की। सूत्रों के अनुसार इसमें राज्य सभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बता दें कि मध्य प्रदेश से दो अप्रैल को राज्य सभा की पांच सीटें रिक्त हो जाएंगी। इनमें भाजपा से अजय प्रताप सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, कैलाश सोनी और डा. एल मुरूगन सदस्य हैं। जबकि, कांग्रेस से राजमणि पटेल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। 230 सदस्यीय विधानसभा में दलीय स्थिति के अनुसार भाजपा चार सदस्यों को राज्य सभा भेजने की स्थिति में है तो कांग्रेस एक सदस्य भेज पाएगी। भाजपा के विधायकों की संख्या 163 और कांग्रेस के विधायक 66 हैं। जबकि, एक विधायक भारत आदिवासी पार्टी से हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार देर रात चुनाव समिति की बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डा. सत्यनारायण जटिया, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डा. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, वरिष्ठ नेता डा. नरोत्तम मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, रामपाल सिंह एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने भाग लिया।

## कक्षा-10 के पेपर के संबंध में भ्रामक जानकारी देने वालों के खिलाफ एफआईआर

## साइबर पुलिस ने 5 व्यक्तियों को लिया हिरासत में

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी की परीक्षाएँ 5 फरवरी से 29 फरवरी, 2024 तक आयोजित हो रही हैं। आज कक्षा-10 का हिन्दी विषय का पेपर हुआ। इस पेपर को लेकर आज पेपर होने से पहले इंदौर एवं विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप पर हिन्दी विषय का प्रश्न-पत्र वायरल होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। जाँच में हिन्दी विषय का वायरल प्रश्न-पत्र मण्डल की बोर्ड परीक्षा के वास्तविक पेपर से मेल नहीं हुआ।

कतिपय असामाजिक तत्व माध्यमिक शिक्षा मण्डल परीक्षा के प्रश्न-पत्रों के वायरल करने संबंधी भ्रामक जानकारी देकर छात्रों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे



हैं। आज की घटना को लेकर साइबर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इसके बाद 5 व्यक्तियों को हिरासत में लिया।

**- बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों से अपील**

स्कूल शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा-10 और 12 बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रश्न-पत्र लीक संबंधी असत्य जानकारी से सावधान रहें। विभाग ने कहा है कि इस तरह की सूचना मिलने पर इसकी रिपोर्ट नजदीक के पुलिस थाने में तत्काल की जाये। विभाग ने विद्यार्थियों से तनावरहित माहौल में परीक्षा देने का आग्रह किया है।

**- हेल्पलाइन**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिये हेल्पलाइन शुरू की है। हेल्पलाइन के माध्यम से फोन करने वाले विद्यार्थियों की काउंसिलिंग कर उन्हें विशेषज्ञों द्वारा तनाव संबंधी उचित मार्गदर्शन देने की व्यवस्था की गई है। बोर्ड का हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-0175 प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक संचालित हो रहा है।

## 80 लाख की मशीन का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा मेडिकल कॉलेज

**-सरकारी फरमान के चलते कोरोना वेरिएंट का पता लगाने वाली**
**-डब्लूएचओ ने दी है 80 लाख रुपये की जिनोम सिक्रेसिंग मशीन**

भोपाल। कोरोना के वेरिएंट का पता लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज इंदोर को जिनोम सिक्रेसिंग कोड आई डी फिकेशन मशीन दी है मगर सरकार के फरमान के चलते मेडिकल कॉलेज अब इस मशीन का इस्तेमाल नही कर सकेगा।

कोरोना काल मे जब कोविड- 19 के नए नए वेरोएंट सामने आ रहे थे तब जिनोम सिक्रेसिंग के माध्यम से नए वेरिएंट का पता लगाने के लिए डब्ल्यू एच ओ लगभग 80 लाख की मशीन दी थी मगर उस मशीन का कभी इस्तेमाल इस लिए नही किया जा सका क्योकि मेडिकल कॉलेज की लेब में ट्रेंड टेक्निसियेशन नही था। अभी पिछले कुछ महीनों में जब जे एन .1 वेरिएंट ने देश के कुछ शहर और प्रदेशो में अपना असर दिखाना शुरू किया तो मेडिकल



कॉलेज ने मशीन शुरू करने के लिए अपने स्टाफ को ट्रेनिंग के लिये पूना भेजा मगर अब ट्रेंड स्टाफ के बावजूद भी मेडिकल कॉलेज अभी भी वेरिएंट का पता लगाने के लिए इंदौर के कोरोना मरीजों के सेम्पल भोपाल के एम्स हॉस्पिटल में भेज रहा है। इस मामले में मेडिकल कॉलेज डीन डॉक्टर सजंय दीक्षित का कहना है कि सरकार ने आदेश दिया है कि वेरिएंट का पता लगाने सम्बन्धित जांचे सिर्फ एम्स हॉस्पिटल में ही की जा सकेंगी। इसलिए अभी इंदौर से ही नही बल्कि सारे मध्यप्रदेश से कोविड वाले सेम्पल भोपाल एम्स में ही भेजे जा रहे है। जंहा से जांच की रिपोर्ट आने में लगभग 3 या 4 सप्ताह लग जाते है।

## दमोह घटना के दोषियों पर होगी कड़ी कार्यवाही - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में शांति और सौहार्द बनाए रखना सरकार की विशेष प्राथमिकता है। दमोह में कतिपय असामाजिक तत्वों ने कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास किया, जिसे पुलिस प्रशासन ने बखूबी संभाल लिया। घटना की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया संदेश में यह बात कही। उल्लेखनीय है कि दमोह के दमयंती नगर क्षेत्र में 03 फरवरी की रात लगभग 10 बजे बड़ी संख्या में असामाजिक तत्वों ने कोतवाली थाने का घेराव कर अनर्गल नारेबाजी की तथा कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया। कलेक्टर दमोह ने घटना के कारणों की मजिस्ट्रियल जाँच के आदेश दे दिये हैं।

## कमलनाथ ने 4 करोड़ राम नाम पत्रक अयोध्या भेजे

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने चार करोड़ 30 लाख राम नाम पत्रकों का पूजन कर अयोध्या के लिए रवाना किया। छिंदवाड़ा में अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कांग्रेस और मारुति नंदन सेवा समिति ने राम नाम पत्रक लेखन शुरू किया था। इसमें चार करोड़ 30 लाख राम नाम पत्रक भरे गए थे। इन्हें सोमवार को अयोध्या के श्री राम मंदिर के लिए रवाना किया गया। पत्रकों की पूजन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ ने की।

आपको बता दे की अयोध्या में जब प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, उसी समय छिंदवाड़ा में कांग्रेस द्वारा विशेष रूप से राम नाम पत्र को भरने का कार्यक्रम शुरू किया गया था।

4 करोड़ 30 लाख राम नाम पत्रक अयोध्या में विसर्जित किए जाएंगे। पहले इन पत्रक को प्रभु श्री राम के चरणों में अर्पित किया जाएगा उसके बाद इनका विसर्जन होगा।

## 108 की तर्ज पर चलेंगी एयर एंबुलेंस

भोपाल । मध्यप्रदेश में गंभीर मरीजों को एयर लिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस की तर्ज पर एयर एंबुलेंस मुहैया कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विमानन विभाग को संबंधित प्रस्ताव तैयार करने और टेंडर बुलाने के निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर जिलों में हवाई पट्टियों को दुरुस्त करने का काम भी किया जाएगा।

सीएम डॉ. यादव ने सोमवार को विमानन विभाग के अफसरों से कहा, प्रदेश में एक एयर एंबुलेंस हर समय तैयार रहे। यह गंभीर मरीजों को एक जिले से दूसरे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ पहुंचाने का काम करेगी। इससे उन लोगों को भी सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा, जो इनसे वंचित रह जाते हैं।

**तय हो रहे नियम और शर्तें**

विमानन विभाग के सचिव चंद्रमौलि शुक्ला ने बताया कि 108 सेवा की तरह एयर एंबुलेंस शुरू करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए जल्द ही टेंडर बुलाए जाएंगे। नियम और शर्तों को शासन की मंजूरी मिलते ही सेवा



शुरू की जाएगी।

**एयर एंबुलेंस पर डेढ़ से ढाई लाख का खर्च**

एयर एंबुलेंस का खर्च विमान, तय दूरी, मरीज की चिकित्सा स्थिति और अन्य आधार पर अलग-अलग होता है। आम तौर पर इस सेवा की लागत डेढ़ से ढाई लाख रुपए तक होती है। इसके किराये में उड़ान की लागत, चिकित्सा कर्मचारी, उपकरण और अन्य संबंधित खर्च शामिल हो सकते हैं। पायलट और विमान संचालन की लागत भी इसके अंदर लाई जाएगी।

**भारत में इन कम्पनियों के पास एयर एंबुलेंस**

आईसीएटीटी एयर एंबुलेंस- यह भारत की अग्रणी एयर एंबुलेंस प्रोवाइडर है, जो गंभीर बीमार या घायल रोगियों के लिए सुविधा देती है। कंपनी की स्थापना डॉ. राहुल सिंह सरदार और डॉ. शालिनी नलवाड ने की है।

ह्यूमन केयर वर्ल्ड वाइड- यह कंपनी गंभीर परिस्थितियों में या विशेष चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए चिकित्सा परिवहन सेवाएं देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काम करती है। इनके पास एडवांस टेक्नोलॉजी वाला विमान बेड़ा और ट्रेंड मेडिकल स्टाफ है।

स्काई एयर एंबुलेंस- यह भारत में इमरजेंसी मेडिकल केयर के साथ ट्रैवलिंग फैसिलिटी प्रोवाइड करती है।

एयर रेस्क्यूअर्स- 2016 में बनी यह कंपनी एयर एंबुलेंस के साथ चिकित्सा सहायता और ग्राउंड एंबुलेंस भी मुहैया कराती है।

ई एम एस ओ एस - ईएमएसओएस भी एयर एंबुलेंस सेवा प्रदाता है, जो गंभीर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों को सुविधाएं देती है।

स्टैनप्लस- स्टैनप्लस की एयर एंबुलेंस मुंबई, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलुरु और जयपुर सहित भारत भर के कई शहरों में संचालित होती हैं।

**सौसर में नकुलनाथ का बड़ा दावा**

## कमलनाथ ने इंदिरा गांधी से कहकर आदिवासियों को दिलाया था आरक्षण

भोपाल। पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे सांसद नकुलनाथ ने जिले के सौसर में एक बड़ा बयान दिया। नकुलनाथ की माने तो आदिवासी समाज को आरक्षण दिलाने में उनके पिता पूर्व सीएम कमलनाथ की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी से कहकर आदिवासी वर्ग को आरक्षण का लाभ दिलाया था। दरअसल नकुलनाथ अपने पिता कमलनाथ के साथ चार दिनों के प्रवास पर छिंदवाड़ा पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने सौसर में आमसभा के दौरान ये बड़ा बयान दिया। दरअसल अपने बयान में सांसद नकुलनाथ ये कहते नजर आ रहे हैं कि कमलनाथ ने हमेशा से ही आदिवासियों का ध्यान रखा है। कमलनाथ ने इंदिरा गांधी से निवेदन किया कि आदिवासियों के लिए एक कानून बनना चाहिए। कौन सा कानून, जिससे हमारे आदिवासियों की जमीन सुरक्षित रह सके। कमलनाथ ने कहा कि हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों को आरक्षण मिलना चाहिए। आज आपकी जमीन यदि सुरक्षित है कमलनाथ जी और इंदिरा गांधी की दे देन है। दरअसल नकुलनाथ सौसर में आमसभा लेने के लिए पहुंचे थे, जहां उन्होंने यह बड़ा बयान देकर आदिवासी समाज के आरक्षण को लेकर यह बयान दिया है।

सांसद नकुलनाथ के द्वारा सौसर की आमसभा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी और पूर्व सीएम कमलनाथ का जिक्र किया गया। लोकसभा चुनाव से पहले यहां उन्होंने आदिवासी समाज के बीच में यही संदेश देने की कोशिश की है कि आदिवासी समाज को जो आरक्षण दिया गया वो कमलनाथ और इंदिरा गांधी की देन है।

**विमानन विभाग को मुख्यमंत्री के निर्देश**

## गंभीर मरीजों को एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराएगी सरकार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में गंभीर मरीजों को जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 108 सेवा की तर्ज पर एयर एंबुलेंस की सेवा देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने इसको लेकर विमानन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने और टेंडर बुलाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद विमानन विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। इसे देखते हुए जिलों में हवाई पट्टियों को दुरुस्त रखने का काम भी किया जाएगा। सीएम डॉ. यादव ने विमानन विभाग के अफसरों से कहा है कि प्रदेश में एयर लिफ्ट करके गंभीर मरीजों को समय पर उपचार दिलाया जा सकता है और उनकी जान बचाई जा सकती है। इसलिए सरकार चाहती है कि प्रदेश में एक एयर एंबुलेंस हर समय तैयार रहे जो गंभीर मरीजों को एक जिले से दूसरे जिले या राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ पहुंचाने का काम कर सके। इससे लोगों की जान बच सकेगी। सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उन लोगों को भी आसानी से मिल सकेगा जो जरूरत होने पर राज्य सरकार की एंबुलेंस का लाभ लेना चाहते हैं। सचिव विमानन विभाग चंद्रमौलि शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि 108 सेवा की तरह गंभीर मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस की सेवा शुरू की जाए। इसलिए विभाग ने इसके लिए काम शुरू कर दिया है। विभाग इसके लिए टेंडर बुलाएगा और इसके बाद नियम व शर्तों को शासन की मंजूरी मिलते ही यह सेवा शुरू की जाएगी। उधर सूत्रों का कहना है कि सीएम की मंशा के बाद अब जिलों में संचालित हवाई पट्टियों की भी सेहत सुधरने की संभावना है क्योंकि मरीजों को लाने ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस हवाई पट्टी सही होने पर ही काम आ सकेगी। एयर एम्बुलेंस का खर्च विमान के प्रकार, तय दूरी, मरीज की चिकित्सा स्थिति और अन्य आधार पर अलग-अलग होता है। आम तौर पर एयर एम्बुलेंस सेवा की लागत डेढ़ से ढाई लाख रुपए तक होती है। एयर एम्बुलेंस की कीमत में उड़ान की लागत, चिकित्सा कर्मचारी, चिकित्सा उपकरण, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य संबंधित खर्च शामिल हो सकते हैं। एयर एम्बुलेंस सेवा की कीमत में पायलट और विमान संचालन की लागत भी शामिल हो सकती है।

**मोहन सरकार जल्द लेगी निर्णय**

## वन्यजीव के हमले में मुखिया की मौत पर परिजनों को पेंशन देने की तैयारी

भोपाल। वन्यजीव के हमले से परिवार के मुखिया की मौत होने पर राज्य सरकार परिवार को पेंशन देने की तैयारी कर रही है। यह पेंशन पांच साल तक देने पर विचार किया जा रहा है। वन मुख्यालय द्वारा भेजे गए इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

दरअसल, यह प्रस्ताव शिवराज सरकार में बनाया गया था। तत्कालीन वाइल्ड लाइफ वार्डन जसवीर सिंह चौहान ने इसका प्रस्ताव तैयार किया था। इसके साथ ही वन्यजीव के हमले से मौत होने पर मुआवजे की राशि चार लाख रुपये से बढ़ाकर आठ रुपये करने का भी प्रस्ताव था।

पूर्व सीएम ने की थी घोषणा

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वन्यजीव के हमले से मौत होने पर मृतक के परिजन को आठ लाख रुपये देने की घोषणा की थी। यह व्यवस्था लागू भी कर दी गई है, लेकिन पांच साल तक पेंशन देने के प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन सकी। अब नई मोहन सरकार में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। सहमति बनती है तो मृतक के परिजनों को पांच साल तक एक निर्धारित पेंशन देने का प्रावधान किया जा सकेगा। मुखिया की मौत पर आर्थिक तंगी से जूझता है परिवार वन्यजीव के हमले से परिवार के मुखिया की मौत हो जाने पर मुखिया पर निर्भर परिवार आर्थिक तंगी से जूझता है। इसलिए मृतक के परिवार को मानवीय दृष्टिकोण से पेंशन देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**वन्यजीव के हमले से पांच साल में 292 से अधिक लोगों की मौत**

मध्य प्रदेश में मानव-वन्यप्राणी द्वंद की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले पांच साल में वन्यप्राणियों के हमले में 292 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इन मामलों में स्वजन को मुआवजा दिया गया है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जंगल में पानी का इंतजाम, रेस्क्यू टीम का गठन जैसे कई प्रयास किए गए हैं, पर घटनाएं रुक नहीं रही हैं। इसे लेकर विधानसभा में भी कई बार सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में वन्यप्राणियों के हमले रोकने के लिए लंबे समय से प्रभावी योजना की मांग की जा रही है। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में बाघ के हमलों में सबसे ज्यादा आठ मौतें हुई थीं।

**महुआ और तेंदूपत्ता तोड़ने वाले ग्रामीण होते हैं शिकार**

बाघ-तेंदुआ सहित अन्य मांसाहारी वन्यप्राणियों के जंगल से बाहर निकलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। खासकर गर्मी के दिनों में पानी की तलाश में वन्यप्राणी जंगल से बाहर निकलते हैं और नजदीक की बस्ती में पहुंच जाते हैं। इस मौसम में महुआ और तेंदूपत्ता भी तोड़ा जाता है। इसलिए मानव और वन्यप्राणी द्वंद्व की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

## अब आडियो सिस्टम के लिए बनेंगे नोडल अफसर

भोपाल। मुख्यमंत्री के संभागीय बैठकों और जिलों में प्रवास के दौरान ली जाने वाली बैठकों में खराब साउंड (आडियो) सिस्टम से जीएडी (सामान्य प्रशासन विभाग) नाराज है। सीएम के कार्यक्रम में पिछली बैठकों में हुई किरकिरी के बाद अब जीएडी ने सभी कलेक्टरों और संभागायुक्तों को निर्देश जारी किए हैं कि मुख्यमंत्री की जिलों के प्रवास के दौरान होने वाली बैठकों और वीडियो कांफ्रेंसिंग संबंधी बैठकों में पूरी जिम्मेदारी प्रथम श्रेणी अधिकारी को सौंपी जाए। इस अधिकारी को व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित किया जाए ताकि आगे से ऐसी स्थिति नहीं बनने पाए।

कलेक्टरों से कहा गया है कि सीएम से संबंधित बैठकों के लिए बैठक व्यवस्था, आडियो सिस्टम, वीडियो सिस्टम, वीडियो कांफ्रेंसिंग व्यवस्था आदि के लिए जो नोडल अधिकारी बनाया जाएगा वह फर्स्ट क्लास से कम कैडर का नहीं होना चाहिए। यह नोडल अधिकारी बैठक से पहले सभी संबंधित विभागों से को-आर्डिनेशन करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। बैठक के पहले ड्राय रन का आयोजन किया जाएगा ताकि यह पता चल सके कि सभी सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। इसका निरीक्षण कलेक्टर भी कर सकते हैं। बैठक में शामिल होने वाले सभी अफसरों, प्रतिभागियों की संख्या को ध्यान में रखकर माइक की व्यवस्था भी करना होगी ताकि संवाद के दौरान किसी तरह का व्यवधान न होने पाए। बैठक में हर प्रतिभागी के नाम की पट्टिका रखना भी अनिवार्य किया गया है। साथ ही बैठक के मिनिट्स ड्राफ्ट करने और उसका अनुमोदन लेने के लिए भी कहा गया है। इसकी मानीटरिंग समय-समय पर संभागायुक्त भी करेंगे।

**सागर और चित्रकूट में हुई थी दिक्कत**

सीएम मोहन यादव की जनवरी माह में चित्रकूट में हुई राम वनगमन पथ न्यास की बैठक के दौरान साउंड सिस्टम खराबी सामने आई थी और इसके बाद अधिकारियों को मौके पर फटकार भी मिली थी। इसके बाद यही स्थिति सागर संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक के दौरान भी बनी थी। इसे देखते हुए जीएडी ने कलेक्टरों और संभागायुक्तों को व्यवस्था बनाए रखने में किसी तरह की गड़बड़ नहीं होने देने के निर्देश जारी किए हैं।

## अब एआई से रखी जाएगी गाडियों पर नजर

भोपाल। परिवहन विभाग सडक़ सुरक्षा और सुरक्षित परिवहन के लिए नए साल में नए प्रयोगों की तैयारी में है। राज्य में ड्राइविंग टेस्ट के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई का सहारा लिया जाएगा। इसके साथ ही एआई से लैस कैमरा वैलिड पॉल्यूशन सर्टिफिकेट न होने पर पीयूसी चालान भी काटेगा। राज्य में जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के जरिए ड्राइविंग टेस्ट लिए जाने की तैयारी हो रही है। सडक़ सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एआई टेस्ट लिया जाएगा। ऑटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक लाइसेंस के लिए जरूरी 24 पाइंट्स में से कम से कम सात का मूल्यांकन एआइ के जरिए होगा।

# सेमीफाइलन में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा

बेनोनी। अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में मंगलवार को भारतीय टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी पांच मैच जीते हैं ओर वह इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार बनकर उतरेगी।

भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों ने अब तक बेहतर प्रदर्शन किया है। बल्लेबाज जहां जमकर रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों ने भी अपनी ओर से विकेट लिए हैं। वहीं दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं।

भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन उन्होने बनाये हैं। वहीं सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी की बात करें तो बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट लिए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में वह तीसरे स्थान पर हैं।

वहीं राज लिम्बानी ने चार विकेट लिए हैं। सेमीफाइनल में भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना मफाका से टक्कर मिलेगी। मफाका ने पांच मैच में तीन बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए हैं और 18 विकेट के साथ वह इस टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** - उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावेली अवनीष राव, स्वामी कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्य शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी।

**दक्षिण अफ्रीका** - युआन जेम्स (कप्तान), एसोसा ऐहेवबा, रईक डेनियल्स, क्वेना मफाका, दीवान मराइस, नकोबानी मोकोएना, रिले नॉर्टन, रोमाशान पिल्ले, सिफो पोटसाने, एनटांडो जुमा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रिचर्ड सेलेट्सवेन, स्टीव स्टोक, डेविड टीगर और ओलिवर व्हाइटहेड।





# विश्वकप में धीमी पिच से हुआ भारतीय टीम को नुकसान - धवन

नई दिल्ली। अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन पिछले काफी समय से टीम से बाहर है। अब धवन का लक्ष्य आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर टीम में वापसी करना है। इस क्रिकेटर का कहना है कि वह अपनी टीम पंजाब किंग्स को जीत दिलाना चाहते हैं। धवन ने बताया कि उनके दिमाग में टीम से बाहर होने के कारण कोई भी नकारात्मक बात नहीं चलती है। वह केवल अपनी ओर से बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देते हैं। धवन ने इसके साथ ही भारतीय टीम की आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप में हार का कारण भी बताया है। साथ ही कहा कि उन्हें भारतीय टीम की हार का भरोसा नहीं हो रहा था। वह समझ नहीं पा रहे थे कि कैसे टीम फाइनल में हारी। धवन ने कहा, भारतीय टीम ने जिस तरह का शानदार खेल विश्व कप टूर्नामेंट में दिखाया था और फाइनल से पहले के सभी मैच जीते थे उसे देखते हुए कोई नहीं कह सकता था कि वह हार जाएगी। धवन ने कहा कि फाइनल मैच में पिच थोड़ी धीमी थी जिससे भी भारतीय टीम को नुकसान हुआ। इस बल्लेबाज का कहना था कि ऐसी पिच पर रन बनाना कठिन हो रहा था। इसी कारण मैच भारतीय टीम के हाथों से निकल गया।



# अश्विन ने बनाया रिकार्ड



विशाखापत्तनम। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। अश्विन ने यहां दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में तीन विकेट लेते ही ये उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली पारी में भी छह विकेट लिए थे। इस प्रकार मैच में उन्होंने कुल नौ विकेट लिए। इसी के साथ उनके इंग्लैंड के खिलाफ कुल 97 विकेट हैं गये हैं। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड बीएस चन्द्रशेखर के नाम था। चन्द्रशेखर ने 95 विकेट लिए थे जबकि पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले के नाम 92 विकेट थे।

# आर्चर के टी20 विश्व कप खेलने की संभावनाएं

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार रहस्यमयी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेल सकते हैं। आर्चर कोहनी की चोट के कारण पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं पर उनके इस टूर्नामेंट तक फिट होने की उम्मीदें हैं। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की 2019 में एकदिवसीय विश्व कप में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह पिछले साल मई से ही पेशेवर क्रिकेट नहीं खेल पाये हैं। आर्चर अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं और उनके खेलने से मुकाबले में अंतर पैदा होता है। ऐसे में इंग्लैंड के जीतने की उम्मीदें बढ़ जाएंगी।



दिसंबर में वेस्टइंडीज दौरे के समय उन्होंने सीमित ओवरों की टीम के साथ अभ्यास किया था पर वह खेल नहीं पाये थे। इंग्लैंड के क्रिकेट निदेशक रॉब की ने कहा,''हमारी योजना उसे टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है। हम इसके लिए उसे धीरे-धीरे तैयार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा,''मैंने उसे वेस्टइंडीज में गेंदबाजी करते हुए देखा था और वह इतनी अच्छी थी कि लग ही नहीं रहा था कि वह खेल से बाहर हो। मैं उसकी वापसी में कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता हूं।'' आर्चर फिट नहीं होने के कारण इस साल आईपीएल भी नहीं खेलेंगे क्योंकि वह अपनी फिटनेस को लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहते हैं। आर्चर अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं और उनके खेलने से मुकाबले में अंतर पैदा होता है।

# रोहित ने पकड़ा ओली का शानदार कैच, दर्शक हुए हैरान

विशाखापत्तनम। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा 36 साल के हो गये हैं पर उनकी फिटनेस अब भी शानदार बनी हुई है। रोहित भले ही इस सीरीज में अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं पर पर उन्होंने शानदार क्षेत्ररक्षण और कप्तानी की है। यहं दूसरे टेस्ट के चौथे दिन उन्होंने स्लिप में एक ऐसा कठिन कैच पकड़ा जिसे देखकर सभी हैरान रह गये। रोहित ने स्लिप में इस कैच को पकड़ने में केवल 0.45 सेकेंड का समय लिया। ये कैच इसलिए भी अहम है क्योंकि ये उसी ओली पोप का था जिसने भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट की दूसरी पारी में 196 रन बनाकर भारतीय टीम के हाथों से मैच छीन लिया था। ओली जब आउट हुए तब वह 23 रनों पर खेल रहे थे। उन्हें रोहित ने आर अश्विन की गेंद पर कैच किया। ओली के आउट होते ही भारतीय खेमे में खुशी की लहर छा गयी। इससे पहले इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में यशस्वी जायसवाल के 209 रन की बदौलत 396 रन बनाये जबकि दूसरी पारी में शुभमन गिल के शतक की सहायत से 255 बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 399 रनों का लक्ष्य दिया।

# हार्मिसन ने बुमराह और शमी की जमकर प्रशंसा की

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की जमकर प्रशंसा की है। हार्मिसन के अनुसार उन्हें इन दोनो को गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद है। इस पूर्व तेज गेंदबाज के अनुसार शमी ओर बुमराह के शानदार कौशल के कारण ही भारतीय टीम कठिन हालातों में भी एक बेहतर टीम बनकर उभरी है। शमी हालांकि टखने की चोट के कारण अभी तक इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में नहीं नहीं खेल पाए हैं। वहीं बुमराह ने रिवर्स स्विंग के जरिये दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। इस मैच में बुमराह ने घरेलू धरती पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शानदार गेंदबाजी की। हार्मिसन ने कहा, 'ये दोनों ही शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। यह उनके स्तर को दिखाता है। यदि आपके पास बेहतरीन कौशल है तो आप मुकाबले में बने रहेंगे, यही एंडरसन और बुमराह के पास है। ये दोनो ही अविश्वसनीय गेंदबाज हैं।



भारत में केवल एक टेस्ट खेलने वाले हार्मिसन कमेंटरी के लिए यहां आए हैं। वह सिराज की गेंदबाजी के भी प्रशंसक हैं। हार्मिसन जब खेलते थे तब भारत के पास अब की तरह विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज नहीं थे और हार्मिसन भारत में तेज गेंदबाजी के तेजी से विकास को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'बुमराह, शमी और यहां तक कि सिराज का कौशल शानदार है। मुझे उन्हें गेंदबाजी करते देखना पसंद है। उनके पास एक शानदार गेंदबाजी आक्रमण, शानदार स्पिन आक्रमण और सीम गेंदबाज हैं जो दुनिया में कहीं भी कहर ढ़ा सकती है। यही कारण है कि वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं।

# जून में टी20 विश्वकप जीत सकती है भारतीय टीम- कर्स्टन

केपटाउन। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि भारतीय टीम इसी साल जून में होने वाले टी20 विश्वकप को जीतने में सक्षम है। कर्स्टन के कोच रहते ही भारतीय टीम ने 2011 में एकदिवसीय विश्वकप जीता था। भारतीय टीम एक दशक से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है। इस पूर्व कोच का मानना है कि भारतीय टीम इस इंतजार को खत्म करने में सक्षम है और शायद इसी साल टी20 विश्व कप में वह जीत हासिल कर लेगी। भारतीय टीम के साथ 2008 से 2011 तक मुख्य कोच रहे कर्स्टन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि विश्व कप जीतना आसान है। बिलकुल भी नहीं। ऑस्ट्रेलिया ने जरूर दूसरी टीमों की तुलना में इसमें जीतने में की कला सीखी है पर भारतीय टीम भी विश्व कप में शीर्ष पर पहुंचने में सक्षम है। उन्होंने कहा, 'मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं होगी अगर भारतीय टीम जल्दी ही इस कमी को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के विश्व कप जीतने की संभावन है क्योंकि उसके पास ऐसा करने की क्षमता रखने वाले खिलाड़ी हैं। साथ ही कहा कि कप जीतने के लिये बहुत कुछ सही होना जरूरी है क्योंकि नॉकआउट मैचों में जिनमें कुछ भी संभव है।




# रघुराम अय्यर आईओए के सीईओ बने रहेंगे - उषा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने कहा है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्त किये गये रघुराम अय्यर को वह नहीं हटाएंगी। दिग्गज एथलीट रही उषा के अनुसार उन्हें अय्यर की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। साथ ही कहा कि उनकी नियुक्ति के लिए उन्होंने किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं डाला था। वहीं कहा जा रहा है कि अय्यर को नियुक्त करने से आईओए कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य खुश नहीं हैं और वे एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इसमें सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति को अमान्य करार दिया जाएगा। इससे पहले आईओए ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के लगातार दबाव को देखते हुए गत माह छह जनवरी को इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था पर उनकी नियुक्ति के कुछ सप्ताहों के



अंदर ही कार्यकारी परिषद में नाराजगी कायम हो गयी। कई सदस्यों ने कहा कि उषा ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति के लिए उन पर अनावश्यक दबाव बनाया था।

वहीं उषा ने इन आरोपों को गलत बताया था। कार्यकारी परिषद के 15 में से लगभग 12 सदस्यों ने तब कहा था कि अय्यर की नियुक्ति के लिए शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं ली गयी थी। वहीं इस आरोप को खारिज करते हुए उषा ने कहा, 'जब आप सही काम कर रहे होते हैं तो फिर चिंता नहीं करनी चाहिये। एक समारोह में उषा से सीईओ प्रकरण पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा, 'सीईओ काम कर रहे हैं। मैं पहले ही सही तरीके से नियुक्ति कर चुकी हूं और वह काम कर रहे हैं। वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों के कथित तौर पर उन्हें हटाने की इच्छा के बावजूद क्या वह अपना सामान्य कामकाज कर सकेंगे, उषा ने कहा, '' सौ फीसदी वह अपने पद पर बने रहेंगे। वह काफी अच्छे सीईओ हैं।

उन्होंने कहा, ''हम हमेशा चाहते थे कि आईओए में सीईओ पद पर एक प्रसिद्ध व्यक्ति अधिकारी हो जिससे खेलों के विकास में बड़े पैमाने पर सहायता मिल सकती है। मैं इसी तरह से सोच रही हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे सीईओ पर भरोसा है और वह अब जो कुछ भी कर रहे हैं, उस पर मुझे भरोसा है। इस समारोह में उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वह लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार पाने वाली पांचवीं खिलाड़ी हैं।

# तुर्की में महिला फुटबॉल कप में भाग लेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक तुर्की में होने वाले महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारतीय टीम के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें भी राउंड-रॉबिन प्रारूप में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट में हर टीम एक-दूसरे से एक बार खेलेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीमें विजयी घोषित की जाएंगी। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 21 फरवरी को एस्टोनिया से खेलेगी। इसके बाद उसे हांगकांग से 24 फरवरी जबकि कोसोवो से 27 फरवरी को खेलना है।



भारतीय टीम तीसरी बार इस टूर्नामेंट में भाग लेगी। उसने इससे पहले 2019 और 2021 में भी इसमें भाग लिया था। इस टूर्नामेंट के लिए अभ्यास करने नयी मुख्य कोच लैंगम चाओबा देवी की निगरानी में 10 फरवरी से भुवनेश्वर में टीम का एक सप्ताह का शिविर भी लगेगा। भुवनेश्वर में शिविर के लिए संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं- गोलकीपर- अंशिका, एलंगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरंगथम, श्रेया हुडा डिफेंडर- आशालता देवी लोइटोंगबम, अस्तम ओरांव, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, ममता, रंजना चानू सोरोखैबम, शिल्की देवी हेमम मिडफील्डर- अंजू तमांग, इंदुमति काथिरेसन, काजोल डिसूजा, कार्तिका अंगमुथु, कृतिना देवी थौनाओजम, मनीषा, पवित्रा मुरुगेसन, प्रियंगका देवी नाओरेम, संगीता बासफोर फॉरवर्ड- ग्रेस डांगमेई, ज्योति, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, काव्या पक्कीरिसामी, लिंडा कोम सर्टो, नेहा, प्यारी खाखा, संध्या रंगानथन, संजू, सौम्या गुगुलोथ।

# पूर्व पाक कप्तान बोला, पीसीबी में इस कारण काम नहीं करना चाहते कोच

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के तौर तरीकों की आलोचना करते हुए कहा है कि वह दूर तक की नहीं सोचती। इसी कारण उसे विदेशी ही नहीं देशी कोच भी नहीं मिल रहे। मिस्बाह साल 2019 से 2021 के बीच पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता रहे थे। उन्होंने इस पर भी नाराजगी जतायी कि पाकिस्तान क्रिकेट में खिलाड़ियों और कोचों को एक या दो श्रृंखलाओं में खराब प्रदर्शन के आधार पर हट दिया जाता है। इसके अलावा बोर्ड के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव के कारण भी उन्हें हटाया जाता है। एक स्थानीय टूर्नामेंट में हैदराबाद फ्रेंचाइजी को कोचिंग दे रहे मिस्बाह ने कहा कि अगर आप बोर्ड की नीतियों को देखें तो विदेशी कोच ही नहीं बल्कि हमारे स्थानीय कोच भी पीसीबी के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट को इतने अव्यवस्थित तरीके से चलाया जाना ठीक नहीं है। इसी जगह हमें टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनानी चाहिये थी। निराशाजनक बात ये है कि पीसीबी बोर्ड में बदलाव का प्रभाव नीचे तक पड़ता है जो सही नहीं है। ऐसे में खिलाड़ी अपनी जगह को असुरक्षित मानते हुए दबाव में खेलते हैं जिससे उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन उभरकर सामने नहीं आता। इसके अलावा खिलाड़ी टीम गेम की जगह पर व्यक्तिगत खेल पर ज्यादा ध्यान देने लगते हैं।

# एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड ने भारतीय महिला हॉकी टीम को हराया

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम को इस मुकाबले में नीदरलैंड ने 1-3 से हराया। इस मुकाबले में नीदरलैंड की ओर से यिब्बी जानसन ने तीसरे ओर 34 मिनट में गोल किये। वहीं फे वैन डेर एल्स्ट ने 21 वें मिनट में एक गोल दागा। वहीं भारतीय टीम की ओर से एकमात्र गोल नवनीत कौर ने खेल की शुरुअत में ही 9 वें मिनट में दाग दिया। जानसन ने डच टीम को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत की नवनीत ने एक गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

दूसरा क्वार्टर शुरू होते ही नीदरलैंड ने टीम ने हमला बोला पर वह गोल में सफल नहीं हुई। तब पिएन डिके का शॉट पोस्ट से टकराकर दूर चला गया। पहले हाफ के समाप्त होने तक स्कोर 2-1 रहा।

नीदरलैंड ने तीसरे क्वार्टर में भारत पर दबाव बनाया जिसका लाभ उसे मिला और पेनल्टी कॉर्नर के जरिये जानसन ने गोल कर अपनी टीम को 3-1 की बढ़त दिला दी। चौथे क्वार्टर में खेल लंबा खिंच गया और दोनों टीमों ने लगातार अवसर हासिल किये पर वे गोल नहीं कर पायीं।

# 34 साल के हुए भुवनेश्वर




मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे मध्यम तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सोमवार को 34 साल के हो गये। इस अवसर पर उन्हें साथी क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने बधाइयां दी हैं। भुवनेश्वर भारतीय टीम के साथ ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उत्तर प्रदेश की ओर से भी खेलते हैं। भुवनेश्वर ने भारतीय टीम की ओर से सभी प्रारुपों में 229 मैच खेलते हुए 294 विकेट लिए हैं।

भुवनेश्वर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन साल 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ रहा था जब उन्होंने 31 ओवर में 2.64 की इकोनॉमी की दर से 6 विकेट लिए थे। साल 2016 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 33 रन देकर 5 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर ने साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वहीं एशिया कप 2022 में उन्होंने टी20 प्रारुप में शानदार गेंदबाजी दिखाते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 4 रन देकर पांच विकेट लिए थे। भूवी के नाम से लोकप्रिय यह गेंदबाज अपनी स्विंग गेंदबाजी के कारण जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 106 रनों से हराया, सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी

विशाखापत्तनम। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 106 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेला पहला टेस्ट जीता था जबकि यहां भारतीय टीम जीती है। मैच के चौथे दिन जीत के लिए मिले 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में 292 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार भारतीय टीम को मैच में 106 रनों से जीत मिली है। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में जैक क्राउली ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाये पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। क्राउली के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाया। विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फोक्स ने 36 और स्पिन ऑलराउंडर टॉम हार्टले ने भी 36 रन बनाये। कप्तान बेन स्टोक्स 11 रन बनाकर रन आउट हुए, जॉनी बेयरेस्टो 26 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिये जबकि अक्षर पटेल, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।



इस मैच में भारतीय टीम की जीत में यशस्वी जायसल , शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह की अहम भूमिका रही। यशस्वी ने जहां पहली पारी में दोहरा शतक लगाया, वहीं शुभमन ने दूसरी पारी में शतक लगाया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए।

इससे पहले आज सुबह एक विकेट पर 67 रनों से आगे खेलते हुए क्रॉली के अर्धशतक से इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लंच तक 194 रनों के अंदर ही छह विकेट खो दिये। चौथे दिन क्रॉली ने आक्रामक पारी खेली। इस बल्लेबाज ने 132 गेंदों पर 8 चौकों और एक छक्के की सहायता से 73 रन बनाए। वहीं भारतीय टीम की ओर से आर अश्विन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिए। आज चौथे दिन शुभमन गिल चोटिल होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे। उनकी जगह सरफराज खान क्षेत्ररक्षण के लिए उतरे।

वहीं इससे पहले तीसरे दिन भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में दूसरी पारी में 255 रन बनाकर आउट हो गयी। भारतीय टीम को इस मैच में पहली पारी के आधार पर 143 रनों की बढ़त हासिल थी। इस प्रकार उसी कुल बढ़त 398 हो गयी। भारतीय टीम ने इस मैच में अपनी पहली पारी में यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की सहाता से 396 रन बनाए थे जबकि मेहमान टीम को जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में छह विकेट लेकर 253 रनों पर ही रोक दिया था। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम के पास 143 रन बढ़त थी। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में स्पिनरों ने खास दबाव बनाये रखा टॉम हार्टले ने 4 जबकि रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। इस प्रकार इन दोनो ने कुल 7 विकेट लिए। वहीं दो विकेट जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर ने लिए।

दूसरी पारी में भारत की ओर से शुभमन के अलावा अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाये।

वहीं पहली पारी में इंग्लैंड की टीम तेजी से रन बना रही थी पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तेजी से 2 विकेट लेकर मेहमान टीम को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद स्पिनर कुलदीप यादव ने बेन डकेट को 21 रन पर काउट कर दिया। जैक क्राउली ने दूसरे छोर से तेजी से रन बनाना जारी रखा और 11 चौके और 2 छक्के लगाये पर बुमराह ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को 5 रन और ओली पोप को 23 रनों पर पवेलियन भेजकर इंग्लैंड की टीम को करारा झटका दिया।

दूसरे सत्र में क्राउली ने आक्रामक पारी खेलकर अपनी टीम को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने कुलदीप पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। क्राउली और डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को 6 ओवर में बिना किसी नुकसान के 32 रन पर पहुंचा दिया था। डकेट ने तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों को जमकर पीटा और शुरुआती दो ओवरों में ही 22 रन बटोरे। इससे पहले भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 336 रन से आगे खेलते हुए कल के स्कोर में 60 रन बनाये और वह लंच से पहले सिमट गयी। यशस्वी ने 290 गेंद में 209 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 19 चौके और सात छक्के लगाये।

# नीतिश को पटखनी देने चक्रव्यूह रच रहे लालू, जदयू में फूट की तैयारी

## -12 को बहुमत परीक्षण के दौरान खेला करने की तैयारी



पटना। वर्तमान में बिहार और झारखंड के राजनीति में उठा पटक का दौर चल रहा है। हालांकि, झारखंड में चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने सोमवार को अपना बहुमत हासिल कर लिया है। लेकिन बिहार में बहुमत को लेकर 12 फरवरी को परीक्षण होना है। हाल में नीतीश कुमार ने महागठबंधन से नाता तोड़कर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली थी। राज्यपाल को 128 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा गया था। सत्ता से बाहर होने के बाद राजद लगातार नीतीश कुमार की मुश्किलें पैदा करने की कोशिश में है और लालू यादव इसके लिए रणनीति भी तैयार कर रहे हैं। यही कारण है कि बहुमत परीक्षण से पहले आरजेडी गुट की ओर से दावा हो रहा है कि बिहार में खेला होगा।

वर्तमान में सत्ता पक्ष के पास 128 विधायकों का समर्थन है। भाजपा के 78, जदयू के 45, जीतन राम मांझी की पार्टी हम के चार और एक निर्दलीय विधायक है। वहीं, दूसरी ओर महागठबंधन वाले विपक्ष में विधायकों की संख्या 115 है। यानी कि सरकार बनने से महज 7 कम की दूरी पर तेजस्वी यादव खड़े हैं। इसकारण खुद तेजस्वी को सीएम बनाने के लिए लालू यादव जोड़-तोड़ की राजनीति में लगे हुए हैं। भले ही बिहार में सरकार से बाहर होने के बाद राजद ने आक्रामक रवैया नहीं दिखाया हो। लेकिन कहीं ना कहीं लालू यादव पर्दे के पीछे जबरदस्त तरीके से रणनीति बना रहे हैं। इसी रणनीति के तहत चार विधायकों वाली पार्टी हम के संरक्षक जीतन राम मांझी को लालू ने सीएम बनाने का निमंत्रण तक दे दिया था। इसके बाद में जब तक बिहार में शक्ति परीक्षण नहीं हो जाता तब तक खेल की संभावनाएं लगातार बरकरार है।

लालू के पक्ष में जो एक बात सबसे ज्यादा जा रही है वह यह है कि स्पीकर अवध नारायण चौधरी उनकी पार्टी के हैं। वहीं सरकार एनडीए की बन चुकी है। बावजूद इसके उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है। इसकारण स्पीकर के जरिए लालू शक्ति परीक्षण के दौरान कुछ कूटनीति को अंजाम दिलवा सकते हैं। हालांकि, नीतीश फिलहाल चौधरी को अपदस्थ करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा चुका है। लेकिन मांझी एनडीए खेमा से नाराज दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उनके ऊपर भी सभी की निगाहें हैं।

दावा किया जा रहा है कि लालू ने जदयू के कई विधायकों से संपर्क किया है। साथ ही मांझी को भी साधने की कोशिश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब बहुमत परीक्षण का वक्त आएगा तब जदयू के कुछ विधायकों को लालू यादव अनुपस्थित करा सकते हैं जिससे कि बहुमत परीक्षण का आंकड़ा कम हो जाएगा और मामला उनके पक्ष में आ जाएगा। हालांकि यह वह चर्चाएं हैं जो पूरी तरीके से राजनीतिक गलियारों में तैर रही हैं। आधिकारिक तौर पर क्या प्लान बना है, इसका खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि सत्ता पक्ष की ओर से बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस के कई विधायक उनके संपर्क में है।

# गांव चलो अभियान में भाजपा नगर मंडल की कार्यशाला संपन्न



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा नगर मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया। भाजपा कार्यालय वारासिवनी में नगर मंडल की गांव चलो अभियान की कार्यशाला में जिला प्रवक्ता अभय कोचर, नगर मंडल अध्यक्ष दीप चैहान ,जं.प. अध्यक्ष श्रीमती माया उईके, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, जिला मंत्री किरण शर्मा, नगर संयोजक आलोक खरे ,सह संयोजक आशुतोष कोहाड़ ,श्रीमती नीतू अग्रवाल,न्याज अली की मौजूदगी में कार्यशाला प्रारंभ की गई। राष्ट्रीय भाजपा के निर्देश पर भाजपा प्रत्येक बूथो पर ५१ प्रतिशत मत हासिल करने की दिशा में मजबूत कदम बडा रही है। ४ मई से ११ मई तक ग्राम चलो अभियान की शुरूवात कर दी गयी है। जिसमें प्रत्येक बूथ पर बूथ संयोजक, सह संयोजक, प्रवासी कार्यकर्ता २४ घंटे निवास कर पार्टी के सिद्वांतो व कार्यो से ग्रामीण व नगरवासीयो को अवगत करायेंगे। अभय कोचर ने बताया की लोकसभा चुनाव की दृष्टि से समस्त कार्यकर्ताओं को अपने नगरीय क्षेत्र के वार्डो में भ्रमण कर लाभार्थीयो, वरिष्ठजनो व सामाजिक कार्यकर्ताओ से संपर्क एवं संगठन की सरंचना की पूर्णता की जानकारी एकत्र करना है। साथ ही जनता को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराना है। इस दौरान श्रीमती प्रीति शिव नपा उपाध्यक्ष, श्रीमती रितू आलोक खरे,श्रीमती मधू सुनील जायसवाल, श्रीमती दीपा प्रवीण रूसिया, श्रीमती ललिता लोकेश ठाकरे, प्रवीण डोंगरे, धर्मू जोशी, संदीप मिश्रा, मोनू लिमजे, मदन धार्मिक, शैलेश पारधी, योगेश व्यास, सुनील पिपरेवार, मनीषा पिपरेवार, सोनू जायसवाल, विक्की ऐडे, मनोज दांदरे, लोकेश ठाकरे, योगेश देवेश्वर, बालू जैवार उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने राज्यसभा में पेश किए संशोधन विधेयक सहित तीन विधेयक

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन विधेयक सहित तीन विधेयक पेश किए। जिसमें कुछ अपराधों में जेल की सजा के प्रावधान को हटाकर उनके स्थान पर अर्थदण्ड का प्रस्ताव किया गया है। दो अन्य विधेयक संविधान संशोधन विधेयक हैं जो आंध्र प्रदेश एवं ओड़िशा से संबंधित हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक के 1974 के मूल कानून में संशोधन का प्रस्ताव है।

सदन में सोमवार को जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने दो संविधान संशोधन विधेयक पेश किए। उनके द्वारा पेश किए गए संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 में आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की सूची में संशोधन का प्रस्ताव है। इसमें आंध्र प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों की सूची में कुछ नई जातियों को जोड़ने का प्रावधान है।

# मापदंडों के अनुरूप नही हो रहा आरसीसी नाली निर्माणकार्य



किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत किरनापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत आमगांव के पोषित ग्राम कोतरी मे पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए ग्राम कोतरी के वार्डो में आरसीसी नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। लेकिन अधिकारी व इंजीनियर के निरीक्षण नही करने के चलते ठेकेदार ध ?ल्ले से लाखों रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाया जा रहा हैं। अधिकारियों के निर्माण कार्यों के समय निरीक्षण नही होने के चलते ठेकेदार निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है और गुणवत्ताविहीन कार्यों को करवाया जा रहा है। यह मामला नाली निर्माण कार्य का है। जहां ठेकेदार नाली निर्माण के लिए लोहे की रॉड (सरिया) डालने मे कमी की जा रही हैं। नाली निर्माण ने स्टिमेंट के अनुसार सिमेंट नही डालकर नाली निर्माण किया जा रहा है। वार्डवासियों के कहने पर भी गुणवत्ताविहीन कार्यों को करवाया जा रहा हैं। वहीं निर्माणाधीन नाली में पानी भी नहीं डाला जा रहा हैं। कहा: जाता है की निर्माण कार्य के कुछ् ही दौरान पानी डाली गई है,,इसके चलते नालियों में दरारें आने लगी हैं, दरारों को छुपाने उसके ऊपर सीमेंट लगाकर लीपा पोती की जा रही हैं। सहीं मापक को छोड़कर अपने हिसाब से मोटा पतला आड़ा तिरछा नाली बनाई जा रही है। कुछ जगहों पर तो छड़ दिखाई दे रहे है। वही अधूरी भी दिखाई दे रही है,ना हि पंचायत अधिकारी द्वारा पारदर्शिता किया जा रहा है।जिसका किसी प्रकार से लागत का पता नही ना हि नाली निर्माण के दूरी भी छुपा ई जा रही है।कहा जा रहा है कि पंचायत के अधिकारी व इंजीनियर के द्वारा निर्माण कार्यों का निरीक्षण नहीं करने से ठेकेदार के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य को किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत पहुचे तो देखा की चपरासी की सिवाय अधिकारी का ठिकाना नही था वाही दूरभाष से सचिव द्वारका चौधरी वार्तलाप करने पर सही जानकारी नही दी गई ।

### सारे नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए नाली निर्माण

नाली निर्माण में होने वाले सरिया को न तो सेंटर प्वाइंट में डाला जा रहा है और न ही स्टिमेंट के तहत बेस किया जा रहा है। राशि का बंदरबाट करने ,सारे नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए नाली निर्माण का कार्य जारी है।जिससे नाली निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है।वही जिस अधिकारी कर्मचारी को इस महत्वपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दिया गया है।वे भी अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह सब अधिकारी के देखरेख में नाली निर्माण में कमिशन का खेल चल रहा हो और तो और निर्माण कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार से सूचना बोर्ड नही लगाया गया है।जबकि शासन द्वार स्पस्ट निर्देश दिए है की निर्माण कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ होने से पहले नागरिक सूचना बोर्ड लगाया जाए ताकि आम जनता को पता चल सके की शासन ने किस काम के लिए कितना राशि स्वीकृत किए है।

### इनका कहना है

**मेरे द्वारा आर सी सी नाली निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को कार्य अच्छा करने के लिए समझाया गया है लेकिन वह समझ नहीं रहा है।मेरे पास डीडी पावर नहीं है अब सरपंच और रोजगार सहायक जानते बैठे मैं सिर्फ समझा सकती हूं। समझना या ना समझना उनके ऊपर है।**

**द्वारका चौधरी,**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत आमगांव**

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में सोमवार को हर्ष उल्लास के साथ ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। आयोजन में लगभग 140 वयोवृद्ध नाना-नानी एवं दादी-दादियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जिनका स्वागत संस्था के प्राचार्य पंकज कुमार जैन एवं प्रधान अध्यापक चित्रसेन ठाकरे एवं समस्त प्राथमिक शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में विविध मनोरंजन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें उपस्थित वयोवृद्ध पालकों के लिए खेलकूद के अंतर्गत छुक छुक रेलगाड़ी जैसे खेल का आयोजन किया गया वहीं कक्षा तीसरी के बच्चों ने नृत्य के माध्यम से अपने बाल्य जीवन में ग्रैंडपेरेंट्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में कक्षा पांचवी अ के बच्चों ने नृत्य के माध्यम से दादा दादी के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त की। वहीं पांचवी ब के बच्चों द्वारा कविता पाठ किया गया। साथ ही कक्षा दूसरी ब की छात्रा आरोही शाह ने बांग्ला भाषा में संभाषण किया। पूर्व प्राचार्य स्कूल शिक्षा विभाग श्री मेश्राम द्वारा संयुक्त परिवार की परिभाषा, शिक्षक की परिभाषा एवं बच्चों के बाल्यकाल में ग्रैंडपेरेंट्स की भूमिका के बारे में बताया गया।

# बरनावा में दरगाह नहीं, लाक्षागृह की जमीन, मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

बागपत। उप्र के बागपत जिले में हिंडन और कृष्णा नदी के संगम पर बसे बरनावा गांव स्थित ऐतिहासिक टीला महाभारत का लाक्षागृह है या शेख बदरुउद्दीन की दरगाह व कब्रिस्तान को लेकर 53 वर्षों से न्यायालय में चल रहे वाद पर सोमवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बरनावा में दरगाह नहीं, लाक्षागृह की जमीन करार देते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दीं। प्राप्त विवरण के मुताबिक बरनावा के रहने वाले मुकीम खान ने वर्ष 1970 में मेरठ की अदालत में दायर किए वाद में लाक्षागृह गुरुकुल के संस्थापक ब्रह्मचारी कृष्णदत्त महाराज को प्रतिवादी बनाया था। इसमें मुकीम खान और कृष्णदत्त महाराज दोनों का निधन हो चुका है। दोनों पक्ष से अन्य लोग वाद की पैरवी कर रहे हैं। जिला अलग हो जाने के बाद अब यह मामला सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम की कोर्ट में चल रहा था। वहीं, दोनों पक्षों के लोग अपने-अपने वकीलों के माध्यम से कोर्ट में साक्ष्य भी प्रस्तुत कर रहे थे। मामले में कोर्ट से मौके का मुआयना कराने की भी अपील की गई थी। वाद में कोर्ट द्वारा फैसला सुनाने के लिए पिछले कई महीने से जल्द तारीख लगाई जा रही थी। इस मामले में सोमवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया और मुस्लिम पक्ष की याचिका को निरस्त कर दिया गया। कोर्ट में पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर ये माना गया कि वहां दरगाह व कब्रिस्तान की ज़मीन किसी भी जगह राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है।

# जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश

जम्मू। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से स्थानीय निकाय कानून संशोधन विधेयक पेश किया। वर्तमान में संसद का बजट सत्र चल रहा है, जो कि नौ फरवरी को समाप्त होगा। जम्मू-कश्मीर में स्थानीय निकायों से संबंधित कानून में संशोधन के प्रस्ताव वाला एक विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री राय ने 'जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024' प्रस्तुत किया। विधेयक में जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

# विधायक ने परेशान किसानों की समस्या सुनी



कटंगी(पद्मेश न्यूज)। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद भुगतान के लिए अब भी किसानों को परेशान होना पड़ रहा है. इस बात की जानकारी मिलने पर विधायक गौरव सिंह पारधी सोमवार की शाम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के दफ्तर पहुंचे और परेशान किसानों की समस्या सुनी. इस दौरान उन्होंने बैंक कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. दरअसल, सुबह से बैंक में भुगतान बांटे जाने की प्रक्रिया जारी होने के बाद भी शाम तक बैंक के बाहर करीब 400 किसान मौजूद थे. जिन्हें देखकर विधायक ने अचानक से बैंक का निरीक्षण किया. विधायक ने बताया कि पिछले 10 दिनों से लगातार अधिक से अधिक भुगतान बैंक को मिले इसके प्रयास किए गए बैंक को जहां पहले 40 लाख रुपए प्रतिदिन मिल पा रहा था वहीं अब यह राशि बढ़कर 01 करोड़ तक पहुंच गई है. इतनी बड़ी रकम महानगरों से आती है. वाहन समय पर नहीं आने के कारण थोड़ी दिक्कत हो रही है. इस समस्या को दूर करने के लिए बालाघाट प्रबंधक से चर्चा की जाएगी. बैंक प्रबंधक को सोसायटीवार किसानों को भुगतान करने के लिए कहा गया है अभी बैंक के बाहर किसानों के बैठने के लिए व्यवस्था नहीं है इसलिए कोशिश की जाएगी कि शीघ्र ही बैंक का नया भवन बनकर तैयार हो।

# झाड़-फूंक के नाम पर तांत्रिक ने ली जान

सिंगरौली । मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में झाड़-फूंक की एक खौफनाक वारदात सामने आई है। तांत्रिक झाड़ फूंक करते हुए बलुआ से अपने समधी का सिर धड़ से अलग कर दिया है। घटना के एक घंटे बाद सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दरअसल मृतक समधी लंबे समय से बीमार था। आरोपी को शंका थी कि समाधि के ऊपर भूत प्रेत का साया है। ऐसे में आरोपी के साथ मृतक सूनसान स्थान पर झाडफूंक करा रहा था। यह खौफनाक वारदात जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के सूदा गांव की है। पुलिस ने आरोपी के घर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# 10 होस्टल्स में आजीविका मिशन के उत्पादों के साथ प्रारम्भ होगा पायलट प्रोजेक्ट



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जनजाति कार्य विभाग और आजीविका मिशन के साथ छात्रावासों के लिए एक पायलेट प्रोजेक्ट स्टार्ट करने के निर्देश दिए है। इसके लिए उन्होंने जनजाति कार्य विभाग से 10 छात्रावासों की सूची मांगी है। इसमें दो विभाग मिलकर बाडार का आंकलन करेंगे। जो सामग्री छात्रवासों के लिए जरूरी है। उनका आंकलन करेंगे कि आजीविका मिशन क्या-क्या सामग्री उपलब्ध करा सकेंड़ जनजाति कार्य विभाग और ग्रामीण आजीविका मिशन के पीओ को निर्देश टीएल बैठक के दौरान दिए। बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा करते हुए उन्होंने विशेष पिछड़ी जाति के लिए बनने वाले सामुदायिक भवन के लिए एसडीएम बैहर एसडीएम विवेक केवी को भूमि चिन्हाकंन कर अवगत कराने के निर्देश दिए है। परसवाड़ा में 50 लाख रुपये की लागत से बैगा जनजाति के लिए शासन ने सामुदायिक भवन स्वीकृत किया है। इसके अलावा कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष पिछड़ी जाति के हितग्राहियों को पीएम जन-मन योजना में 7 हजार महिलाओं को कनेक्शन देने के सम्बंध में डीएसओ ज्योति बघेल से जानकारी ली। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि अब तक 1200 के कनेक्शन जारी हो चुके हैम जबकि बचें कनेक्शन के लिए शिविर आयोजित किये जाने लगे है। इस सम्बंध में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एसडीएम बैहर को जेएसओ के आदेश जारी कर निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में सभी जिला अधिकारियों सहित अनुभागीय अमला गूगल मीट के माध्यम से टीएल बैठक में जुड़ा।

### 50 दिनों से लंबित शिकायतों का निराकरण नही होने पर बीएमओ पर होगा जुर्माना

टीएल बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 50 दिनों से लंबित शिकायतों की जानकारी ली। जानकारी में आया कि एक सप्ताह में इस पर विभाग की कोई प्रगति नही हुई है। उन्होंने शिकायतों का आंकलन कर फाइन करने के लिए फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बीएमओ पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा। इसके अलावा महिला बाल विकास व पंचायतीराज में भी शिकायतों का निराकरण नही होने पर फाइन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विभिन्न स्त्रोत से शिकायती पत्रों व जनसुनवाई में प्राप्त पत्रों को टीएल के लिए मार्क किये गए पत्रों की समीक्षा की। समीक्षा में जनजाति कार्य विभाग राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विभागों के पत्रों की जानकारी ली। सोमवार से प्रारम्भ हुई बोर्ड की परीक्षाओं के संचालन के सम्बंध में सभी एसडीएम व शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि मंडल के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मोबाइल के प्रतिबंध पर ज्यादा फोकस होकर निरीक्षण के लिए कहा।

### विभागों से मांगा रिक्त पदों की जानकारी

बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी विभागों से कहा कि विभागों में अंशकालिक तौर या श्रमिक की आवश्यकता की जानकारी मांगी है। जिसमें दिव्यांगजन को आवश्यकता के अनुसार रिक्त पदों पर नियुक्त कर सकें।

# ग्राम मोरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




लामता(पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय लामता की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत मोरिया में क्षेत्रीय निर्देशक मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ डॉक्टर अशोक श्रोती, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ.आर के विजय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा आरडीवीवी जबलपुर जिला संगठक डॉक्टर निर्मल चक्रधर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता वैद्य के निर्देशानुसार कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डुलेश्वरी टेंभरे के मार्गदर्शन में दिनांक 04 /02 /2024 से 10/02/ 2024 तक लगाया गया है। सर्वप्रथम प्रात: 11ः00 बजे जन भागीदारी अध्यक्ष विनोद बोथरा जी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शिविरार्थियों को शिविर स्थल की ओर रवाना किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत मोरिया में दोपहर 2ः00 बजे सरपंच श्रीमती श्याम कला इंदुरकर के मुख्य आतिथ्य जन भागीदारी अध्यक्ष विनोद बोथरा की अध्यक्षता उप सरपंच कीर्ति पुरी गोस्वामी समाज सेवी सुनील श्रीवास, ग्रामीण जन महाविद्यालय से डॉक्टर वंदना दीक्षित श्रीमती राजेश्वरी त्रिपाठी राज देशमुख की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर 7 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया और शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। उक्त शिविर में 28 लड़कियां 22 लड़के 5 वरिष्ठ स्वयंसेवक पांच ग्रामीण स्वयंसेवक कुल 60 स्वयंसेवक ने भाग लिया है। शिविर प्रभारी योगेश तुरकर शिविर नायक विकास बिसेन शिविर नायिका ललिता मरकाम और शिविर का मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डुलेश्वरी टेंभरे के द्वारा किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन स्वच्छता के आधर पर लगाया गया है। शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, एड्स के प्रति जागरूकता, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, कैरियर मतदान जागरूकता कार्यक्रम आदि करवाए जाएंगे।

## सावधान ! नगर में फिर सक्रिय हुआ मोबाईल चोर गिरोह ?

# एक दर्जन से अधिक लोगों के मोबाइल पर किया हाथ-साफ

### अज्ञात चोरों ने फिर उठाया इतवारी बाजार की भीड़ का फायदा

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। यदि आप भीड़ भाड़ में घूमना पसंद करते हैं या ऐसी जगह जाना पसंद करते हैं जहां काफी ज्यादा भीड़भड़ हो तो सावधान हो जाइए। क्योंकि नगर में इन दिनों एक ऐसा चोर गिरोह सक्रिय है जो रात के अंधेरे या सुनसान जगहों पर नहीं ,बल्कि भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। ताजा मामला एक बार फिर इतवारी बाजार से सामने आया है। आजकल इतवारी बाजार की भीड़ का फायदा उठाकर चोर, बाजार आने वाले लोगों की जेब साफ करने में लगे है। जहां सबसे ज्यादा चोरी, मोबाइल फोन की हो रही है। इतवारी बाजार परिसर में हो रही चोरी कि इन वारदातों के बीच रविवार 04 फरवरी को किन्हीं अज्ञात चोरों ने करीब एक दर्जन से अधिक मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि रविवार को इतवारी बाजार में सब्जी खरीदने के लिए कुछ लोग गए थे जिसमें से करीब एक दर्जन लोगों के मोबाइल चोरी हो गए।**



#### करीब एक दर्जन से अधिक लोगों के हुए मोबाइल चोरी

बताया जा रहा है कि वार्ड नंबर 28 विवेकानंद कॉलोनी निवासी नंदलाल पिता आशाराम धनवानी गर्रा में शिवम राइस मिल के नाम से राइस मिल का संचालन करते हैं ।जो रविवार को इतवारी बाजार सब्जी लेने के लिए गए थे। जो शर्ट के जेब में मोबाइल रख सब्जी खरीद रहे थे कि अचानक उनके जेब में रखा मोबाइल अज्ञात चोर चुरा कर भाग गया। जहां उन्होंने आसपास खड़े लोगों से मोबाइल के संदर्भ में पूछताछ की लेकिन मोबाइल का कहीं भी पता नहीं लगा। जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली पुलिस से की है। इसी तरह वार्ड नंबर 23 दीनदयालपुरम बालाघाट निवासी अश्विनी पिता एसके दीक्षित प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं जो रविवार को इतवारी बाजार में सब्जी लेने गए थे उनका भी मोबाइल शर्ट में रखें जेब से किसी ने चुरा लिया। जिसकी रिपोर्ट उन्होंने कोतवाली थाना में दर्ज कराई है। इसके अलावा वार्ड नंबर स्थित 21 सोंगापथ निवासी रविकांत पिता उमाशंकर प्रसाद नेमा जो की प्रॉपर्टी डीलर है वह भी रविवार को इतवारी बाजार में सब्जी लेने गए थे। शर्ट के ऊपर जेब में उन्होंने अपना मोबाइल रखा था ।जहा भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात चोर ने उनका मोबाईल चुरा लिया। जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है ।इनके अलावा ऐसे करीब एक दर्जन से अधिक लोग हैं जिनके मोबाइल इतवारी बाजार से चोरी होने की शिकायत कोतवाली पुलिस को मिली है। जहां फरयादी से मिली शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### बे-खौफ वारदातों को अंजाम दे रहे आरोपी

बताया जा रहा है कि जब मोबाइल गुम होने की जानकारी लोग एक दूसरे को देने लगे और जब उन्होंने गुम हुए मोबाइल का पता लगाना शुरू किया तो उन्हें जानकारी लगी की वह पहले व्यक्ति नहीं है जिनकी जेब से मोबाइल चोरी गया हो, बल्कि अन्य लोगों के मोबाइल भी चोरी गए हैं वही यह भी जानकारी लगी की इतवारी बाजार में ऐसी घटनाएं अक्सर घटती रहती है ।रविवार को दिन में लगने वाले बाजार में दिन दहाड़े, लोगों के बीच चोरो की वारदात हो जाना इस बात की ओर इशारा करता है कि कुछ अज्ञात चोर योजनाबद्ध तरीके से भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और उनमें पुलिस का खौफ नहीं है। शायद यही वजह है कि आए दिन भीड़भाड़ वाले इलाकों में चोरी की वारदात सामने आ रही है ।गौर करने की बात यह है कि इतवारी बाजार परिसर में आए दिनों मोबाइल की चोरी हो रही है लेकिन अब तक पुलिस, एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। कुल मिलाकर कहे तो पुलिस की निष्क्रियता के चलते ही अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और वे आए दिनों इतवारी बाजार की भीड़ का फायदा उठाकर लगातार मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

#### उधर दो आपचारिक बालक सहित 6 लोगों को लांजी पुलिस ने किया गिरफ्तार

एक ओर बालाघाट नगर के इतवारी बाजार में एक ही दिन एक दर्जन से अधिक मोबाइल चोरी होने का यह मामला प्रकाश में आया है, तो वही दूसरी ओर लांजी पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान जप्त किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों में दो आपचारिक बालक सहित 6 लोगों का समावेश है ।बताया जा रहा है कि सभी आरोपी झारखंड और नागपुर के रहने वाले हैं जिनके पास से अलग-अलग कंपनियों के 31 मोबाइल फोन एक चार्जर, एक पावर बैंक सहित चोरी की अन्य सामग्रियां जप्त की है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि बालाघाट इतवारी बाजार में एक ही दिन में एक दर्जन से अधिक चोरियों में भी इन आरोपियों का समावेश हो सकता है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले को लेकर आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। जहां पुलिस द्वारा जल्द ही मोबाइल चोरी की इस वारदात का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है।

# बोर्ड परीक्षा हुई शरू

### दसवीं का 21752 परीक्षार्थियों ने हल किया हिंदी का पर्चा

### नहीं बना जिले में नकल प्रकरण, आज होगा 12वीं बोर्ड का हिन्दी पेपर

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं अब शुरू हो गई है जिसमें 5 फरवरी को जिले में कक्षा दसवीं का हिंदी प्रश्न पत्र का छात्र-छात्राओं द्वारा पर्चा हल किया गया, वही कक्षा 12वीं का 6 फरवरी को 18228 छात्र-छात्राएं जिले में हिंदी प्रश्न पत्र का पर्चा हल करेंगे , वहीं कक्षा दसवीं का प्रश्न पत्र छात्र-छात्राएं द्वारा जिले में शांतिपूर्वक पर्चा हल किया गया, कहीं भी जिले में नकल प्रकरण नहीं बनाए गए हैं पूरी पारदर्शिता के साथ शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने बोर्ड परीक्षा आयोजित करवा रही है, वही प्रश्न पत्र हल करने के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा चर्चा में बताया गया की हिंदी विषय का प्रश्न पत्र काफी सरल आया था और उन्होंने सहजता से हिंदी प्रश्न पत्र का पर्चा हल किया है एवं उम्मीद जाता रहे हैं कि आगे की भी प्रश्न पत्र इसी प्रकार सरल आए। आपको बता दे की माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो गई है। 05 फरवरी को दसवी बोर्ड का प्रथम प्रश्नपत्र हिन्दी का पर्चा जिले के 133 परीक्षा केन्द्रो में परीक्षार्थियो ने हल किया। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी अनुसार दसवी की परीक्षा में दर्ज 22 हजार 333 परीक्षार्थियो में 21752 परीक्षार्थियों ने हिन्दी का पर्चा हल किया। जबकि 481 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षाओं की गोपनियता और पेपर आउट होने जैसी घटनाओं के मद्देनजर इस वर्ष शासन और माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए है। इस बार प्रश्नपत्रो को शील्ड में पैक किया गया है। जो परीक्षा के निर्धारित 8.30 बजे थाने से परीक्षा केंद्र पहुंचें। थान से परीक्षा केन्द्र तक प्रश्नपत्र के पहुंचने तक प्रशासनिक प्रतिनिधि, केन्द्राध्यक्ष के साथ रहे। जिसकी प्रशासनिक प्रतिनिधियो ने ऑनलाईन ऐप में जाकनारी फीड की। हालांकि कुछ स्थानों पर नेटवर्क नहीं मिलने पर यह कार्य ऑफलाईन भी किया गया। जब हमारे द्वारा दसवीं कक्षा के छात्र सत्यम, फरहान खान, तनवी लिल्हारे , यश ,पल्लवी बोपचे से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि हिंदी विषय का प्रश्न पत्र काफी सरल आया था और उन्होंने जिस प्रकार तैयारी की थी उससे भी सरल हिंदी का प्रश्न पत्र आया था तो वहीं कुछ छात्र-छात्राओं ने यह भी बताया कि जो तैयारी उन्होंने की थी उस प्रकार से प्रश्न पत्र नहीं आया, तो उन्हें लग रहा है की आने वाले प्रश्न पत्र और भी कठिन आएंगे , तो वहीं कुछ छात्राओं ने यह भी कहा कि जिनके द्वारा परीक्षा



की अच्छे से तैयारी की गई थी उनके लिए पेपर कठिन नहीं बल्कि सरल है अलग-अलग छात्र-छात्राओं द्वारा अपने अलग-अलग विचार प्रश्न पत्र को लेकर दिए गए किंतु सभी ने यही कहा कि यदि अच्छी तैयारी करते हैं तो पेपर अच्छा ही बनता है।

#### 06 फरवरी को होगा बारहवी हिंदी का पेपर

06 फरवरी से बारहवी बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ होगी। जिसमें दर्ज 18228 परीक्षार्थियों के लिए जिले में 119 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। 06 फरवरी को बारहवी बोर्ड का पहला पर्चा हिन्दी का होगा। जिसमें निर्धारित समयावधि में परीक्षार्थियों को केन्द्र पहुंचना होगा।

#### उड़नदस्ता दल करेगा परीक्षा केंद्रो की निगरानी

परीक्षा के सुचारू संचालन और नकल को रोकने के लिए बोर्ड, प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग और आदिवासी विकास द्वारा उड़नदस्ते दल का गठन किया गया है। जो परीक्षा की निगरानी करेंगे। इस दौरान जो भी परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा जाएगा, उसका नकल प्रकरण बनाया जाएगा।

## रेत से भरे ट्रैक्टर को मालिक और चालक वन गश्ती दल को जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती छुड़ा ले गये

### परियोजना परिक्षेत्र लामता के अंतर्गत ग्राम खैरी के जंगल घटना, ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध अपराध दर्द

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । वन क्षेत्र से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के चलते परियोजना परिक्षेत्र लामता के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 665 बीट धापेवाड़ा, जरेरा ग्राम खैरी से रेत का अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को छोड़कर जहा ट्रैक्टर चालक भाग खड़ा हुआ वहीं ट्रैक्टर चालक ने मालिक के साथ आकर वन गश्ती दल को जान से मार डालने की धमकी देकर रेत से भरे ट्रैक्टर को जबरन छुड़ा ले गये। यह घटना 4 फरवरी को सुबह 8ः20 बजे हुई। कोतवाली पुलिस ने इस क्षेत्र के बीट प्रभारी वनरक्षक अनिल कुमार मड़ावी 41 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर ट्रैक्टर मालिक कमलेश वल्द रंगलाल पिछोड़े और चालक नाटू लिल्हारे ग्राम भटेरा निवासी के विरुद्ध वन कर्मचारियों के शासकीय कार्य के दौरान जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना परिक्षेत्र लामता के अंतर्गत आने वाले जंगलों से रेत का अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए 4 फरवरी को उच्च अधिकारियों के निर्देशन में वनरक्षक अनिल कुमार मरावी अपने वन अमले के साथ वन गस्ती कर रहे थे। सुबह 8ः20 बजे खैरी से लगे वन क्षेत्र के अंदर से एक ट्रैक्टर एमपी50 एए 1669 कक्ष क्रमांक 665 से जा रहा था। इस गश्ती दल द्वारा ट्रैक्टर को रोका गया। ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को रोका किन्तु तुरंत ही मौके पर ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। इसके कुछ देर बाद ट्रैक्टर चालक नाटू लिल्हारे ट्रैक्टर मालिक कमलेश पिछोड़े के साथ आया एवं वन गश्तीदल ने इन लोगों से रेत का परिवहन करने की रॉयल्टी रसीद मांगी तथा परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे गए। ट्रैक्टर मालिक कमलेश पिछोड़े द्वारा मौके पर किसी भी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए और उल्टे वन गश्ती दल को गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी देने लगे। कमलेश पिछोड़े ट्रैक्टर चालक नाटू लिल्हारे के साथ रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को मौके से जबरदस्ती छुड़ा लेगये। इस प्रकार कमलेश पिछोड़े एवं नाटू लिल्हारे ग्राम भटेरा निवासी द्वारा अवैध रुप से रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जप्ती कार्यवाही के दौरान शासकिय कार्य में बाधा उत्पन्न कर ट्रैक्टर ट्राली को जबरदस्ती छुड़ा ले गये ।वन रक्षक अनिल कुमार मड़ावी द्वारा की गई रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने कमलेश पिता रंगलाल पिछोड़े एवं नाटू लिल्हारे दोनों ग्राम भटेरा निवासी के विरुद्ध धारा 353 186 506 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। जिसकी विवेचना सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार नागेश्वर द्वारा की जा रही है।


URJENT REQUIREMENT work location -Gondia (M.H.)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | CIVIL ENGINEER (diploma and digree) | BUILDING |
| | | PIPELINE |
| 2 | HDPE AND DI pipe LINE FITTER | |
| 3 | SITE SUPERWISER | BUILDING |
| | | PIPELINE |
| 4 | COMPUTER OPERATOR | |
| 5 | ACCOUNTANT | |
| 6 | CIVIL CONTRACTOR | OVER HEAD WATER TANK |
| 7 | JCB,110,200, TRUCK, TRACTOR, AJAX, ROLLER, OPERATOR REQUIED | |

CONACT:- 7385307182

SHARMA TECHNOCRAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY
ADMISSION OPEN
Add : Dharam Jewellers, 1st Floor, Hanuman Chowk Balaghat, Harsh Jugal Sharma, 9244215491, 7898262428
IDNT
Industrial Diploma in Network Technology
100% JOB GUARANTEE
Jetking
Any Graduate/Under Graduate can enroll to get 100% Job Gurantee
हमारी संस्था आपको देगी 100% जॉब की गारंटी
DCA
PGDCA
TALLY
CENTER OPENING ON 14th FEBRUARY 2024
100% Job Gurantee by BALAGHAT JETKING INFORMATION CENTER
B.COM
BBA
BCCA
BSC
MA (All Subject)
MBA
M.COM
MSc
Run By - New Achievement Education & Welfare Society Balaghat (Reg. JBP/9611)

आवश्यकता है

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल से मान्यता प्राप्त संस्थान में निम्न पदों की आवश्यकता है -

| पदनाम | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| • कम्प्यूटर लेंग्वेज शिक्षक | -03 पद | MCA/BE(cs) |
| • कम्प्यूटर लेब शिक्षक | -02 पद | BCA, MSc(cs) |
| • कम्प्यूटर शिक्षक | -01 पद | BCA, MSc(cs) |
| • कम्प्यूटर ऑपरेटर | -02 पद | डिग्री / डिप्लोमा Online Work |
| • भृत्य / चपरासी | -02 पद | 12वीं |
| • ऑफिस ब्वॉय | -01 पद | 10वीं |
| • सफाई कर्मचारी | -01 पद | 10वीं |

टीप - वेतन, अनुभव व योग्यतानुसार 7000/- रु. प्रतिमाह
यूनिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी
भटेरा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट
Mo. 9406764413, 07632-356492




SHARMA TECHNOCARAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY
शर्मा टेक्नोकैरेट इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
WE ARE HIRING
आवश्यकता है
1.TEACHER/TRAINER -
1 POST FOR COMPUTER HARDWARE AND NETWORKING
टीचर कम्प्युटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग के लिए
वेतन - योग्यतानुसार + प्रोत्साहन
SALARY - AS PER QUALIFICATION + INCENTIVE
2.MARKETING EXECUTIVE - 2 POST
SALARY - AS PER QUALIFICATION + INCENTIVE+PETROL
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव - 02 पद
वेतन - योग्यतानुसार + प्रोत्साहन + पेट्रोल
3.ACADEMIC COUNSELLOR - 1 POST
REQUIRED FEMALE CANDIDATE SHOULD BE CONFIDENT
SALARY + INCENTIVE + MOBILE
एकेडेमिक काउंसलर - 01 पद
आवश्यकता है कि महिला उम्मीदवार आत्मविश्वासी होनी चाहिए
वेतन + प्रोत्साहन + मोबाइल
4.RECEPTIONIST - 1 POST
REQUIRED FEMALE CANDIDATE SHOULD BE CONFIDENT
SALARY + INCENTIVE + MOBILE
रिसेप्शनिस्ट - 01 पद
आवश्यकता है कि महिला उम्मीदवार आत्मविश्वासी होनी चाहिए
वेतन + प्रोत्साहन + मोबाइल
CONTACT (संपर्क करें)
SHARMA TECHNOCARAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY
शर्मा टेक्नोकैरेट इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
HARSH JUGAL SHARMA 9244215491,7898262428
Email harsh.sharma816@gmail.com





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट